आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* वीर सावरकर जयंती
* ईद-उल-अजहा”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 132 | उज्जैन, गुरुवार 28 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 12 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव, 90% भारत कवर करेगी

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90% हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है। मौसम विभाग ने 26 मई को मानसून पहुंचने का अनुमान लगाया था, लेकिन यहां नमी कमजोर होने से मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। वहीं, दक्षिण-मध्य अरब सागर में चक्रवाती सर्कुलेशन से भी बादल कमजोर हुए हैं। यूरोप की मौसम एजेंसी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स ने सैटेलाइट, समुद्री और वायुमंडलीय डेटा को मिलाकर भारत में 15 दिनों की बारिश का पूर्वानुमान निकाला है।

### बायजूस के फाउंडर रविंद्रन को 6 महीने जेल की सजा

**नई दिल्ली।** देश की पहली बड़ी एजुकेशन टेक कंपनी बायजूस के मालिक बायजू रविंद्रन को सिंगापुर की एक अदालत ने 6 महीने की जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने पाया कि रविंद्रन ने अपनी प्रॉपर्टी से जुड़े जरूरी कागजात छिपाए और अदालत के आदेशों को नहीं माना, जिसे 'कोर्ट की अवमानना' माना गया है। सिंगापुर कोर्ट के मुताबिक, रविंद्रन अप्रैल 2024 से लगातार अपनी संपत्तियों से जुड़ी जानकारी देने के आदेशों को नजरअंदाज कर रहे थे। जब उन्होंने बार-बार अदालत की बात नहीं मानी, तो कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया और जेल भेजने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने रविंद्रन को तुरंत अधिकारियों के सामने सरेंडर करने को कहा है।

### रणवीर सिंह के सपोर्ट में उतरी इंडस्ट्री



**चंकी बोले- मुझे भी बैन किया, मैंने ये झेला, मनोज बाजपेयी बोले-उम्मीद है हल निकले, अशोक पंडित ने सफाई दी**

**मुंबई।** फरहान अख्तर की डॉन 3 अचानक छोड़ देने से एफडब्ल्यूआईसीई (फिल्म फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न सिने एम्प्लॉयज) ने रणवीर सिंह पर बैन लगा दिया है। जब तक मामला नहीं सुलझता, तब तक रणवीर के साथ फेडरेशन से जुड़े लोग काम नहीं कर सकेंगे। इस घोषणा के बाद इंडस्ट्री के कई लोग उनके सपोर्ट में उतरे हैं। चंकी पांडे ने बताया है कि एक समय वो भी इस बैन का शिकार हो चुके हैं। माफी मांगने के बाद उन पर लगा बैन हटाया गया था। वहीं दूसरी तरफ एफडब्ल्यूआईसीई के चीफ एडवाइजर अशोक पंडित ने बैन पर सफाई दी है। चंकी पांडे ने रणवीर सिंह के विवाद पर हाल ही में ई-टाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया है कि 1987 में फिल्म इंडस्ट्री की हड़ताल थी और शूटिंग करने की इजाजत नहीं थी। लेकिन ठीक उसी समय उनकी फिल्म आग ही आग की शूटिंग ऊटी में हुई। इस बात से नाराज फेरडरेशन ने फिल्म में काम करने वाले हर शख्स को बैन कर दिया था। हालांकि तब धर्मेंद्र और शत्रुघ्न सिन्हा इतने बड़े स्टार थे, जिनके पास एक साथ 30-40 फिल्में थीं, ऐसे में उन्हें बैन करना मुश्किल था। चंकी पांडे जो नए आए थे और उनकी पहली फिल्म भी रिलीज नहीं हुई थी, उन्हें एक हफ्ते के लिए बैन कर दिया था। विवाद पर चंकी पांडे ने माफी मांगी, जिसके बाद उन्हें दोबारा काम करने की इजाजत मिली। बातचीत में चंकी पांडे ने कहा, हमारी इंडस्ट्री बहुत छोटी और नाजुक है। मैंने ये सब खुद झेला है। अपकमिंग फिल्म गवर्नर के प्रमोशनल इवेंट के दौरान एक्टर मनोज बाजपेयी ने भी इस पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने रणवीर के बैन से जुड़े सवाल पर कहा, 'यह जगह इस बात के लिए बिल्कुल सही नहीं है। मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं कि इस इंडस्ट्री में जितने भी लोग हैं, वे सब इसके बारे में सिर्फ सोशल मीडिया पर ही पढ़ रहे हैं और हमारे पास इसके बारे में कोई डीटेल जानकारी नहीं है'। आगे मनोज बाजपेयी ने कहा है, एक को-वर्कर होने और इस बिरादरी के सदस्य होने के तौर पर हम बस यही कह सकते हैं कि हमें उम्मीद है कि ये मामला जल्द सुलझ जाएगा। बिना किसी और बढ़ावे के यह मामला सुलझेगा।

### एयर इंडिया 800 घरेलू फ्लाइट्स घटाएगी इंडिगो भी 7 प्रतिशत उड़ानें कम करेगी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया हर सप्ताह करीब 800 घरेलू उड़ानों में कटौती करने जा रही है। यह बदलाव जून से अगस्त 2026 के बीच रहेगा। कंपनी ने यह फैसला जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों के कारण लिया है। वहीं एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इंडिगो भी अपनी घरेलू उड़ानों में 5 प्रतिशत से 7 प्रतिशत की कटौती कर सकती है। एयर इंडिया वर्तमान में हर हफ्ते करीब 4400 उड़ानें ऑपरेट कर रही है। इनमें करीब 3600 घरेलू और 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। कंपनी ने 22% तक घरेलू फ्लाइट्स में कटौती का ऐलान किया है। एयर इंडिया का कहना है कि वह बाजार की मांग और ऑपरेटिंग परिस्थितियों पर बारीकी से नजर रखेगी।

### इस्तीफे के सवाल पर सीएम सिद्धारमैया बोले, कल बात करेंगे

**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सिद्धारमैया ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात के लिए समय मांगा है। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सीएम बन सकते हैं। इस बीच, कांग्रेस विधायक आरवी देशपांडे ने कहा, मुख्यमंत्री पहले ही इस्तीफा देने का फैसला कर चुके हैं। वह कल इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैं हाईकमान को वचन दे चुका हूं। अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला हाईकमान करेगा। इस बीच कर्नाटक कांग्रेस इंचार्ज रणदीप सुरेजवाला बेंगलुरु पहुंच गए हैं। हालांकि कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने आज बेंगलुरु में कहा कि अभी तक कांग्रेस विधायक दल की कोई बैठक नहीं बुलाई गई है और अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।

---

विश्व धरोहर खजुराहो में हुआ योग महोत्सव 2026, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम को वीडियो संदेश से किया संबोधित

## योग और खजुराहो दोनों भारतीय संस्कृति के हैं अभिन्न स्तंभ : मुख्यमंत्री

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय योग परम्परा को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़कर स्वस्थ, जागरूक एवं आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग और खजुराहो, दोनों ही सदियों से भारतीय संस्कृति के अभिन्न स्तंभ रहे हैं। हमारी सरकार योग के प्रचार के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है। योग को प्रदेश के घर-घर तक पहुंचाने के लिए आयुष विभाग द्वारा इन दिनों घर-घर योग-हर व्यक्ति निरोग अभियान भी चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के 25 दिवसीय काउंटडाउन के अवसर पर यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल खजुराहो में आयोजित योग महोत्सव 2026 कार्यक्रम को वीडियो संदेश के जरिए संबोधित किया।

वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योग आज सिर्फ एक व्यायाम नहीं, बल्कि 'वन अर्थ-वन हेल्थ' की भावना को साकार करने वाला जीवन दर्शन बन चुका है। मध्यप्रदेश सरकार घर-घर योग हर व्यक्ति निरोग के भाव से योग और आयुष चिकित्सा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। आयुष विभाग के माध्यम से आरोग्य मंदिरों, योग वेलनेस सेंटर्स और विभिन्न जनजागरुकता की गतिविधियों के माध्यम से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए सफल अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले काउंटडाउन इवेंट से देशभर में लाखों लोग जुड़ रहे हैं।

आज की युवा पीढ़ी भी योग को सहर्ष स्वीकार कर रही है। हम योग को सांस्कृतिक मूल्यों के साथ जोड़कर एक स्वस्थ, जागरूक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सबके सहयोग से हम योग को हर नागरिक के जीवन का हिस्सा बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। केन्द्रीय आयुष मंत्रालय का यह आयोजन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की राष्ट्रव्यापी तैयारियों में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। यह कार्यक्रम योग के माध्यम से समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के प्रति केन्द्र और राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्र और राज्य सरकार के आयुष मंत्रालय के अधिकारियों और जिला प्रशासन, छतरपुर को खजुराहो में इस विशेष आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।
- कार्यक्रम को केंद्रीय आयुष और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री प्रतापराव जाधव, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और सांसद खजुराहो श्री विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया।

---

चारधाम यात्रा शुरू होने के 39 दिनों के अंदर

## यात्रा में 105 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी

### गर्मी बढ़ने से 14 दिन में ही 65 की जान गई, केदारनाथ में सबसे ज्यादा 50 मौतें

एजेंसी ▸▸ देहरादून




चारधाम यात्रा शुरू होने के 39 दिनों के अंदर 105 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। 2025 में यात्रा के शुरूआती 28 दिनों में यह आंकड़ा 56 मौतों का था और पूरी यात्रा के दौरान 83 से ज्यादा श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। इस साल 14 मई को यह आंकड़ा 40 का था, यानी बीते 14 दिन में 65 लोगों की मौत हो गई।

गर्मी बढ़ने के साथ श्रद्धालुओं की मौत का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। इनमें से 104 यात्रियों की मौत स्वास्थ्य खराब होने के कारण हुई, जबकि एक श्रद्धालु की जान प्राकृतिक आपदा में गई। सबसे ज्यादा मौतें केदारनाथ में हुई हैं। केदारनाथ धाम में 50, जबकि बद्रीनाथ में 30, यमुनोत्री में 15 और गंगोत्री-गोमुख क्षेत्र में 10 मौतें दर्ज की गई हैं। पिछले 24 घंटों में टिहरी के देवप्रयाग में महाराष्ट्र के दो तीर्थयात्रियों (49 वर्षीय किशन नरहरि और 81 वर्षीय विमल ज्ञानोबा) की हार्ट अटैक से मौत हो गई। सरकार लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं और मेडिकल तैयारियों का दावा कर रही है, लेकिन बढ़ते मौत के आंकड़े यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य चुनौतियों और हाई एल्टीट्यूड से जुड़ी परेशानियों की गंभीरता भी दिखा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अधिकांश मौतें हार्ट अटैक, हाई एल्टीट्यूड सिकनेस, हाइपरटेंशन और अन्य स्वास्थ्य कारणों से हुई हैं।

**23 लाख से ज्यादा लोग चारधाम यात्रा पर पहुंचे**

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 19 अप्रैल से अब तक चारधाम यात्रा में 23 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। हर साल की तरह इस बार भी देशभर से बड़ी संख्या में लोग बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। केदारनाथ में 9 लाख 01 हजार से ज्यादा, बद्रीनाथ में 6 लाख 42 हजार, यमुनोत्री में 4 लाख से ज्यादा और गंगोत्री में भी 4 लाख से ज्यादा श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। अब तक यात्रा के लिए 42 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

---

### सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा पसरा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

नौतपा के तीसरे दिन भी प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। राजधानी भोपाल समेत कई शहरों में दोपहर होते-होते सड़कें सूनी नजर आने लगी हैं। दोपहर 1.30 बजे भोपाल का तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया।

इससे पहले सोमवार को 45.3 और मंगलवार को 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 30 से 31 डिग्री के बीच बना हुआ है, जिससे दिन के साथ रात में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही।

---

### ट्विशा केस में पति समर्थ 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में एसआईटी ने आरोपी पति समर्थ सिंह को बुधवार को भोपाल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई की टीम समर्थ को लेकर उसके घर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है।

एमपी हाईकोर्ट में रिटायर्ड जज और सास गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला रिजर्व रख लिया है। साथ ही सीबीआई को भी मामले में पक्षकार बनाया है। 12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायका पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट से कहा- अदालत देख सकती है कि जमानत की शर्तों का कितनी बर्बरता से उल्लंघन किया गया। नोटिस जारी होने की तारीखें रिकॉर्ड में हैं।

---

### आईपीएस-जज दंपती की 17 वर्षीय बेटी ने की खुदकुशी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल के पॉश इलाके चार इमली में रहने वाले एक आईपीएस अधिकारी संजीव कंचन की 17 वर्षीय बेटी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना मंगलवार दोपहर की है।

हबीबगंज थाना प्रभारी संजीव चौकसे के अनुसार, बच्ची 11वीं कक्षा की छात्रा थी। पुलिस को परिजन से सूचना मिली। छात्रा के मोबाइल फोन और उसके संपर्कों की जांच की जा रही है। वहीं बुधवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृत छात्रा की मां रेणुका कंचन भोपाल गैस राहत अदालत में जज हैं।

**पुलिस को मिला सुसाइड नोट-** एसीपी उमेश तिवारी ने बताया कि मृत छात्रा के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उसने लिखा, मम्मी-पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करती हूं, लेकिन मैं आपकी अच्छी बेटी नहीं बन सकी। आईएम सॉरी। हालांकि छात्रा ने सुसाइड नोट में आत्महत्या के कारण का जिक्र नहीं किया है। पुलिस ने सुसाइड नोट और छात्रा का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है।

---

### आईएएस-आईपीएस अफसरों का डीए बढ़ा, जनवरी से मिलेगा

**प्रदेश में न्यायिक सेवा के अफसरों को भी फायदा अब कर्मचारियों को भी आदेश का इंतजार**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल




केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के फैसले के बाद राज्य सरकार ने भी आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है। आदेश मंगलवार को जारी किया गया है।

इसी तरह न्यायिक सेवा के अधिकारियों के लिए भी विधि विभाग ने दो प्रतिशत बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी कर दिया है। वहीं प्रदेश के कर्मचारियों को अभी इस बढ़े हुए महंगाई भत्ते के लिए मुख्यंत्री की घोषणा का इंतजार है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 1 जनवरी 2026 से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ देने के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के आधार पर राज्य में पदस्थ अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को 58 प्रतिशत की वर्तमान दर से बढ़ाकर 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। महंगाई भत्ते की बढ़ी हुई दर के आधार पर अखिल भारतीय सेवा के अफसरों और कर्मचारियों को महंगाई भत्ते का भुगतान 1 जनवरी 2026 से नकद किया जाएगा। यह भुगतान केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 22 अप्रैल 2026 को जारी निर्देशों के आधार पर होगा।

---

### इंदौर लोकायुक्त ने सहायक प्राध्यापक को 50 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर लोकायुक्त टीम ने बुधवार 27 मई को दोपहर भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मंडलेश्वर शासकीय महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक आत्माराम सोलंकी को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई नेशनल हाईवे स्थित दुधी बायपास चौराहे के पास की गई।

लोकायुक्त डीएसपी ने बताया कि आरोपित आत्माराम पुत्र सिरदार सोलंकी शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर जिला खरगोन में सहायक प्राध्यापक के पद पर पदस्थ है। आरोपित को आवेदक से रिश्वत की राशि लेते हुए ट्रैप किया गया।

आरोपित का कहना था कि उसी ने उर्मिला वास्केल की पोस्टिंग मंदसौर जिले के दलौदा से शासकीय महाविद्यालय धार में करवाई है, जो उनके निवास मानपुर के नजदीक है। आवेदक ने शिकायत में यह भी बताया कि आरोपित पहले ही एक लाख रुपये ले चुका था और शेष तीन लाख रुपये की मांग कर रहा था। लोकायुक्त टीम द्वारा शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए।

---

ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी

## कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त

एजेंसी ▸▸ कच्छ



गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं।

गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया। जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी।

इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## करतब का यातायात




जिस तरह से एक सर्कस में करतब दिखाने वाला होता है वैसे ही शहर की सडकों पर वाहन चलाने वाले के हाल हो रहे हैं। लाख आप यातायात के नियमों का पालन करते हुए अपना वाहन चला रहे हों उसके बाद भी दूसरे वाहन चालक आपको करतब करने पर मजबूर कर देंगे। अगर आपने करतब नहीं किया और नियम पर अड़े रहे तो फिर वाहन के साथ आपके डेमेज होने की स्थिति बनना तय है। इसके पीछे कई स्थानों पर शहर में यातायात के संचालन की स्थिति ही ऐसी बनी हुई है। ओवर ब्रिज से फ्रीगंज की ओर उतरने वाले वाहन चालक धन्नालाल की चाल की तरफ पलटते हैं तो बीच सड़क पर रखे बैरिकेडस के वहां से पलटते हैं। ऐसे में पूरा यातायात जाम हो रहा है। यही नहीं सीधे आते हुए एक दम पलटने के हाल से कई बार वाहनों की भिडंत की स्थिति बन रही है। यहां बिल्कुल करतब दिखाने की तरह ही वाहन चालन करना पड़ रहा है। पुराने भतवाल टॉकीज वाली रोड से आने और उस और ब्रिज से उतरकर जाने वाले वाहन चालक पतंगों की तरह यहां ऐसी उलझन पैदा कर रहे हैं कि सीधे-सीधे चल रहे आवागमन को उलझाकर रखा जा रहा है। यातायात विभाग के अमले का यहां नामोनिशान देखने तक को नहीं मिलता है। शहर में यातायात के संकेतक भी बराबर करतब दिखाते हैं। आकस्मिक रूप से कभी चालू और कभी बंद हो जाते हैं। चलते-चलते ही संकेतक एक दम पीली बत्ती पर आकर हेंग हो जाते हैं। इतने स्मार्ट संकेतक हैं कि शहर को ही चिढ़ा रहे हैं। शहर में यातायात की व्यवस्था ऐसी है कि अगर वापस वाहन सहित सुरक्षित रूप से लौटना है तो न चाहते हुए भी वाहन चालक को अपने आप को बचाने के लिए ये सब अजब गजब करना मजबूरी है। घंटाघर से ओवर ब्रिज के लिए जाना मानो बाबा के दर्शनों की कतार में खडे होने जैसा होता जा रहा है। रात में घंटाघर से निकलना अपने आपमें किसी चुनौती जैसा ही होता जा रहा है। व्यापार को बढ़ावा देने के फेर में आम आदमी का आवागमन ही बाधित होता जा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि ऐसा ही चलता रहा तो वो दिन दूर नहीं है जब राज्य स्तर पर उज्जैन में वाहन चालन की अपनी एक योग्यता निर्धारित हो जाए। पूछा जाने लगे कि आपने उज्जैन में वाहन चलाया है या नहीं। यातायात के मामले में सीधे तौर पर वाहन चालन करने वालों के लिए उज्जैन परीक्षा की तरह बनता जा रहा है। परिवहन के टेस्ट की बजाय सीधे शहर में ही वाहन सहित चालक को भेज दिया जाना चाहिए, जो वापस सुरक्षित रूप से हो जाए उसे सीधे तौर पर लायसेंस की पात्रता दे दी जाना चाहिए।

## न्यूज कॉलम

### शिप्रा परिक्रमा यात्रा में सम्मिलित समाजसेवी का किया स्वागत



**उज्जैन।** क्षत्रिय मारवाड़ी माली समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व रमेशचंद्र गेहलोत के परिवार द्वारा शिप्रा परिक्रमा यात्रा में सम्मिलित समाज सेवी नारायण यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, समाजसेवी अभय यादव, निगम सभापति कलावती यादव, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, वैभव मोहन यादव, पार्षद भूरू गेहलोत, अमय आप्टे, रामागुरु आदि का स्वागत किया गया। यात्रियों व अतिथियों द्वारा गौ माता का पूजन कर गौ ग्रास खिलाया इस अवसर पर किशोर कुमार भाटी, प्रेम गेहलोत, राधेश्याम गेहलोत, शंकरलाल दगदी, विजय गेहलोत, प्रशांत गेहलोत, भरत सांखला आदि उपस्थित थे।

### महापौर टटवाल ने भोजशाला में मां वाग्देवी के दर्शन किए

**उज्जैन।** सोमवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा धार जिले में स्थित भोजशाला में माता सरस्वती जी के दर्शन किए साथ ही गोपाल शर्मा जिनके द्वारा पूरा जीवन भोजशाला स्थित सरस्वती माता के मंदिर के संघर्ष में बिताया गया जिनका सम्मान किया गया। महापौर मुकेश टटवाल द्वारा भोजशाला मंदिर दर्शन उपरांत जानकारी देते हुए बताया गया कि 720 वर्षों के बाद धार स्थित भोजशाला में मां वाग्देवी सरस्वती माता का पूजन का अधिकार मिला है।

### ढाबा रोड सड़क चौड़ीकरण की खुदाई में पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त, मुंशी राजा का बाड़ा में गहराया जल संकट

# एक महीने से पानी की समस्या से जूझ रहे 30 से 40 परिवार के लोग

## शिकायतों के बावजूद नहीं हुआ समाधान, गंदा व बदबूदार पानी आने से रहवासी परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 21 स्थित ढाबा रोड पर श्रीनाथजी मंदिर के समीप मुंशी राजा के बाड़ा क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य के दौरान की गई खुदाई से पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके चलते क्षेत्र के करीब 30 से 40 परिवार पिछले एक महीने से पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। रहवासियों का आरोप है कि नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया।

**खुदाई के दौरान टूटी पाइपलाइन, सप्लाई प्रभावित-** क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर खुदाई की जा रही है। रहवासियों के अनुसार इसी दौरान पेयजल पाइपलाइन कई जगह से टूट गई, जिससे घरों तक पानी की सप्लाई बंद हो गई। कुछ समय के लिए पानी आता भी है तो वह गंदा, मटमैला और बदबूदार होता है, जो उपयोग योग्य नहीं रहता।

**चौड़ीकरण कार्य शुरू होने के बाद बढ़ी समस्या-** रहवासियों के अनुसार सड़क चौड़ीकरण कार्य शुरू होने से पहले क्षेत्र में पानी की कोई समस्या नहीं थी। नलों में पर्याप्त दबाव से कई घंटों तक पानी आता था, लेकिन खुदाई शुरू होने के बाद पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई और तब से जल संकट बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन सुधारने की जिम्मेदारी लेने से भी इनकार किया जा रहा है। पिछले 4 महीने से ढाबा रोड पर सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन कार्य की गति काफी धीमी है।





### क्षेत्र का बोरिंग-हैंडपंप भी बंद

स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र में स्थित बोरिंग और हैडपंप भी कई दिनों से खराब पड़ा हुआ है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। पेयजल के वैकल्पिक साधन उपलब्ध नहीं होने से लोगों को रोजाना इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

### भीषण गर्मी में बढ़ी परेशानी

रहवासियों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच जल संकट ने स्थिति और गंभीर बना दी है। क्षेत्र में रहने वाले लगभग 500 से 600 लोग प्रतिदिन पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों को दूर स्थित कार्तिक चौक क्षेत्र के हैंडपंप से साइकिल और केन के माध्यम से पानी लाना पड़ रहा है।

### रहवासियों ने बताई अपनी परेशानी



**बार-बार लाइन जुड़वाने के बाद फिर टूट जाती है पाइपलाइन-** अचूमल खटवानी, रहवासी ने बताया कि पीएचई की सप्लाई के दौरान घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। कई बार प्लंबर बुलाकर पाइपलाइन जुड़वाई गई, लेकिन खुदाई के दौरान लाइन फिर टूट जाती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का हैंडपंप भी बंद पड़ा है, जिससे परेशानी बढ़ गई है।



**दूर हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा-** आनंद जाधव, रहवासी ने बताया कि पिछले एक महीने से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। खुदाई में नल कनेक्शन टूट गए हैं, जिसके कारण लोगों को दूर से पानी लाना पड़ रहा है।



**नलों से गंदा और मटमैला पानी आ रहा-** मनोरमा श्रीवास्तव, रहवासी ने कहा कि पाइपलाइन फूटने से नलों में नालियों का गंदा पानी पहुंच रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार ने पाइपलाइन सुधारने से मना कर दिया।



**शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान-** शालू भावसार, रहवासी ने बताया कि नगर निगम और पार्षद को शिकायत करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।



**घर के काम छोड़कर पानी जुटाना पड़ रहा-** सारिका नागर, रहवासी ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण शुरू होने के बाद से क्षेत्र में जल संकट खड़ा हो गया है। पाइपलाइन फूटने के कारण पानी नहीं आ रहा और लोगों को दैनिक काम छोड़कर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है।



**वार्ड 21 के पार्षद अर्पित दुबे ने** नगर निगम के अधिकारियों पर अनदेखी का आरोप लगाया है। पार्षद ने कहा कि वार्ड में कई जगह पानी की समस्या को लेकर नगर निगम के अधिकारियों को कई बार शिकायत की जा चुकी है। साथ ही पानी के टैंकर उपलब्ध कराने की मांग भी की गई, लेकिन निगम के अधिकारियों द्वारा कोई सुनवाई नहीं की गई है।

### सरकार ने समाजसेवा के क्षेत्र में भी बेरोजगारों को कमाई का अवसर दिया

# राहवीर बनों 25 हजार पाओ, भ्रूण लिंग परीक्षण की सूचना पर 2 लाख

## सफल स्टिंग ऑपरेशन के सत्यापन उपरांत प्रथम किश्त के रूप में कुल 1 लाख 25 हजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सरकार आम आदमी की आपदा के समय में आम आदमी को ही अवसर प्रदान कर रही है। समाजसेवा के क्षेत्र में खासकर बेरोजगारों को कमाई का यह पूरा अवसर है। इसके साथ ही प्रशस्ति पत्र से सम्मान भी मिलना तय है। सरकार की राहवीर योजना में घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार दिए जा रहे हैं तो भ्रुण लिंग परीक्षण की सूचना देने वालों को 2 लाख रूपए तक दिए जा रहे हैं।

राहवीर योजना को लेकर पोर्टल पर पंजीयन के साथ युवाओं को गोल्डन आवर में घायल की मदद का प्रशिक्षण दिए जाने की पुरी योजना तैयार की गई है। नजदीक के अस्पताल ले जाने से लेकर प्रारंभिक उपचार का प्रशिक्षण एवं किट भी इसमें ऐसा युवाओं को दिया जाएगा जो इस सेवा के काम में आगे आएंगे।

**युवा करें जनसेवा प्रहरी पोर्टल पर पंजीयन-** कलेक्टर रोशनकुमार सिंह ने वीडियो जारी कर बताया कि मध्य प्रदेश शासन सड़क दुर्घटनाओं के लिए बहुत ही संवेदनशील है। मुख्यमंत्री के निर्देश हैं कि यदि कोई दुर्घटना होती है तो तत्काल दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मदद होनी चाहिए। उसके जीवन को बचाने में कोई कसर बाकी नहीं रहनी चाहिए। इसी के क्रम में, यह वॉलंटियर्स की जो है टीम तैयार की जा रही है। सिंह ने बताया कि 'जनसेवा प्रहरी' नाम से एक पोर्टल लॉन्च किया गया है और इसमें हमारे जितने भी साथी हैं, वो इस पर अपना पंजीयन कर सकते हैं। पंजीयन करने के बाद, आपके इलाके में यदि कोई दुर्घटना हो जाती है तो तत्काल आप संबंधित को लोकल मदद हो सकती है वो दे सकते हैं और नियरेस्ट जो हॉस्पिटल है, वहाँ पे उनको पहुँचाएँगे। गोल्डन ऑवर में जो इलाज होता है, उससे जीवन बचाना बहुत ही आसान हो जाता है। 'राहगीर योजना' के तहत, ऐसे सभी साथियों को जो गोल्डन ऑवर में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को हॉस्पिटल लेकर जाते हैं उन्हें प्रोत्साहन राशि के रूप में रूपए 25 हजार दिए जाएँगे। कलेक्टर ने अपील करते हुए कहा कि आप भी अपना पंजीयन जनसेवा प्रहरी पोर्टल पे करें और किसी के जीवन बचाने में अपना योगदान दें।

### मदद के साथ सम्मान और निधि भी



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला उज्जैन, डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि 25 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। शासन द्वारा सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में त्वरित उपचार कराने के उद्देश्य से राहवीर योजना लागू की गई है। ताकि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहन स्वरूप राशि प्रदान की जा सकें। इस योजनांतर्गत सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को राहवीर की परिभाषा में शामिल किया गया है। सड़क दुर्घटना में गम्भीर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाने वाले राहवीर को राशि प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है।

### प्रमाणित सूचना दें, दो किश्त में दो लाख पाएं

कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम के लिए राज्य शासन ने गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम 1994 एवं नियम 1996 (पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट) का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया है। आमजन की भागीदार के तहत इसमें पुनरीक्षित मुखबिर पुरस्कार योजना-2021 संचालित की जा रही है। योजना के अंतर्गत अवैध भ्रूण लिंग जांच, लिंग चयन अथवा संबंधित गैरकानूनी गतिविधियों की सूचना देकर कार्रवाई में सहयोग करने वाले मुखबिरों को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। सफल सूचना अथवा स्टिंग ऑपरेशन के आधार पर कार्रवाई होने एवं न्यायालय में अपराध सिद्ध होने की स्थिति में कुल 2 लाख रुपये तक की प्रोत्साहन राशि मुखबिर, डिकॉय महिला, अभियोजन अधिकारी, जिला नोडल अधिकारी और अन्य अधिकृत व्यक्तियों को नियमानुसार वितरित की जाती है। योजना में मुखबिर की सूचना पर विधिक कार्रवाई होने की स्थिति में प्रथम किश्त के रूप में 1.25 लाख रुपये की राशि कोर्ट में चालान प्रस्तुत होने पर तथा द्वितीय किश्त के रूप में 75 हजार रुपये की राशि न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार सफल स्टिंग ऑपरेशन की स्थिति में मुखबिर, डिकॉय महिला एवं सहयोगियों को भी निर्धारित प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान है। सफल स्टिंग ऑपरेशन के सत्यापन उपरांत प्रथम किश्त के रूप में कुल 1 लाख 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है, जिसमें मुखबिर को 50 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 20 हजार रुपये, सहयोगी को 10 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 15 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 30 हजार रुपये दिए जाते हैं। न्यायालय में अपराध सिद्ध होने पर द्वितीय किश्त के रूप में कुल 75 हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं, जिसमें मुखबिर को 30 हजार रुपये, डिकॉय महिला को 10 हजार रुपये, सहयोगी को 5 हजार रुपये, जिला नोडल अधिकारी अथवा अन्य अधिकृत अधिकारी को 10 हजार रुपये तथा अभियोजन अधिकारी को 20 हजार रुपये की राशि नियमानुसार वितरित की जाती है।

# समस्याओं के निराकरण के लिए कांग्रेस संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़, बिजली विभाग की मनमानी




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूर्व विधायक मुरली मोरवाल के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन द्वारा भाजपा सराकर में देश और प्रदेश में व्याप्त अत्यंत गंभीर एवं जनविरोधी समस्याओं को लेकर कोर्ट परिसर पर रैली निकारलकर व भाजपा सरकार के विरूद्ध नारेबाजी कर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंप कर अवगत कराया कि नीट परीक्षा पेपर लीक होना देश के लाखों होनहार युवाओं के भविष्य के साथ एक क्रूर खिलवाड़ है। इस भ्रष्टाचार से युवाओं का पूरी व्यवस्था से विश्वास उठ रहा हैं, युवाओं को रोजगार देने के वादे खोखले साबित हो रहे हैं। हमारी मांग है कि पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष व उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए और युवाओं के लिए पारदर्शी रोजगार प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए।

**खाद-बीज के बढ़ते दाम:** खाद और उन्नत बीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने खेती की लागत को आसमान पर पहुंचा दिया है। किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है। सरकार तुरंत खाद-बीज के दामों को नियंत्रित करे और किसानों को सब्सिडी प्रदान करे। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैसरू पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की कीमतें लगातार आम आदमी के बजट से बाहर हो रही हैं। ईंधन के दाम बढ़ने से हर आवश्यक वस्तु महंगी हो गई है। हमारी मांग है कि इन पर टैक्स कम कर जनता को तुरंत राहत दी जाए। अघोषित बिजली कटौती मेंटेनेंस (रखरखाव) के नाम पर घंटों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे भीषण गर्मी में जनता और व्यापारियों का जीना दूभर हो गया है। भारी-भरकम बिल बिजली की सुचारू आपूर्ति न होने के बावजूद जनता को अनाप-शनाप और भारी-भरकम बिजली बिल थमाए जा रहे हैं, जो सीधे तौर पर आर्थिक शोषण है। इसकी तुरंत समीक्षा की जाए। दूर-दराज से आने वाले अन्नदाताओं के लिए मंडी परिसर में पीने के साफ पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। गेहूं और अन्य उपज बेचने के बाद भी किसानों को उनकी मेहनत की राशि का समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिससे किसान अपने दैनिक खर्चों और अगली फसल की तैयारी के लिए परेशान हैं।

# 45 डिग्री तापमान में स्वप्रेरणा से जल सेवा कर रहे ग्राम रंथभंवर के निवासी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मन में यदि सेवा की भावना हो तो वह कैसे भी की जा सकती है इसी का उदाहरण शाजापुर जिले के ग्राम रंथभंवर के लोगों में दिख रहा है जब गर्मी में लोग दोपहर में घर की ओर जाते हैं तब ग्राम रंथभंवर के ग्रामवासी जिनमें अधेड़, युवा एवं बच्चे करीब 100 लोग घर से निकल कर दोपहर में 12 बजे एवं 3 बजे अपने गांव के फ्लैग स्टेशन से निकलने वाली ट्रेन पर यात्रियों को साथी हाथ बढ़ाना, एक अकेला थक जाएगा, मिलकर साथ निभाना की तर्ज पर टोली बनाकर प्रतिदिन इसी भावना से अपने घरेलू संसाधनों में पानी पिला रहे हैं।

जिसमें मुख्य रूप से रामचंद्र मामा, महेश डडानिया, भेरुलाल पाटीदार, महेश पाटीदार, सुरेश चौधरी, रामबाबू पाटीदार, वीरेंद्र चौधरी, पंकज मोदी, प्रकाश पुराणिक, नागेश पाटीदार, श्याम बाबू पाटीदार, कमल वर्मा, पवन पाटीदार, विक्रम दुबे, भगवान सिंह पाटीदार, सलमान पठान, नितेश, ललित यादव, मोइन पठान, मोंटी प्रजापति, विष्णु, मुकेश मीणा, भोलू चौधरी, अजय पाटीदार, भगवान सिंह, हेमंत पाटीदार, सचिन, सुनील मीणा सुमित पाटीदार, राजा सौराष्ट्री, प्रकाश, धर्मेंद्र पाटीदार, रिहान, लोकेंद्र पाटीदार, गोविंद पाटीदार, नागेश्वर पाटीदार, धीरज पाटीदार, कमल पाटीदार, फरदीन पठान व सोनू सिसोदिया आदि का विशेष सहयोग मिल रहा है।

# अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध मुहिम जारी

## वार्ड 33 में निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण, हरसिद्धि-शेर चौराहा से हटाया अतिक्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बुधवार को वार्ड 33 का निरीक्षण किया। इस दौरान महाकाल मंदिर के आसपास के क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था देखी और हरसिद्धि, शेर चौराहा पर अस्थाई अतिक्रमण हटवाया। आयुक्त ने कहा कि शहर में अस्थाई अतिक्रमण के विरुद्ध मुहिम निरंतर जारी रहेगी।

निरीक्षण के दौरान महाकाल घाटी, हरसिद्धि मंदिर से चारधाम मंदिर तक अतिक्रमण पाए जाने पर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि मार्ग पर दोबारा अतिक्रमण न हो। रिमूवल गैंग को निर्देश दिए कि वे लगातार सूचना प्रचारित कर व्यवसायियों को सचेत करें। सड़कों पर सामग्री रखकर व्यापार करने पर सामग्री जब्त करने के साथ जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी।

अधिकमास पर्व को देखते हुए रुद्रसागर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजन कर रहे हैं। निरीक्षण में पूजन स्थल पर प्रतिबंधित पॉलिथिन पाए जाने पर आयुक्त ने पुरोहितों से चर्चा की। उन्होंने सागर में कचरा न डालने, सफाई व्यवस्था बनाए रखने और प्रतिबंधित पॉलिथिन का उपयोग न करने की समझाइश दी। श्रद्धालुओं को भी जागरूक करने को कहा गया।

### सौंदर्यीकरण और सफाई के दिए निर्देश

**निगम आयुक्त ने जोनल अधिकारी को निर्देशित किया कि:**

- हरसिद्धि और महाकाल क्षेत्र में बिजली पोल पर लगे हैंगिंग बैनर-पोस्टर हटवाए जाएं।
- सड़क के दोनों ओर थर्माकोल प्लास्टिक लाइनिंग कार्य किया जाए।
- शेर चौराहा पर आवश्यक सिविल कार्य कराए जाएं।
- पाथवे के समीप दीवारों पर आकर्षक पेंटिंग कराई जाए।
- महाकाल मंदिर एवं हरसिद्धि क्षेत्र में लीटर बिन लगाए जाएं।
- स्वीपिंग मशीन द्वारा विशेष सफाई कराई जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### जनसुनवाई में त्वरित कार्रवाई : कांताबाई को मिली राहत

**इंदौर।** इंदौर जिले में जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण का क्रम लगातार जारी है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के समक्ष जनसुनवाई में पहुंची कांताबाई पति मदनलाल निवासी बिजलपुर ने ग्राम कंपेल तहसील खुड़ैल स्थित अपनी भूमि पर किए गए अतिक्रमण की शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत में बताया गया कि जीवन पटेल द्वारा शिकायतकर्ता की भूमि पर खंभे गाड़कर अतिक्रमण किया गया है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की तथा भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया।

### विश्व तंबाकू निषेध दिवस हेतु तैयार की गई सामग्री का विमोचन

**इंदौर।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2026 के अवसर पर इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस हेतु तैयार की गई क्र्उ सामग्री का विमोचन किया गया। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम ह्लनिकोटिन और तंबाकू की लत के दुश्चक्र को तोड़नाह्व रखी गई है। आईईसी सामग्री के विमोचन अवसर पर मध्यप्रदेश वॉलेंटरी हेल्थ एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक श्री मुकेश कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे। श्री सिन्हा ने बताया कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस हेतु तैयार की गई क्र्उ सामग्री इंदौर संभाग के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों में भी आयोजन एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों में उपयोग हेतु भेजी जा चुकी है। कार्यक्रम के दौरान संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि युवाओं एवं विद्यालय जाने वाले बच्चों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए संभाग में तंबाकू नियंत्रण गतिविधियों को प्रभावी रूप से लागू करना अत्यंत आवश्यक है।

### सीएसआर फंड से जिला प्रशासन ने उपलब्ध करवाई ई-साइकिलें

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को गति देने के लिए संकल्पित है। प्रदेश की सभी माताएं-बहनें अपने जीवन में सुख-समृद्धि, आनंद और वैभव प्राप्त करें। दुनिया में पेट्रोल-डीजल से दाम बढ़ रहे हैं। महिला कर्मयोगी बहनों को निःशुल्क मिलीं ई-साइकिलें शक्ति प्रदान करेंगी। वैश्विक ऊर्जा संकट के दौर में इलेक्ट्रिक व्हीकल सबसे अच्छा विकल्प हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में 40 महिला कर्मयोगी बहनों को ई-साइकिलें बांटने के बाद जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। साइकिलें उज्जैन जिला प्रशासन ने सीएसआर फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई हैं।

### नई पीढ़ी और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहेगी पुस्तक

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ कार्य करने के अनेक अनुभव लाखों कार्यकर्ताओं के पास हैं, लेकिन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का लगभग 35 वर्षों का लंबा साथ विशेष महत्व रखता है। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने युवा मोर्चा के अध्यक्ष, केसरिया वाहिनी के दायित्व, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री के रूप में अपने लंबे सार्वजनिक जीवन के अनुभवों को पुस्तक अपनापन में साझा किया है। यह केवल संस्मरणों का संकलन नहीं, बल्कि नेतृत्व की शैली को समझने का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। पुस्तक "अपनापन"नई पीढ़ी और कार्यकताओं को प्रेरणा देने का कार्य करेगी। सभी कार्यकर्ता और युवा यह पुस्तक पढ़ें और उससे मार्गदर्शन प्राप्त करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन : नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव" के हुए लोकार्पण कार्यक्रम के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में व्यक्त किए।

### खंडवा पुलिस की सतर्कता और साहस से युवक की बची जान

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पुलिस के जवान ने तत्परता, साहस और मानवता का परिचय देते हुए खंडवा जिले के थाना मान्धाता क्षेत्र स्थित पवित्र तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी में डूब रहे युवक की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र निवासी अभिषेक पिता अशोक नांदेड़ उम्र 29 वर्ष अपने तीन दोस्तों के साथ ओंकारेश्वर दर्शन के लिए आया हुआ था। दर्शन से पूर्व सभी मित्र सुबह नर्मदा नदी में स्नान करने पहुंचे। स्नान के दौरान सभी युवक अनजाने में गहरे पानी की ओर चले गए। इस दौरान दो युवक तो किसी तरह सुरक्षित बाहर निकल आए, किन्तु अभिषेक गहरे पानी में फंस गया और डूबने लगा। अपने साथी को डूबता देख उसके दोस्तों ने सहायता के लिए जोर-जोर से पुकार लगाई।

### म्यूल खातों के कमीशन के झगड़े में हुई थी टैक्सी ड्राइवर की हत्या

इंदौर। टैक्सी चालक रोहित बेरबेले की हत्या में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। रोहित साइबर अपराधियों को म्यूल खातों की सप्लाई करने वाली गैंग से जुड़ा था। उसका कमीशन को लेकर झगड़ा हुआ और डंडों से पीट डाला। बचने की कोशिश में वह दूसरी मंजिल से कूद गया और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एरोड्रम थाना क्षेत्र के सुविधि नगर में रहने वाले रोहित बेरबेले की शनिवार रात हत्या हुई थी। रोहित कार चलाता था। उसके दोस्त शव एमवाय अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए थे। अस्पताल में एक्सीडेंट होना बता दिया था। पत्नी निकिता की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर मंगलवार को आरोपित मिलन गौर और ऋतिक ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया।

---

### जनसंपर्क विभाग के उज्जैन कार्यालय में पदस्थ कर्मी कपिल की एक और फिल्म रीलिज

# पत्रकार से बोला - जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ परीविक्षाधीन कर्मी एवं विभागीय परीक्षा दिए बगैर सिर्फ पद नाम का अधिकारी कपिल मिश्रा की बदमिजाजी, अभद्रता एवं बडबोलेपन का एक और मामला उजागर हुआ है। इसने दैनिक लोकदेश के जिला ब्यूरो तथा सेटेलाइट न्यूज चैनल स्वदेश न्यूज के संवाददाता के साथ अभद्रता एवं धमकी देते हुए कहा कि -जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...। संबंधित पत्रकार वासुदेव (विशाल) दुबे ने इसकी शिकायत जनसंपर्क आयुक्त सहित तमाम अधिकारियों से की है। देखना है कि पूर्ववत घुटना पेट की तरफ झुकता है या फिर न्याय का पक्ष लिया जाता है।

श्री दुबे ने अपनी शिकायतों का पुलिंदा खोलते हुए अभद्रता की हदें लांघने वाले दुस्साहसी कपिल की हरकतों को सिलसिलेवार रखा है। उन्होंने इसकी रिकार्डिंग एवं अन्य साक्ष्य भी इसके अधिकारियों को संलग्न कर भेजे हैं लेकिन कार्रवाई की स्थिति में अब तक कुछ भी सामने नहीं आया है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा हो गया है।



**ये है मामला-** श्री दुबे ने दैनिक अवंतिका को अपनी शिकायतों से अवगत करवाते हुए बताया कि वे दो संस्थानों से अधिकृत रूप से जुड़े हुए हैं। इसकी जानकारी जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में पंजीबद्ध है। अधिकृत परिचय पत्र/नियुक्ति संबंधी दस्तावेज संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में पूर्व से जमा हैं। उनके अनुसार संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन द्वारा शासन-प्रशासन की गतिविधियों, मुख्यमंत्री/मंत्रियों के दौरे, प्रशासनिक कार्यक्रमों, प्रेस विज्ञप्तियों एवं अन्य शासकीय सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु पीआरओ उज्जैन नामक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जा रहा है, जिसमें मैं विगत लगभग तीन वर्षों से जुड़ा हुआ था। 24 मई को ग्रुप के एडमिन अभिषेक सिंह राठौड़ (मोबाइल नंबर 6263737706), जो जनसंपर्क कार्यालय में सोशल मीडिया हैंडलर के रूप में कार्यरत हैं ने उन्हें बगैर किसी पूर्व सूचना, कारण अथवा वैधानिक अधिकार के ग्रुप से हटा दिया। इस प्रकार मुझे शासकीय सूचनाओं से जानबूझकर वंचित किया गया, जिससे मेरे पत्रकारिता कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में प्रभारी संयुक्त संचालक जनसंपर्क अरुण कुमार राठौर से जानकारी लेने पर उन्होंने जानकारी होने से इंकार किया और कहा कि वे इस विषय में संबंधित कर्मचारी से बात करेंगे। श्री राठौड़ से जानकारी लेने पर उन्होंने ऊपर से आदेश का हवाला देते हुए सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा से बात करने को कहा। श्री मिश्रा (मोबाइल नंबर 8839327673) से इस संबंध में पूछे जाने पर अव्वल तो उन्होंने विषय से अनभिज्ञता जताई। बाद में अत्यंत अभद्र एवं धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि -जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...। यही नहीं उलट आरोप लगाते हुए मिश्रा ने कहा कि मैं विभागीय कर्मचारी को डरा-धमका रहा हूं। पत्रकार श्री दुबे ने अपनी शिकायत के पक्ष में व्हाटसप ग्रुप का स्क्रीनशॉट, कॉल रिकॉर्डिंग / चैट प्रमाण संबंधित दस्तावेजों की प्रतिलिपि भी उपलब्ध करवाए हैं।

#### पत्रकारों के काम में बाधा डाल रहा

- श्री दुबे ने आरोप में कहा कि यह पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी कपिल मिश्रा ने कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यक्रमों की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई । इस कारण अनेक पत्रकार कवरेज एवं बाइट लेने से वंचित रह गए।
- 5 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन दौरे की सूचना समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसकी शिकायत पत्रकारों द्वारा मौके पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से मौखिक की थी। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को सभी पत्रकारों को समयपूर्व सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए थे।
- 15 मई को मुख्यमंत्री के रामघाट पर सिंहस्थ निर्माण कार्यों के निरीक्षण कार्यक्रम की सूचना भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे पुनः कई पत्रकार कवरेज से वंचित रहे। इस संबंध में भी पत्रकारों ने कलेक्टर को चर्चा कर अवगत करवाया था।

#### मैं करोड़पति हूँ नाम की नौकरी करता हूँ

दो माह पूर्व कपिल मिश्रा के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के विरुद्ध सीपीआर को भी शिकायत संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन के कर्मचारी अशोक मोहरे द्वारा भी की गई थी। श्री मिश्रा कार्यालय के कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करते हैं, उन्हें डराते-धमकाते हैं तथा अहंकारपूर्ण अंदाज में कहते हैं कि मैं करोड़पति हूँ, नाम के लिए नौकरी करता हूँ।

#### प्रशासकीय अधिकारियों को भी नहीं बख्शा

शिकायत में बताया गया है कि कपिल मिश्रा के व्यवहार के कारण कार्यालय में अनुशासनहीनता फैल गई है। इसके अतिरिक्त पूर्व में उनका एसडीएम एवं तहसीलदार के साथ विवाद हो चुका है, जिसकी शिकायत पहले भी वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष पहुंच चुकी है। जनसंपर्क विभाग को श्री महाकाल मंदिर की व्यवस्था से प्रथक किए जाने के दौरान भी मिश्रा ने एक आईएएस अधिकारी से अभद्रतापूर्ण व्यवहार को अंजाम दिया था।

#### विभाग में पत्रकारों से भेदभाव

शिकायत में बताया गया है कि जनसंपर्क विभाग में कार्यरत कुछ अधिकारी / कर्मचारी जानबूझकर चुनिंदा पत्रकारों को ही सूचनाएं उपलब्ध करा रहे हैं तथा अन्य पत्रकारों के साथ भेदभावपूर्ण एवं पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। इससे निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित हो रही है तथा शासन की सूचनाओं के समान प्रसार की भावना भी आहत हो रही है।

#### ये रखी मांग

शिकायत में श्री दुबे ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने, पत्रकारों के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को बंद करने, सभी मान्यता प्राप्त एवं सक्रिय पत्रकारों को समान रूप से शासकीय सूचनाएं उपलब्ध कराने, कपिल मिश्रा द्वारा की गई अभद्रता, मानसिक प्रताड़ना एवं धमकीपूर्ण व्यवहार पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने,पत्रकारों को सूचना समूहों से हटाने एवं शासकीय सूचनाएं रोकने के कारणों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग रखी है।

---

# वंदे भारत ट्रेन पर पथराव, कई खिड़कियों के कांच टूटे

### अब सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही आरपीएफ की टीम की चल रही धरपकड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में बीते सोमवार शाम सात बजे के करीब वंदे भारत ट्रेन पर अचानक पथराव होने लगा, जिसमें करीब चार-पांच खिड़कियों के कांच फूट गए। घटना की जानकारी लगने पर ट्रेन में पहुंचकर जांच की गई। यह घटना हरिफाटक ब्रिज के नीचे हुई है। पुलिस ने जांच के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

आरपीएफ पुलिस के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन के गुजरने के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने पथराव कर दिया, जिससे कोच का कांच टूट गया। घटना से यात्रियों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। हालांकि, किसी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है। आरपीएफ थाना प्रभारी नरेंद्र





यादव ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

#### संयुक्त रूप से मामले की जांच जारी

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि पथराव करने वाले आरोपियों की पहचान की जा सके। पुलिस और आरपीएफ संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रेलवे सुरक्षा से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है।

**गदा पुलिया रेलवे ट्रैक के समीप हुई घटना-** सुपर फास्ट वंदे भारत ट्रेन पर उज्जैन रेलवे स्टेशन से 200 मीटर दूर गदा पुलिया के समीप पथराव हुआ। रेल प्रशासन घटना के बाद सकते में आ गया और कैमरे चेक कर अज्ञात आरोपियों का पता किया जा रहा है। इस तरह वंदे भारत ट्रेन पर पथराव किए जाने की बड़ी घटना है। बताया जा रहा है कि इटारसी, भोपाल होते हुए उज्जैन आ रही वंदे भारत ट्रेन पर गदा पुलिया से नीलगंगा रेलवे ट्रैक के बीच पथराव हुआ था।

#### पीआरओ व आरपीएफ थाना प्रभारी का कहना

आरपीएफ थाना प्रभारी, नरेंद्र यादव ने कहा कि किसी को भी चोट नहीं आई, लेकिन पांच कोच की खिड़कियों को नुकसान हुआ है। अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। कैमरे चेक कर आरोपियों के बारे में पता किया जा रहा है। वहीं, रेलवे के पीआरओ मुकेश कुमार ने कहा कि अभी मुझे इस बारे में कोई जानकारी नही है।

**सीसीटीवी कैमरों में दिखे संदिग्ध-** सूचना मिलने पर आरपीएफ व नीलगंगा पुलिस का बल मौके पर पहुंचा था, जहां युवकों की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरो

---

## पड़ोस के हॉस्टल में धुआं जाने पर भागे छात्र

### इंदौर के पलासिया क्षेत्र में टेंट हाउस में आग लगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में गर्मी के मौसम में आग लगने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। सप्ताहभर में पांच स्थानों पर आग लगने से करोड़ों का माल जलकर खाक हो गया। बुधवार सुबह पलासिया क्षेत्र के एक टेंट हाउस में आग लगी। टेंट हाउस के पास ही एक हॉस्टल था। वहां तक जब धुआं पहुंचा तो अफरा-तफरी मच गई। आग के कारण गोदाम में रखा डेकोरेशन का सामान, कुर्सियां, टेंट के कपड़े सहित अन्य सामग्री जलकर नष्ट हो गई। आग कैसे लगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। फायर ब्रिगेड मामले की जांच कर रही है।

लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकलों के पहुंचने से पहले पूरा गोदाम आग की चपेट में आ चुका था, लेकिन फायर ब्रिगेड ने आग को आसपास की दूसरी दुकानों तक फैलने से रोक लिया। दो टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाया गया। यह दूसरी घटना है जब इंदौर में किसी टेंट हाउस में आग लगी है।

---

# इंदौर में पानी के मुद्दे पर भाजपा को मुंह की खाना पड़ी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पानी के मुद्दे पर चल रही सियासत ने भाजपा को परेशानी में डाल दिया है। पूरे शहर में जिस तरीके से जलसंकट बना हुआ है, उसको लेकर जनता में भी अच्छा संदेश नहीं गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले 15 दिनों से शहर में पानी के लिए त्राहीमाम मचा हुआ है और हर इलाके में पानी के लिए समस्याएं उभरकर आ रही है। हर जगह पर विरोध के स्वर उठाई दे रहे है और इसके साथ ही पूरे शहरभर में भाजपा को लेकर भी नाराजगी सामने आई है। शहर में पानी का मुद्दा इतना भयावह हो गया है कि हर कोई यह चाह रहा है कि जैसे-तैसे इसे निपटाया जा सके। कुल मिलाकर भाजपा को भी परेशानी झेलना पड़ रही है।

अधिकारियों से समन्वय नहीं होने के कारण स्थिति विकराल हुई है। अधिकारियों ने भी पहले से ये चीज तय नहीं की है कि किस तरीके से निपटना है और उसके लिए रणनीति भी नहीं बनाई गई। पार्षद, विधायक और सांसद के साथ महापौर भी देरी से ही मैदान में नजर आए, जबकि पिछले साल पानी कम गिरने के कारण यह तय हो गया था कि इस बार दिक्कत आ सकती है और इसी वजह से मामला भी गंभीर हो गया है। कुल मिलाकर पूरा माहौल बदला हुआ दिख रहा है। नगर निगम के आला अधिकारी भी इस मुद्दे पर स्थिति को भांप नहीं पाए है। पार्टी को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर भी भाजपा की किरकिरी हो रही है। इलाके के संकट से निपटने के लिए किसी के पास कोई तैयारी नहीं की गई है।

---

### सीएम यादव ने उज्जैन सर्किट हाउस में

# दादा गुरु महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन हेलीपेड पर आयोजित कार्यक्रम मे स्व-सहायता समूह की उत्कृष्ट सीआरपी दीदीयों तथा प्रोजेक्ट सवर्धन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को सीएसआर अंतर्गत ईमोटर्ड कम्पनी के द्वारा सी एस आर फंड दी गई इलेक्ट्रॉनिक साईकिल वितरण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साईकिल महिलाओं के दैनिक कार्यों में सुगमता प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके उपयोग



से दीदीयों को आवागमन में सुविधा, आर्थिक एवं समय की बचत होगी। विशेष रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए यह एक उपयोगी एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन का साधन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए आव्हान के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक साईकिल का उपयोग ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा।इससे दीदीयों को दैनिक कार्यों में ईंधन की खपत नही होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और अनुकूलन भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदीयों को इलेक्ट्रॉनिक साईकिल उपलब्ध कराना उनकी कार्यक्षमता, आत्मनिर्भरता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ता ,एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकताओं दीदीयो को इलेक्ट्रिक साइकिल भेंट की यह साइकिल कंपनी के द्वारा सी एस आर फंड से दी गई है इससे दीदीयो को अपने कार्य करने में सुविधा भी होगी और पेट्रोल की बचत भी होगी।

---

# श्री पशुपतिनाथ मंदिर नगर वन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन के अंतर्गत समस्त नगर विकास समितियों द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गत दिवस एक भव्य कार्यक्रम श्री पशुपतिनाथ मंदिर नगर वन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रमदान, जल स्त्रोत पूजन, गौ माता पूजन एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अजीता परमार, शासकीय निकाय सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य रहीं।

कार्यक्रम में बावड़ी पर श्रमदानकर स्वच्छता कार्य किया गया जल स्त्रोत पूजन के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया गौ माता एवं भगवान श्री पशुपतिनाथ का पूजन-अर्चन




कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई संध्या में भजन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि श्रीमती अजीता परमार ने अपने उद्बोधन में कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जनभागीदारी के बिना जल स्त्रोतों का संरक्षण संभव नहीं है। हम नगर विकास समितियों द्वारा किए जा रहे इन सराहनीय सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों की करते है और सभी नागरिकों से अपील करते है कि वे इस अभियान से जुड़ें।

अरुण व्यास, विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद ने कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और सामाजिक सहभागिता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के कुलदीप राजपुरोहित, सुनील बारोड, श्रीमती करुणा शितोले सहित समस्त नगर एवं ग्राम विकास समिति सदस्य, परामर्शदाता, सीएमसीएलडीपी इंटर्न एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम धार्मिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता से परिपूर्ण रहा, जिसमें जल संरक्षण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

---

# नाबार्ड के सॉफ्टवेयर से जुड़ेंगी 5207 सहकारी समितियां

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

प्रदेश की 5207 सहकारी समितियों को अब नाबार्ड के डिजिटल सॉफ्टवेयर सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इस नई व्यवस्था के तहत समितियों के कामकाज, लेन-देन, खाद-बीज वितरण और किसानों को दिए जाने वाले ऋण की पूरी जानकारी ऑनलाइन दर्ज होगी। सरकार का दावा है कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और गड़बड़ियों पर रोक लग सकेगी। हालांकि, इस फैसले को लेकर सहकारी क्षेत्र में चिंता भी बढ़ रही है। कई समितियों के पदाधिकारियों का कहना है कि अब स्थानीय स्तर पर फैसले लेने की स्वतंत्रता कम हो जाएगी और दिल्ली से सीधे निगरानी बढ़ेगी। किसानों को आशंका है कि तकनीकी खामियों या नेटवर्क




समस्या के कारण खाद और ऋण वितरण प्रभावित हो सकता है।

जानकारी के अनुसार, नाबार्ड ने डिजिटल सिस्टम लागू करने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसके तहत समितियों में कंप्यूटर, इंटरनेट और ऑपरेटर की व्यवस्था की जा रही है। सरकार का कहना है कि इससे भ्रष्टाचार कम होगा और किसानों को योजनाओं का लाभ तेजी से मिलेगा।

वहीं विपक्ष इसे सहकारी संस्थाओं पर केंद्रीकृत नियंत्रण बढ़ाने की कोशिश बता रहा है।

न्यूज कालम



## भागवत कथा से जुड़ने वाले पर लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है-पं. उमाशंकर

**मंडलेश्वर** ।जो व्यक्ति श्रीमद भागवत कथा से जुड़ जाता है उस पर हमेशा माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है वह कभी दरिद्र नहीं रहता।उक्त प्रेरक उदगार पंडित उमाशंकर पुराणिक (देवास) ने पवित्र नगरी मंडलेश्वर के राम घाट नर्मदा तट पर स्थित माँ नर्मदा आरती मंडल आश्रम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ से व्यक्त किए।कथा के यजमान जुलवानिया जिला बड़वानी के पवन साहू एवं इंदौर के उत्तम साहू थे। 21 मई से शुरू हुई कथा के समापन अवसर पर कथावाचक पंडित उमाशंकर पुराणिक ने श्रीमद भागवत का सरल अनुवाद करते हुए बताया कि श्री का मतलब होता है लक्ष्मी जो भागवत कथा से जुड़ता है उसे लक्ष्मी कि कृपा मिलती है। मद का मतलब होता है घमंड जो भागवत कथा से जुड़ता है उसका घमंड दूर हो जाता है। भागवत का अर्थ है जो भक्ति मार्ग पर चलने लगे उसे ज्ञान मिलेगा उसे वैराग्य मिलेगा अर्थात उसकी इच्छाओ वासनाओं का दमन होगा और वह भव सागर से तर जाएगा और उसे अंत में भगवान के श्री चरणों में स्थान मिलता है।भागवत कथा के समापन अवसर पर यजमान पवन साहू और उत्तम साहू ने कथा वाचक का सम्मान किया इसके बाद माधुरी प्रेम नारायण साहू, नंदिनी अनिल साहू लीना प्रमोद साहू अरुणा संतोष चौहान ने श्रीमद भागवत जी की आरती की।इस अवसर पर मंडलेश्वर, जुलवानिया और इंदौर के भक्त गण उपस्थित रहे।

## जिला सहकारी बैंक की ठिबगांव शाखा में 41 लाख 58 हजार रुपये का गबन

**खरगोन।** जिले की जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की ठिबगांव शाखा में 41 लाख 59 हजार रुपये के गबन का मामला सामने आया है। यह मामला शाखा में कैश मिलान के दौरान उजागर हुआ, जिसके बाद बैंक प्रबंधन में हड़कंप मच गया। प्राथमिक जांच के आधार पर बैंक प्रबंधन ने ठिबगांव शाखा के कैशियर रितु गोयल, सहायक गणक त्रयम्बक वाणी तथा शाखा प्रबंधक राजेश राठौर को निलंबित कर दिया है। जिला सहकारी बैंक की प्रबंध संचालक संध्या रोकडे ने कार्रवाई करते हुए तीनों कर्मचारियों के खातों को भी सीज करने के निर्देश दिए हैं। बताया जा रहा है कि कैशियर रितु गोयल घटना सामने आने के बाद से बिना सूचना शाखा से गायब है और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए बैंक प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दे दी है।एमडी संध्या रोकडे ने विभागीय जांच के लिए विशेष टीम गठित कर जांच शुरू करवा दी है। उन्होंने कहा कि गबन के लिए जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा गबन की पूरी राशि की वसूली भी की जाएगी।फिलहाल बैंक प्रबंधन और पुलिस मामले की जांच में जुटे हुए हैं।

## शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर में प्रवेश हेतु टैलेंट सर्च शुरू,

**बड़वानी** ।आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश भोपाल के निदेर्शानुसार शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर बड़वानी में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया ( टैलेंट सर्च ) प्रारंभ कर दी गई है। पीएमश्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 बड़वानी के प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत मिनी वर्ग में कक्षा ६वीं (जन्म वर्ष 2015), कक्षा 7वीं (जन्म वर्ष 2014) व कक्षा 8वीं (जन्म वर्ष 2013), जूनियर वर्ग में कक्षा 9वीं (जन्म वर्ष 2012) व कक्षा 10वीं (जन्म वर्ष 2011) तथा सीनियर वर्ग के लिए जन्म तिथि वर्ष 2010 होना आवश्यक है, जिनका अंतिम चयन बैटरी टेस्ट के माध्यम से किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक बालक एवं उनके पालकगण शासकीय बालक क्रीड़ा परिसर बड़वानी में प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक उपस्थित होकर क्रीड़ा परिसर अधीक्षक से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है।

## 28 मई को विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी बडवानी के सहायक यंत्री से प्राप्त जानकारी अनुसार 28 मई गुरूवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 33/11 केव्ही रेहगुन सब स्टेशन पर 3.15 एमबीए का पीटीआर स्थापित करने का कार्य किया जायेगा । जिस कारण से निम्न क्षेत्रो के कृषि एवं घरेलू विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी । रेहगुन , सजवानी, बालकुआ, सिन्धीखोदरी, धाबाबावड़ी एवं धमनई में विद्युत बाधित रहेगी । वहीं रेहगुन, बालकुआ, सिन्धीखोदरी सिंचाई फीडर पर भी विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

## मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के तहत आर्थिक सहायता

**बड़वानी** ।कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त श्रीमति जयति सिंह ने टक्कर मारकर भागना मोटरयान दुर्घटना के अंतर्गत जामनिया एबी रोड पर 24 अक्टूबर 2025 को घोर उपहति हुई खण्डवा निवासी जालुसिंह पिता रामचन्द्र की मृत्यु होने पर उसके विधिक प्रतिनिधि पत्नी श्रीमती शांतिबाई पति जालुसिंह को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। इसी प्रकार 22 अक्टूबर 2025 को ग्राम मोयदा में मोटरयान दुर्घटना में अनिल पिता हरेसिंह की मृत्यु होने पर उसके विधिक प्रतिनिधि पत्नी श्रीमती गोपीबाई पति अनिल को प्रतिकर के रूप में 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है।

## ब्लैक स्पॉटो पर सड़क दुर्घटनाओं में आई कमी

**बड़वानी** । कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के माध्यम से जिले में स्थित 14 ब्लैक स्पाटों पर होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये 31 दिसम्बर को एक निरीक्षण दल का गठन किया गया था । जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं ब्लैक स्पाट से संबंधित सड़क निर्माण एजेंसियो द्वारा सुधारात्मक कार्य किया जाना था । जिला सड़क सुरक्षा समिति की 26 मई को सम्पन्न बैठक में यह स्थिति सामने आई है कि जिन 14 ब्लैक स्पॉटो पर निरीक्षण एवं सुधार कार्य किये गये।

# बनारस की गंगा आरती की तरह मंडलेश्वर घाट पर हुई माँ नर्मदा आरती

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

पिछले 31 वर्षों से नर्मदा घाट मंडलेश्वर पर चली आ रही नर्मदा आरती को गंगा दशमी पर भव्य रूप प्रदान करते हुए बनारस की गंगा आरती की तर्ज पर किया गया जिसमे आस्था और भक्ति का सैलाब नर्मदा घाट पर देखा गया जिसमे नगर और सुदूर क्षेत्रो से आए भक्तों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

स्थानीय माँ नर्मदा आरती मंडल के साथ नगर परिषद और स्थानीय लोगो के सहयोग से आयोजित भव्य माँ नर्मदा आरती का शुभारम्भ गंगा दशमी से हुआ।पहली महाआरती के यजमान माँ नर्मदा आरती मंडल के संतोष चौहान, मुकेश श्रीवास ना-अंकल, पवन तंवर और प्रदीप ठक्कर ने सपत्निक नर्मदा पूजन अभिषेक और चुनरी अर्पण किया। निर्धारित समय 7.30 बजे पंडित शुभम जोशी के आचार्यत्व में पंडित अंश काशिव और तुषार व्यास ने वैदिक मंत्रो के साथ सबसे पहले शिव आरती की उसके बाद नर्मदा अष्टक का पाठ किया गया उसके बाद माँ नर्मदा की भव्य महाआरती की गई।



**रामघाट बना ऐतिहासिक पल का गवाह**

कई धार्मिक आयोजनों और कार्यक्रमों का एक सदी से अधिक समय से साक्षी रहा रामघाट इस बार ऐतिहासिक महाआरती का भी गवाह बना। रामघाट के पास ही भव्य महाआरती के लिए नगर परिषद द्वारा सुंदर साज सज्जा की गई इस हेतु महाआरती के लिए दक्षिण मुखी तीन मंच लगाए गए जहाँ माँ नर्मदा के विग्रह स्थापित किए गए एक मंच पूर्वा मुखी बनाया गया जहाँ माँ नर्मदा आरती मंडल के सदस्य यजमानो ने महाआरती की।रात्रि में विद्युत सजावट से जगमग नर्मदा घाट पर भक्तों की भीड़ महाआरती की एक झलक पाने के लिए मौजूद रही रामघाट से लेकर ऊपर शिव मंदिर,राम मंदिर तक भक्त उपस्थित रहे। इस महाआरती में महिलाओ के कई ग्रुप भी आरती लेकर साथ में महाआरती में सह भागिता कर रही थी विशेषकर युवा लड़कियों और बालिकाओं ने भी महाआरती में अपनी जीवंत उपस्थित दर्ज कराई।

इस भव्य आयोजन में नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे की भूमिका सराहनीय रही उन्ही के विचार को मूर्त रूप मिला अध्यक्ष ने महाआरती को सफल बनाने के लिए पत्रकारों सोशल मिडिया और नगर की धर्म प्रेमी जनता का आभार मानते हुए बताया की इस तरह की महाआरती प्रति अमावस्या और पूर्णिमा को आयोजित की जाएगी अगली माँ नर्मदा महाआरती 31 मई अमावस्या पर की जाएगी।भव्य महाआरती में नर्मदा आश्रय स्थल के सेवादार रत्नदीप मोयदे, थाना प्रभारी पंकज तिवारी,सी एम ओ संजय रावल,संजीव राठौड,मनीष पाटीदार, गणेश वर्मा,राजेन्द्र चौहान, गणेश मामा पाटीदार,बबलू श्रीवास,हरि प्रसाद अग्रवाल जुलवानिया जिला बड़वानी से भागवत कथा करवाने पहुँचे पवन साहू विपिन सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त शामिल रहे।

## बुरहानपुर में तीन लाख की लूट का खुलासा, ट्रक के पुराने मालिक ने दोस्तों संग रची थी साजिश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

निंबोला थाना क्षेत्र के कटी घाटी हाईवे पर ७ मई को हुई ३ लाख रुपये की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस वारदात को ट्रक के पुराने मालिक ने ही अपने इंदौर के दोस्तों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य अभी फरार हैं।



बुधवार दोपहर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी एएस कनेश ने बताया कि 7 मई को अजय वास्कले ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर कटी घाटी के पास काली कार में सवार चार लोगों ने उनका आयशर ट्रक (डी-01 जी-9963) रोककर 3 लाख रुपये लूट लिए थे। एसपी आशुतोष बागरी के निर्देश पर निंबोला टीआई राहुल कांबले की टीम ने जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर इंदौर तक 15 से अधिक ढाबों, चौकियों और थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान एक बिना नंबर की काली होंडा अमेज मिली। इंदौर कंट्रोल रूम की मदद से कार का नंबर (एमपी 09-बीएच-0860) ट्रेस किया गया।

धार निवासी कार मालिक दिनेश पाटीदार से पूछताछ में पता चला कि उनका दोस्त युग श्रीवास्तव कार ले गया था। युग श्रीवास्तव ने कबूल किया कि वह आवेश मंसूरी, संतोष उर्फ बाबा और मो. अली के साथ 7 मई की सुबह 3 बजे इंदौर से निकला था।

आवेश मंसूरी व्हाट्सएप कॉल के जरिए इंदौर के जुबेर मंसूरी और समीर उर्फ अन्ना से ट्रक की लोकेशन ले रहा था।

जांच में सामने आया कि जुबेर मंसूरी ही ट्रक का पुराना मालिक था और उसने ही लूट की साजिश रची थी। पुलिस ने मो. अली, युग श्रीवास्तव और जुबेर मंसूरी, सभी इंदौर निवासी, को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आवेश मंसूरी (निवासी चंदन नगर, इंदौर), संतोष उर्फ बाबा (निवासी उदयनगर) और समीर उर्फ अन्ना (इंदौर) अभी फरार हैं। पुलिस की टीम फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## श्री ठाकुर मानव अधिकार परिषद के प्रदेश सचिव बने



**मंडलेश्वर।** मानव अधिकार परिषद (भारत) की राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती राजपूत की सहमति और प्रदेश अध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर की अनुसंशा से परम गौ भक्त गौ रक्षक गौ सेवक वरिष्ठ समाज सेवक वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रवादी वक्त श्री किशोर सिंह ठाकुर तकन बाबा गायवाला देवगढ़ चोली को मानव अधिकार परिषद (भारत) का प्रदेश सचिव बनाया गया श्री ठाकुर के प्रदेश सचिव बनने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है और सभी क्षेत्रवासियों ने बधाइयां दी बधाई करता श्री शिवशंकर रोकड़े मनोज केवट जितेंद्र वर्मा लोकेश केवट दीपक सिंह तोमर संदीप मकवाना विलास भानु अनिल शर्मा बाबा सुभाष नायक संजू वर्मा नानूराम सेन प्रमोद शर्मा सचिन ठाकुर अश्विन ठाकुर गौतम ठाकुर कुंजेश ठाकुर निलेश ठाकुर लकी बन्ना अभिलाष ठाकुर सचिन मेवाडे देवानंद ठाकुर अक्षय पटेल शुभम ठाकुर राजा सेठी सुमित ठाकुर अभिषेक ठाकुर सावन शेट्टी कुलदीप पटेल दीपक पटेल नटवर यादव राजा मानवारे प्रीतमनाथ योगी राहुल ठाकुर महेंद्र यादव महेश नाथ योगी विवेक ठाकुर देवेंद्र ठाकुर गोविंद ठाकुर आदि ने शुभकामनाएं दी।



## गजेंद्र पाटील के जन्मोत्सव पर दादा मित्र मंडल ने किया पौधारोपण

**नेपानगर।** खंडवा-बुरहानपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद के प्रिय भतीजे, युवा नेता श्री गजेंद्र पाटील गज्जू दादा के जन्मोत्सव पर दादा मित्र मंडल एवं नेपानगर मंडल के युवा साथियों व स्नेहजनों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर नेपानगर मंडल अध्यक्ष निलेश महाजन, मंडल महामंत्री राहुल यादव, संजय विजयवर्गीय, विजय यादव, मनोज माहेश्वरी, नितेश वर्मा, विनोद तिवारी, गणेश दुगे, प्रमोद पगारे, दीपक पाटिल, मयूर सोनवने, आकाश काकोड़िया, मोहित हरने, अमर सिंह पवार, उत्तम कैथवास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम नेपानगर के विभिन्न स्थानों पर किया गया। दादा मित्र मंडल के श्याम वानखेड़े ने बेल पत्र का, गोविंद राजपूत ने नींबू का, वहीं अभय दलवी और आयुष मराठा ने नींबू के पौधे लगाए। कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए च्गज्जू दादाज को शुभ जन्मोत्सव की बधाई दी।

## कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

### प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने का निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभा कक्ष में विभिन्न मामलों मे जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने का निर्देश दिए गए।

उज्जैन निवासी श्रीमती पूजा सोनवने ने आवेदन दिया की वे ५० प्रतिशत दिव्यांग है और कुछ समय से अत्यधिक तनाव होने के कारण उनकी मानसिक स्थिति काफी प्रभावित हुई है । उनके पति भी पैर से दिव्यांग है और उन्होंने ऑटो रिक्शा चलाने के लिए ऋण लिया था । कुछ समय से आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे समय पर अपनी किस्त जमा नहीं कर पा रहे है। अतः उन्हें शासन की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाए । कलेक्टर श्री सिंह ने इस पर श्रम विभाग और सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों को बुलाया और प्रार्थियां और उनके पति को नियमानुसार हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए । प्रार्थियां ने कलेक्टर श्री सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया ।

उज्जैन निवासी श्री राजकुमुद ने आवेदन दिया कि वे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय से भृत्य के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं परंतु उन्हें जीपीएफ फाइनल की राशि का भुगतान आज दिनांक तक नहीं किया गया है ।

इस पर उच्च शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी को प्रकरण की जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए ।

खाचरौद के ग्राम भीकमपुर निवासी श्री चंदरसिंह ने आवेदन दिया की गांव में स्थित उनके स्वामित्व की कृषि भूमि पर आवागमन के मार्ग पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस वजह से उन्हें कृषि कार्य में बहुत कठिनाई हो रही है। उन्होंने इस संबंध में जब अनावेदक से बात की तब उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया । इस पर कलेक्टर ने एसडीएम खाचरौद को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

खाचरौद के ग्राम कंचनखेड़ी निवासी श्रीमती पवनबाई ने आवेदन दिया की गांव में स्थित उनके मकान के पास रहने वाले कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा करने की मंशा से उनके मकान की एक तरफ की दीवार और टिनशेड तोड़ दिया गया है तथा प्रार्थियां और उनके पति के साथ मारपीट की गई है । इस पर एसडीएम खाचरौद को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए ।

## अग्निवीर भर्ती रैली (महू, इंदौर) के परिणाम घोषित

उज्जैन। सेना भर्ती कार्यालय, महू (मध्य प्रदेश) द्वारा नवंबर-दिसंबर 2025 में इंदौर (म.प्र.) में आयोजित भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती रैली के विभिन्न पदों का परिणाम 25 मई 2026 को घोषित कर दिया गया है। इस रैली में उज्जैन और इंदौर संभाग के 15 जिलों के उम्मीदवारों ने भाग लिया था। सभी सफल उम्मीदवारों की सूची भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सभी उत्तीर्ण उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे 28 मई 2026 (बुधवार) को प्रातः 7 बजे सभी मूल दस्तावेजों सहित सेना भर्ती कार्यालय, महू (म.प्र.) में प्रारंभिक निर्देशों के लिए उपस्थित हों। भारतीय सेना सभी सफल उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई देती है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। भारतीय सेना में चयन पूर्णतः पारदर्शी एवं केवल मेरिट के आधार पर किया जाता है। उम्मीदवार किसी भी प्रकार के दलालों/मध्यस्थों से सावधान रहें। किसी भी स्पष्टीकरण या जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, महू (म.प्र.) के दूरभाष नंबर 07648815570 पर संपर्क किया जा सकता है।

## गत वर्ष से 29 प्रतिशत अधिक किसानों से गेहूं का उपार्जन किया

**जिला गेहूं उपार्जन में प्रदेश में प्रथम स्थान पर**

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में रबी उपार्जन वर्ष 2026-27 में उपार्जन केंद्रों पर कृषकों को ठंडे पेयजल, बैठने के लिए छांव, समय पर भुगतान के साथ सुचारू रूप से जारी है।जिले में भी कृषकों से गेहूं उपार्जन 28 मई तक जारी है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में जिले में 198 उपार्जन केंद्रों पर 26 मई ,12 बजे दोपहर तक 97,474 कृषकों से 7 लाख 83 हजार 574 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। कुल उपार्जन में से 96 प्रतिशत गेहूं का परिवहन किया जा चुका है। 97,474 कृषकों से 7 लाख 83 हजार 574 मैट्रिक टन गेहूं के उपार्जन के विरुद्ध 2056.88 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किसानों को सुलभता से २-३ दिवस में उनके खातों में किया जा रहा है। किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कर उपार्जन करने की प्रकिया और 2 से 3 दिवस में भुगतान होने पर प्रसन्नता व्यक्त की जा रही है। गत रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में 75,344 कृषकों से 6,75,856 मैट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कृषक भाइयों से किया गया था। 6,75,856 मैट्रिक टन उपार्जित गेहूं के विरुद्ध 1,756 करोड़ रुपए राशि का भुगतान कृषकों को गत वर्ष किया गया था।

## मनासा में गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

जिले के ?मनासा मे प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'जल संवर्धन अभियान' के तहत, नगर परिषद मनासा द्वारा दिनांक २६ मई को राम तलाई पर गंगा दशहरा पर्व का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया*

इस अवसर पर जहां एक ओर गंगा आरती की दिव्य छटा बिखरी, वहीं दूसरी ओर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने जल संरक्षण का संकल्प लिया ?"जल है तो कल है" झ विधायक अनिरुद्ध माधव मारू

?कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनासा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने जल की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि "जल है तो कल है" और जल को बचाना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि वे अपने आसपास जीव-जंतुओं और गौमाता के लिए पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि भीषण गर्मी में किसी भी बेजुबान को प्यासा न रहना पड़े स्वच्छता और जल संचयन का आह्वान ?नगर परिषद मनासा की अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कहा कि मंदिरों की नगरी मनासा को साफ और स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि पानी को व्यर्थ न बहाएं और अपने क्षेत्र के कुओं व बावड़ियों की समय-समय पर सफाई करना सुनिश्चित करें, ताकि जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित किया जा सके कार्यक्रम में इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस पुनीत आयोजन में जिला भाजपा उपाध्यक्ष आशीष सारंडा, जिला भाजपा मंत्री अश्विनी सोनी, कुशाभाऊ ठाकरे मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा और युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चंद्रावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए ?कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय पाटीदार, पार्षद राजु माली, प्रवीण जोनवाल, दशरथ खाटवा, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र मारू, बंटी सहगल, लालचंद राठौर, सचिन राठौर, एल्डरमैन बाबू विजयवर्गीय, अनिल राठौर, महेश व्यास, विकास कछावा, पूर्व पार्षद पंकज पोरवाल, मंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र सोनी, जितेंद्र पोरवाल, दशरथ प्रजापति, नगर परिषद इंजीनियर रविश कादरी सहित नगर के गणमान्य नागरिक, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पार्षद प्रतिनिधि दिनेश राठौर ने किया और आभार नगर परिषद मनासा उपाध्यक्ष किशोर जोलनिया मना है।

## ग्राम लसूडिया बाजार एवं गुढ़ा में प्राचीन जल स्त्रोतों का पूजन-अर्चन किया

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान और गंगा दशमी उत्सव पर गत दिवस मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड घट्टिया के रुई सेक्टर के अंतर्गत नवांकुर संस्था सुरभि जन कल्याण समिति के नेतृत्व में ग्राम प्रस्फुटन समिति द्वारा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम लसूडिया बाजार में प्राचीन तालाब का पूजन-अर्चन कर ग्रामीण महिलाओं द्वारा जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर पहुंची, जहां जलाभिषेक किया गया। तत्पश्चात संस्था अध्यक्ष श्री रुपेश परमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल बचाने, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता बनाए रखने का महत्वपूर्ण संदेश दिया।इस अवसर पर ग्राम सरपंच श्री रामेश्वर आंजना,पंचायत समन्वयक अधिकारी श्री केदार परिहार, पंचायत सचिव श्री गोपाल आंजना,प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष श्री ईश्वर प्रजापति,सचिव श्री विनोद गोयल,सहायक सचिव श्री बालाराम, वरिष्ठ सदस्य श्री भेरू सिंह पटेल, श्री महेश पटेल, श्री कालू सिंह , श्री बहादुर सिंह जी एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम उमरिया खालसा में हुआ जल स्त्रोत पूजन

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड उज्जैन के सेक्टर लेकोड़ा अंतर्गत ग्राम उमरिया खालसा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोत पूजन एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जल स्त्रोतों का पूजन कर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया तथा आसपास के क्षेत्र में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता कार्य किया गया। उपस्थित जनों ने जल बचाने, पर्यावरण संरक्षण तथा वृक्षारोपण के प्रति जनजागरण का संदेश दिया।इस अवसर पर श्री अरुण व्यास, विकासखंड समन्वयक, जन अभियान परिषद एवं श्री उत्कर्ष सिंह सेंगर, अध्यक्ष, सोसायटी ऑफ ग्लोबल साइकिल (चयनित नवांकुर संस्था) विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों, युवाओं एवं समिति कार्यकर्ताओं का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

## किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न

**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा के मार्गदर्शन एवं भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपत आंजना के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय तपोभूमि पर किसानों के साथ मन की बात कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच एवं किसान मोर्चा की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक को भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य महेंद्र भटनागर, किसान मोर्चा प्रभारी गणपत आंजना, मन की बात के जिला प्रभारी आदित्य मालू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा मोडी ने संबोधित किया। सर्वप्रथम भारत माता, डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक की शुरूआत की गई। स्वागत उद्बोधन किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा ने दिया। मन की बात प्रभारी आदित्य मालू ने अपने उद्बोधन में सभी बूथ पर एवं शक्ति केन्द्र पर 100 मन की बात कार्यक्रम को सुनने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## न्यूज -कॉलम

### हिरासत में चाकू से कातिलाना हमला करने वाले आरोपी

**उज्जैन।** रविवार को राजीव रत्न कालोनी में घूरकर देखने की बात पर मोनू चौहान से विवाद करने वाले युवकों ने बीच-बचाव करने आये मोनू के भाई प्रेम पिता तिलक कुरवाडिया पर चाकू से कातिलाना हमला कर दिया था। प्रेम को 8 चाकू मारे गये थे, जिसके चलते वह गंभीर घायल हो गया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले में जानलेवा हमला करने की धारा का प्रकरण दर्ज किया था। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि बुधवार को हमले में शामिल अरोपी यश पिता संजीव शिंदे निवासी इंदौर, कौशल उर्फ गोलू पिता रवि हटकर निवासी राजीव रत्न कालोनी और 2 अन्य को गिरफ्तार कर लिया। दो अन्य आरोपितों को परिजन नाबालिग बता रहे थे, लेकिन कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाये। जिसके चलते चारों को दोपहर में कोर्ट पेश कर जेल भेजा गया है। घायल पक्ष की ओर से भी आरोपी पक्ष के साथ मारपीट की गई थी। जिसके चलते दूसरे पक्ष से भी कुछ युवकों को चोंट लगी थी। उक्त घायलों की ओर से भी मामले में मारपीट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

### प्रतापगढ़ में नहीं मिले ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले

**उज्जैन।** पांच दिन पहले नानाखेड़ा थाना पुलिस ने पल्सर बाइक पर सवार 2 युवकों को इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के पास पकडा था। जिनके पास 35 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई थी। पूछताछ में दोनों के नाम आफताब उर्फ राजा पिता अब्दुल खालिद खान 29 साल और देव पिता गोपाल श्रीवास 22 साल निवासी दमदमा सामने आये। जिनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर पांच दिनों की रिमांड पर लिया गया था। दोनों ने राजस्थान के प्रतापगढ़ से ड्रग्स लाना कबूल किया था। पुलिस की एक टीम प्रतापगढ़ पहुंची थी, जहां ड्रग्स उपलब्ध कराने वालों की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। दोनों आरोपित युवकों का कहना था कि वह ड्रग्स देने वाले को नाम से नहीं जानते है। सिर्फ प्रतापगढ़ में कुछ ठिकानों पर मिलते थे। एसआई शशिकांत गौतम ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करों का पता नहीं मिले और दोनों आरोपितों का रिमांड खत्म होने पर बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजे के आदेश होने पर केन्द्रीय भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

### शराब दुकान के पास बेहोशी की हालत में मिला युवक

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम करोंदिया स्थित शराब दुकान के पास से बुधवार को बेहोशी की हालत में एक युवक पड़ा मिला। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया गया। युवक का नाम जितेन्द्र पिता रमेशचंद्र प्रजापत 35 साल निवासी तिरूपतिधाम कालोनी सामने आया है। डॉक्टरों ने परीक्षण के दौरान जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई और उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना नागझिरी थाना पुलिस को दी गई है। युवक के होश में आने पर उसकी बिगड़ी हालत की स्पष्ट जानकारी सामने आ पायेगी।

### मकडावन में 36 घंटे बाद मिली लापता हुई बालिका

**उज्जैन।** उन्हेल थाना क्षेत्र से लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने 36 घंटे में ग्राम मकडावन से बुधवार को दस्तयाब कर लिया। बालिका के सुरक्षित मिलने पर उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया है। थाना प्रभारी संतोष चौहान ने बताया कि बालिका के परिजनों ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। बालिका के मिलने पर वह काफी गुमसुम थी। जिसके चलते उसके बयान महिला अधिकारी के माध्यम से दर्ज कराये जायेगें। उसके बाद जो तथ्य सामने आयेगें, उसके आधार पर आगे की विवेचना शुरू की जायेगी। थाना प्रभारी ने संभावना जताई है कि बालिका को युवक अपने साथ ले गया था। बालिका के बयान दर्ज होने पर मामले में धारा ब?ाई जा सकती है और आरोपी को गिरफ्तार किया जा सकता है। बालिका को तलाश करने में सायबर टीम के एसआई प्रतिक यादव, थाना एएसआई नरेन्द्र भूरिया, भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक संजीव नेम, आरक्षक जार्जसिंह पाल और ललित राठौर का सहयोग रहा।

### कारों की भिड़ंत के बाद चले पत्थर-डंडे, 3 घायल

**उज्जैन।** नागझिरी थाना क्षेत्र के क्षिप्रा विहार स्थित 56 दुकान के सामने 2 कारों के बीच भिड़त हो गई। एक कार में सवार गौरव पिता जसवंतसिंह कपूर निवासी केशव नगर, उसके साथी शुभम पिता राजेन्द्र सिंह ठाकुर सांईधाम कालोनी और कृष्णा पिता महेन्द्र ठाकुर निवासी ढांचा भवन ने दूसरी कार चालक को देखकर चलाने को कहा तो उक्त कार क्रमांक एमपी 13 सीडी 7323 के चालक और उसके साथियों ने तीनों के साथ गाली-गलौच करते हुए पत्थर-डंडे से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। नागझिरी थाना एएसआई द्वारिका प्रसाद ने बताया कि मामले में तीनों घायलों की शिकायत पर कार चालक और उसके साथियों के खिलाफ मारपीट करने के साथ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 679-2 | 290-1 |
| मेन बाजार | 560-1 | 467-7 |
| कल्याण नाइट | 340-7 | 235-0 |
| मिलन डे | 236-1 | 179-7 |
| मिलन नाइट | 450-9 | 389-0 |
| मधुर डे | 469-9 | 168-5 |
| मधुर नाइट | 349-6 | 235-0 |
| शुभांक | 3 4 | 9 |

# ईद-उल-अजहा से पहले पुलिस का फ्लैग मार्च

## अफवाहों से दूर रहने की अपील, ईदगाह पर आज होगी मुख्य नमाज





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व मुस्लिम समुदाय द्वारा आज मनाया जायेगा। उससे पहले बुधवार शाम पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की सडकों पर पुलिस का सायरन गूंजा और शांतिपूर्ण, सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में शाम को पुलिस ने फ्लैग मार्च किया और संवेदनशील क्षेत्रों में भ्रमण किया। सभी थाना प्रभारियों ने अपने क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारियों की मौजूदगी में पुलिस वाहनों के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजन, व्यापारियों के साथ नागरिकों से संवाद कर पर्व को अपासी भाईचारे, शांति, सौहार्द्र और सुरक्षित वातावरण में मनाने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों को अफवाहो से दूर रहने, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशन प्रसारित नहीं करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल संबंधित थाना पुलिस को देने निर्देश दिये। शहर में फ्लैग मार्च एएसपी (शहर) आलोक शर्मा के मार्गदर्शन में निकाला गया। जिसमें सीएसपी नानाखेडा श्वेता गुप्ता, सीएसपी जीवाजीगंज पुष्पा प्रजापति, माधवनगर सीएसपी दीपिका शिंदे, कोतवाली सीएसपी दीपक मरावी अपने क्षेत्र के थाना प्रभारियों के साथ संवेदनशील क्षेत्रों से लेकर प्रमुख मार्गो से गुजरे। ग्रामीण क्षेत्रों में थाना प्रभारियों ने अनुविभागीय अधिकारियों के साथ फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा का भाव बना रहे और कानून व्यवस्था का पालन करना था। उज्जैन पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है। पर्व के दौरान जिले में लगातार गश्त, पेट्रोलिंग एवं संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी, जिससे आमजन निर्भीक होकर पर्व मना सकें।

#### थानों पर आयोजित की गई बैठक

ईद-उल-अजहा पर्व से पहले शहर और ग्रामीण थानों पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, वर्तमान और पूर्व पार्षद, हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के वरिष्ठ लोग शामिल हुये। इस दौरान पर्व को शांति और सौहार्द्र के साथ मनाने और कानून व्यवस्था का पालन करने की समझाईश दी गई। दोनों समुदाय ने त्यौहारों को सौहार्द्र वातावरण में मनाने की बात कहीं।

#### सुबह 7.30 बजे होगी मुख्य नमाज

ईद-उल-अजहा की मुख्य नमाज आज सुबह 7.30 बजे ईदगाह पर अता की जायेगी। शहरकाजी खलीकुर्रहमान ने बताया कि मुख्य नमाज अता होने के बाद शहर की अन्य मस्जिदों में नमाज अता कराई जायेगी। शहर की सभी मस्जिदों में सुबह 8.30 बजे तक नमाज अता करा ली जायेगी। पुलिस प्रशासन ने भी मस्जिदों के आसपास और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस जवानों की ड्युटी तय कर दी है।

# दर्शन से पहले नहाने गया युवक खाल में डूबा



**उज्जैन।** दोस्त के साथ दर्शन करने पहुंचा युवक नहाने के लिये मंदिर के पास बनी खाल में नहाने चला गया, लेकिन डूब गया। दोस्त की सूचना पर परिवार और पुलिस पहुंची। कुछ घंटे बाद युवक का शव बाहर निकाला गया।

माकडोन के ग्राम टुकराल में रहने वाला बाबूलाल पिता रामचंद्र सोलंकी 46 साल दोस्त सुरेश के साथ बाइक से ग्राम खेडा चितावलिया दुधेश्वर महादेव मंदिर दर्शन करने पहुंचा था। मंदिर के पास खाल में पानी भरा होने पर उसने नहाने की इच्छा जताई और दोस्त को छोड चला गया। नहाने के दौरान गहरे पानी में जाने से बाबूलाल डूब गया। दोस्त ने परिवार को पुलिस को सूचना दी। पत्नी चंदाबाई और पुत्र शुभम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बाबूलाल की तलाश शुरू कराई, कुछ घंटे बाद उसका शव बाहर निकाला गया। जिसे उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### इधर चलती ट्रेन से गिरा युवक

ताल का रहने वाला सागर पिता मनोहरलाल पंवार 24 साल इंदौर-बिलासपुर ट्रेन से सफर कर रहा था। ट्रेन के उज्जैन स्टेशन पहुंचने पर स्टापेज होते ही सागर नीचे सामान लेने उतर गया। कुछ देर में ट्रेन चल दी। सागर ने दौडकर पकडने का प्रयास किया और चढ़ते समय अचानक पैर फिसलने पर गिर गया। पटरियों पर गिरने से उसका एक पैर कट गया। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। दस्तावेजों से पहचान होन पर परिजन उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि शहडोल में टोलकर्मी था और ट्रेन से घर लौट रहा था। कुछ दिनों पहले ही उसकी शादी हुई थी।

# अतिक्रमण टीम पर वृद्धा ने फेंकी लाल मिर्च

## सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



**उज्जैन।** खाचरौद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम पर छत से वृद्धा द्वारा लाल मिर्च फेंकने का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मामला 8 दिन पुराना बताया जा रहा है। वृद्धा के मिर्ची पावडर फेंकने के चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई रोकना पड़ गई थी।

बताया जा रहा है कि खाचरौद के घिनौदा में मांगीलाल पाटीदार का मकान बना हुआ है। जिसे निर्माण के दौरान अतिक्रमण कर लिया था। ग्राम पंचायत घिनौदा सचिव चंद्रभानसिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर 8 दिन पहले आरआई भगवानसिंह, पटवारी धर्मेन्द्र चौहान के साथ पुलिस टीम और अतिक्रमण हटाने वाली टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान मांगीलाल और उसकी पत्नी सजनबाई को अतिक्रमण हटाने के लिये कहा गया, लेकिन वह नहीं माने। टीम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की तो सजनबाई ने छत पर आकर लाल मिर्ची पावडर फेंकना शुरू कर दिया। जिसके चलते कार्रवाई रोकना पड़ गई। अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम के साथ हुई घटना का 8 दिन बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो गया। मामले में पंचायत सचिव का कहना था कि मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई है। वहीं खाचरौद थाना एसआई सुधीर शर्मा का कहना था कि फिलहाल मामले में प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

# रिवर्स डंपर के नीचे दबा सो रहा ड्रायवर




**उज्जैन।** देर रात तक डंपर चलाने के बाद ड्रायवर पीछे खाट डालकर सो गया। सुबह दूसरा ड्रायवर आया और उसने रिवर्स लिया। पीछे सो रहा ड्रायवर दब गया, जिसे अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी सांसे थम चुकी थी।

नरवर थाना प्रधान आरक्षक गजेन्द्र यादव ने बताया कि घटनाक्रम ग्राम करछा में हुआ। ईद का पर्व होने पर डंपर चलाने वाले मुस्लिम चालक अवकाश पर चले गये थे। बदली में ड्रायवरी करने ज्ञानसिंह पिता अम्बाराम उर्फ श्यामलाल यादव 35 साल आया था। रात 3 बजे तक उसने सिलारखेडी से निकलने वाली काली मिट्टी ग्रामीणों के खेत में डाली और करछा में डंपर खडा करने के बाद पीछे खाट डालकर सो गया। बुधवार सुबह दूसरा चालक आया, उसे पता नहीं था, उसने डंपर रिवर्स लिया, उसी दौरान खाट पर सोया ड्रायवर ज्ञानसिंह गिर गया और पहिये की चपेट में आकर दब गया। उसकी मौके पर मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव को चरक अस्पताल लाया गया। जहां सामने आया कि ज्ञानसिंह मूलरूप से उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। सालों पहले उज्जैन आ गया था और खिलचीपुर आगररोड पर रहने लगा था, लेकिन काफी समय से वह अपने रिश्तेदार के यहां नीलगंगा क्षेत्र में रह रहा था। परिजनों के आने पर सामने आया कि ज्ञानसिंह की शादी नहीं हुई थी। मृतक ड्रायवर के 7-8 भाई-बहन है, जो उत्तरप्रदेश में रहते है। रिश्तेदारों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराकर शव सौंपा गया है।

## सुसाइड नोट छोड टाईल्स व्यवसायी ने लगाई फांसी

### रात 11 बजे निकला था घर से, जंजीर से लटका मिला शव

**उज्जैन।** टाईल्स दुकान का संचालन करने वाले व्यवसायी की बुधवार सुबह दुकान में जंजीर के फंदे से लाश लटकी मिलना सामने आया। रातभर घर नहीं लौटने पर सुबह परिजन तलाश करते हुए दुकान पहुंचे थे। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला है जिसकी जांच की जा रही है। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सुबह दो तलाब के पास टाईल्स दुकान में संचालक अक्षांश पिता संतीश जैन 35 साल का शव लोहे की जंजीर के फंदे पर लटका होने की खबर मिली थी। पुलिस जांच के लिये मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि अक्षांश जैन वेदनगर का रहने वाला था। रात 11 बजे के लगभग खाना खाने के बाद दुकान पर कुछ काम से जाने का बोलकर निकला था। उसके बाद वापस नहीं लौटा, सुबह उसके नहीं लौटने पर भाई अमित जैन ने मोबाइल पर संपर्क किया लेकिन मोबाइल पर बात नहीं हो पाई। भाई तलाश करते हुए दुकान पहुंचा तो दुकान का ताला खुला हुआ था और शटर बंद था। शटर उठाने पर अक्षांश लटका दिखाई दिया। थाना प्रभारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का सामने आया। शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। इस दौरान मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला। जिसे जप्त कर जांच में लिया गया है। परिवार घटनाक्रम के बाद काफी स्तब्ध और गमगीन था, जिसके चलते बयान दर्ज नहीं हो पाये है। अक्षांश एक बच्चे का पिता था।

### बंद मकान से मिली 2 दिन पुरानी लाश

**उज्जैन।** बंद मकान से बदबू आने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर युवक की लाश पडी मिली। शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा गया है। माधवनगर थाना पुलिस को बुधवार शाम नारायणपुरा के लोगों ने बंद मकान से बदबू आने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची, दरवाजा अंदर से बंद था। पूछताछ करने पर पता चला कि मकान में महेश उर्फ मनोज पिता ब्रजमोहन गोमे 40 साल रहता है। पुलिस ने दरवाजा तोडा, अंदर महेश की लाश पडी होना सामने आई। मामले की सूचना परिजनों को दी गई, जिनके आने पर सामने आया कि महेश पेंटरी का काम करता था, उसकी शादी नहीं हुई थी, शराब पीने का आदी था और आये दिन विवाद करता था, जिसके चलते परिवार अलग रहने लगा था। पुलिस के अनुसार शव 2 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। बॉडी फूलने से मुंह-नाक से ब्लड आ रहा था। फिलहाल मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। आशंका जताई जा रही है कि महेश को या तो दिल का दौरा पडा होगा या फिर अधिक शराब पीने से मौत हुई है। जिसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा।

# नलियाबाखल में देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या

**उज्जैन।** देर रात नाजिया बाखल में चाकू मारकर युवक की हत्या कर दी गई। परिजनों ने पोस्टमार्टम रूम के सामने हंगामा किया। तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। रविशंकर नगर में रहने वाला मोहित पिता प्रेम नारायण 18 वर्ष दोस्त हर्ष का जन्मदिन होने पर रात में अंगारेश्वर मंदिर दर्शन करने गया था जहां से वह हर्ष और आदी के साथ वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में मोहित के पास जतिन नामक युवक का कॉल आया और मोहित अपने दोनों दोस्तों के साथ नालियाबाखल पहुंच गया। जहां मोहित को 4 से 5 युवकों ने घेर लिया और ताबड़तोड़ चाकू मारना शुरू कर दिये। मोहित को उसके दोनों दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया लेकिन मोहित लहुलुहान हो गया। दोनों दोस्त एक्टिवा से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसकी हालत डॉक्टर ने गंभीर होना बताई और चेकअप शुरू किया लेकिन दोनों दोस्त उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बॉडी चरक अस्पताल पोस्टमार्टम रूम लाई गई जहां दर्जनों की संख्या में मोहित के दोस्त और परिजन एकत्रित हो गए। काफी देर तक हंगामा किया गया और परिजन विलाप करते रहे। मामले की जानकारी लगते ही महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल, माधवनगर थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया, कोतवाली थाना प्रभारी दीनबंधु सिंह तोमर अपनी टीम के साथ पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे। परिजनों को समझाया गया और बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखवाई गई। बताया जा रहा है कि मोहित का कुछ दिन पहले भी नलियाबाखल में रहने वाले युवकों से विवाद हुआ था उसी रंजिश में धोखे से बुलाकर उसे पर चाकू से हमला किया गया। चाकू मारने वाले नाबालिग बताई जा रहे हैं। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल का कहना था कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है रात में ही चाकू मारने वालों की धरपकड़ के प्रयास कर उनके घरों पर दबिश दी जा रही थी। देर रात जानकारी सामने आई की पुलिस ने चाकू मारने वाले कुछ संदिग्धों को हिरासत में ले लिया था जिनसे पूछताछ की जा रही है।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 गणपत पिता रामसिंह जी, उम्र 37 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, 02 बाबूलाल आंजना पिता रामसिंह आंजना, उम्र 46 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, 03 श्रीमती कंचन बाई पति रामसिंह जी, उम्र-69 वर्ष, व्यवसाय- कृषि, निवासीगण-ग्राम बोरखेडा भल्ला, तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) (म.प्र.)के स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 421/1/1/2 रकबा 0.0700 हे व सर्वे क्रमांक 421/7 रकबा 0.7000 हे में से रकबा 0.4600 हे व सर्वे क्रमांक 422/2 रकबा 0.3300 हे व सर्वे क्रमांक 423/1/2 रकबा 0.2600 हे व सर्वे क्रमांक 421/5 रकबा 0.1000 हे व सर्वे क्रमांक 421/4 रकबा 0. 0200 हे व सर्वे क्रमांक 421/1/1/1 रकबा 0.1000 हे कुल किता 7 कुल बिक्रित रकबा 1.3400 हेक्टेयर स्थित ग्राम धनड़ा भल्ला, पटवारी हल्का नम्बर- 02, तहसील घटिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं, को क्रय करने का अनुबंध-पत्र मेरे पक्षकार ने विधिवत कर लिया है तथा विक्रय-पत्र का निष्पादन भी अपने हित में करवा लिया जावेगा । इसलिए हर खास एवं आम तथा संबंधित व्यक्ति को इस जाहिर सूचना पत्र के द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमि के संबंध में अगर किसी पक्ष को या संस्था को इस विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो एवं कृषि भूमि कहीं पर रहन, बय, दान, गिरवी, बंधक की हुई हो एवं कोई भी व्यक्ति उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई विधिसम्मत हित रखता हो जो कि कृषि भूमि के विक्रय से प्रभावित हो रहा हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय द्वितीय मंजिल 442, गीरीराज हेरिटेज, तीन बत्ती, उज्जैन में सुबह 10.30 से शाम 6 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करें तथा अपनी आपत्ति एवं दस्तावेज का अवलोकन करवाएं अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नहीं की जावेगा एवं आपत्ति करने का कोई अधिकार संबंधित पक्ष को नहीं रहेगा । सो सूचित हो। इति दिनांक 28.05.2026

**दीपक प्रजापत ( एडव्होकेट )**
**मो. 9617631819**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार बंधन बैंक लिमिटेड शाखा द्वितीय मंजिल एल.एम. काम्पलेक्स बी-ब्लॉक 34 शंकु मार्ग टॉवर चौक फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 15 का दक्षिण दिशा वाला भाग, ब्लॉक न. 14 स्थित राज रॉयल इनक्लेव कस्बा उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 46.51 वर्गमीटर है। तथा चर्तुसीमा इस प्रकार है- पूर्व मे - कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे - भूखण्ड क्रमांक 08, ब्लॉक न. 14, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 15, ब्लॉक न. 14 का शेष भाग, दक्षिण में - भूखण्ड क्रमांक 16, ब्लॉक न. 14 स्थित है। उक्त सम्पत्ति श्रीमति रेखा प्रजापत पति श्री मोहनलाल प्रजापत एवं मोहनलाल प्रजापत पिता श्री नारायणजी प्रजापत ने इसके पूर्वस्वामी मनीष जैन पिता हुकुमचंद जैन से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022018ए1719267 दिनांक 26/10/2018 के माध्यम से क्रय कि । एवं मोहनलाल प्रजापत का स्वर्गवास हो जाने के पश्चात उक्त सपंत्ति पर रेखा प्रजापत, शुभम प्रजापत एवं सुमित प्रजापत पिता श्री मोहनलाल प्रजापत ने अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 547/2026/7पीटी दिनांक 27/03/2026 को अपना नाम दर्ज करवाया। एवं श्रीमति रेखा प्रजापत आदि के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं बंधक हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार बंधन बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो । दिनांक 27.5.26

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा**
**फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 3/1646/3 एवं नया क्रमांक 17/1 स्थित चंद्रशेखर आजाद मार्ग गली न. 08 अंनतपेठ दानी दरवाजा उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 32.16 वर्गमीटर। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- नगजी दर्जी का भवन, पश्चिम में-गली बिलोटीपुरा, उत्तर में- मोतीलाल का भवन, दक्षिण में- उमाजी बरमुंडा का भवन स्थित है। एवं वर्तमान मौके अनुसार चर्तुसीमा पूर्व में- अशोक पिता हीरालाल सोंलकी का भवन, पश्चिम में- रोड़, उत्तर में- विनोद पिता एम.एस.त्यागी का भवन एवं दक्षिण में सुरेश पिता बाबुराव का भवन उक्त सम्पत्ति श्रीमति मीनू पंवार पति श्री शुभम पंवार एवं शुभम पंवार पिता सत्यनारायण पंवार ने इसके पूर्वस्वामी सुधा पति श्यामराव, श्रीमति ऋतु पति मेहुल, श्रीमति दीपा पति नीरज पुत्री रामचंद्र एवं जितेन्द्र पिता रामचंद्र से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी MP17IGR18842026A100606585 दिनांक 21/05/2026 के माध्यम से क्रय कि एवं श्रीमति मीनू पंवार एवं शुभम पंवार के द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋ ण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक करने जा रहे है तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का मूल विक्रय पत्र क्रमांक 2404 दिनांक 1/12/1982 का कही गुम हो गया है जिसकी प्रथम सुचना पुलिस थाना जीवाजीगंज उज्जैन में दिनांक 10/11/2025 को दी गयी थी अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या मूल उल्लेखित दस्तावेज कही जमा हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋ ण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 27.5.2026

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3**
**तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर**
**चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352**

# तो ये थे सबसे बड़े ज्ञानी



एक बार किसी ने पूछा कि देवी, यूनान में सबसे बड़ा ज्ञानी कौन ? देवी ने उत्तर दिया कि सुकरात।

यूनान में डेल्फी देवी की बहुत मान्यता है। कहते हैं कि यह देवी लोगों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देती हैं। एक बार किसी ने पूछा कि देवी, यूनान में सबसे बड़ा ज्ञानी कौन ? देवी ने उत्तर दिया कि सुकरात।

वह आदमी सुकरात के पास गया और बोला डेल्फी देवी ने कहा है कि आप सबसे अधिक बुद्धिमान हैं । मैं आपको प्रणाम करता हूं। सुकरात ने कहा, देवी से कुछ भूल हुई है। जाओ फिर पूछो कि सबसे बड़ा ज्ञानी कौन है ? वह आदमी फिर से देवी के पास गया और देवी से पूछा लेकिन फिर से देवी ने सबसे बड़ा ज्ञानी सुकरात को ही बताया। वह आदमी फिर सुकरात के पास गया।

सुकरात उसकी बात सुनकर बोले, अगर तुम कुछ वर्ष पहले आते तो मैं तुम्हारी बात मान लेता कि मैं ही सबसे बड़ा ज्ञानी हूं। लेकिन अब तो मुझे अपने अज्ञान का पता लग गया है। अतः यह स्वीकार नहीं करता कि मैं ही सबसे बड़ा ज्ञानी हूं।

वह आदमी परेशान हो गया और सोचने लगा कि, दोनों में कोई एक तो झूठ बोल रहा है। वह जानने के लिए, फिर देवी के पास गया तो देवी ने सारी बात सुनकर कहा, मैं सच कह रही हूं सुकरात ही सबसे बड़ा ज्ञानी है। जिस व्यक्ति को अपने अज्ञान का पता चल जाए, वही सबसे बड़ा ज्ञानी होता है।

**सम्पादकीय**

# बदलता समाज

यह एक कड़वा सच है कि आज भी बेटियां दहेज दानव की ज्वाला में धूं-धूं कर जल रही हैं। बात पिछले दिनों दहेज हत्याओं का शिकार हुई बेटियों से जुड़ी घटनाएं की है। बेटियों या बहुओं को किसी भी किस्म के मानसिक दबाव और तनाव के द्वंद्व के चलते आत्महत्या करनी पड़े या फिर कोई बेटी रेप का शिकार हो जाए या फिर कोई बेटा ससुराल से तंग आकर या अपनी पत्नी से दुखी होकर आत्महत्या कर लें और उसे इंसाफ न मिले तो इसे क्या कहेंगे? आखिरकार इसका समाधान क्या है? क्योंकि मैं बुजुर्गों के लिए, उनके सम्मान के लिए काम कर रही हूं और जो चीजें सामने आती हैं उसके मुताबिक कहा जा सकता है कि कहीं तो माता-पिता बहुओं के उत्पीड? का शिकार हैं और कहीं बेटे भी इस मामले में बहुत पीड़ित हैं। बेटा या बेटी कहीं न कहीं, किसी न किसी किस्म की पारिवारिक पीड़ा से परेशान हैं। ऐसी घटनाएं पहले कभी-कभी ही सुनने को मिलती थी परंतु अब यह आए दिन हो रही हैं। मेरा मानना है कि बेटियां और बेटे सब सुखी रहें और माता-पिता को जीवन में किसी भी किस्म का तनाव न झेलना पड़े। आओ इसके लिए हम सब हल ढूंढें। लेकिन यह भी सच है कि जब सोशल मीडिया पर दर्दनाक घटनाएं वायरल होने लगीं या फिर मीडिया की सुर्खियां बनने लगीं, तो सोचो उन माता-पिता पर क्या गुजरती होगी जिन्होंने अपनी बेटियों को खो दिया। ऐसे समाज को बदल डालना होगा। आज के सभ्य समाज में आखिरकार गलती किसकी है? दहेज लेना और देना दोनों ही पाप है, इस दृष्टि से भारत की युवा पीढ़ी यानि कि बेटियां और बेटे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। माता-पिता अपनी बेटियों को आत्मनिर्भर और शिक्षित बनाना चाहते हैं ताकि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई जा सके। वहीं बेटों के परिवारों को भी सबके आत्मसम्मान के लिए आवाज उठानी चाहिए। दहेज रोकने के लिए कानून का प्रभाव तभी सख्ती से लागू हो सकता है जब युवा वर्ग दहेज विरोधी अभियान को एक मिशन की तरह चलाए। इन दुःखद घटनाओं से हमें यही सीख मिलती है कि केवल कानून नहीं सोच बदलना भी जरूरी है।

इस कड़ी में मेरा यह मानना है कि परिवारों के लिए सबसे बड़ी जिम्मेवारी यह होनी चाहिए कि बेटों को बचपन से ही महिलाओं का सम्मान करना सिखाया जाए। विवाह कोई व्यापार नहीं बल्कि दो परिवारों और दो व्यक्तियों के बीच रिश्तों का सम्मान और विश्वास का मजबूत संबंध है।

**ये कैसी राजनीति**

# अपशब्द बोलकर राहुल खो रहे जनता की सहानुभूति

लोग पूछें कि क्या चांदी की चम्मच मुंह में लेकर पैदा हुए सभी व्यक्ति राहुल गांधी जैसे ही होते हैं तो उत्तर होगा नहीं। लेकिन देश के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ऐसे ही हैं जिन्होंने 2004 से 2026 तक 22 साल सांसद रहते हुए लोगों का



डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

प्रेम, सहानुभूति और समर्थन कुछ नहीं पाया। विगत 12 वर्षों से जब से मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तब से राहुल गांधी का आचरण और व्यवहार एक विपक्ष के नेता से ज्यादा विद्वेषी राजनेता का हुआ लगता है। क्या संसद और क्या सड़क हर जगह उन्होंने अपने वक्तव्य और आचरण से जनता की सहानुभूति खोई है। ऐसा कहना केवल आलोचना नहीं बल्कि एक सच्चाई है। उनके आसपास के लोग भले ही उनकी तारीफ करते हुए उन्हें जन नेता बताएं लेकिन सामान्य जनता में उनकी छवि नकारात्मक ही है। पिछले वर्षों में उन्होंने व्यक्तिगत तौर पर अपनी साख तो कम की ही गांधी परिवार की विरासत पर भी प्रश्न चिन्ह अंकित किया है। लोक मर्यादाएं क्या होती हैं वे कब भूल जाएं कहा नहीं जा सकता। भारत जैसे संस्कृति संपन्न देश में जहां आचरण का अत्यधिक महत्व है वहां सार्वजनिक रूप से अपनी बहन को डीप किस करना न केवल अनैतिक था बल्कि भाई बहन के रिश्तों को अपवित्र करना भी था। लेकिन राहुल गांधी ने ऐसा किया है। यह कौन सी भारतीय संस्कृति है समझ से परे है। आश्चर्य तो यह है कि इस आचरण के बाद भी कांग्रेस का कोई वरिष्ठ नेता नहीं कह सका कि राहुल गांधी का कृत्य अनुचित ही नहीं बल्कि घोर आपत्तिजनक था। देश की सबसे पुरानी कांग्रेस के जिम्मेदार नेता को जो भविष्य में प्रधानमंत्री बनना चाहता है उसे ऐसा करके सिवाय आम लोगों की भर्त्सना के कुछ नहीं मिला। राहुल गांधी खुद को सामान्य जन से अलग विशिष्ट बताने के चक्कर में कब क्या करेंगे कहा नहीं जा सकता। व्यक्ति की वाणी और वेशभूषा उसके समग्र व्यक्तित्व का मूल्यांकन करा देती है। मीठा बोलकर और गरिमा पूर्ण वस्त्रों को धारण कर व्यक्ति ज्यादा लोकप्रियता हासिल कर सकता है लेकिन राहुल गांधी ऐसा नहीं मानते। वे तो मनमौजी व्यवहार के समर्थक हैं। मैं चाहे यह करूं मैं चाहे वह करूं मेरी मर्जी को मानने वाले इकलौते ऐसे राजनेता है जिन्हें इस बात की चिंता नहीं कि उनकी मर्जी को लोग उनका अहंकार मान रहे हैं। पिछले बुधवार उन्होंने रायबरेली में कांग्रेस कार्यकताओं को संबोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह और आरएसएस को न केवल जी भरकर कोसा बल्कि अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए तू तड़ाक पर उतर गए। राहुल गांधी ने देश की तबाही और बबार्दी की भविष्यवाणी तो की ही साथ ही मोदी को अपशब्दों से अपमानित किया। इसके पहले भी उन्होंने युवाओं को भड़काते हुए कहा था कि आप देखना देश का युवा वर्ग मोदी को डंडे मारेगा। उन्होंने आगामी तीन महीनों में देश की दुर्दशा की भविष्यवाणी भी की। मान लिया जाए कि देश पर संकट आने की आशंका भी है तो उसे भी संयम रखते हुए व्यक्त किया जाना चाहिए था लेकिन राहुल ने जो बोल दिया वही सही। राहुल ने जो कहा वह कोई शिष्टाचारी व्यक्ति सपने में भी नहीं कह सकता। उन्होंने कहा ₹याद रखना नरेंद्र मोदी कहेगा, आपसे कहेगा, रोएगा जैसे कोविड के समय रोया था, जैसे नोटबंदी के समय रोया था, रोएगा और कहेगा मेरी गलती नहीं है। मैं आपको बता रहा हूं गलती नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस की है। देख लेना एक महीने के अंदर यह रोएगा, हाथ जोड़ेगा जैसे नोटबंदी में किया था लेकिन हाथ जोड़ने से अब कुछ नहीं होने वाला है। आरएसएस के लोग आएंगे उनकी बात करेंगे उनसे आप कहो नरेंद्र मोदी गद्दार है, अमित शाह गद्दार है। इस वक्तव्य से कोई अंदाजा लगा सकता कि राहुल गांधी में नरेंद्र मोदी, अमित शाह और आरएसएस के प्रति कितनी नफरत भरी है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहां कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री या गृहमंत्री या मंत्री या सांसद या प्रतिपक्ष का नेता जनता के वोटो से बनता है ना कि जन्म के आधार पर। ठीक है राहुल गांधी उस परिवार से आते हैं जिसमें पंडित जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री बने, उनकी बेटी इंदिरा जी प्रधानमंत्री बनी, इंदिरा जी के बेटे राजीव गांधी प्रधानमंत्री बने, ये सब भी जनता द्वारा चुने गए थे ना कि परिवार में जन्म के कारण बने। आज परिस्थितियां बदल गई हैं। जनता ने कांग्रेस को 2004 से 2014 तक बदली हुई परिस्थितियों के बावजूद मौका दिया। यदि तब यूपीए जैसा गठबंधन ना होता तो कांग्रेस को तब भी सरकार बनाने का मौका नहीं मिलता। यदि 2004 में राहुल गांधी यदि प्रधानमंत्री बना दिए जाते तो किसी को क्या ऐतराज होता लेकिन ऐसा नहीं हुआ। तब आज जब जनता ने प्रधानमंत्री मोदी को लगातार तीन बार प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंपी है तो राहुल को जनता के निर्णय को स्वीकार करते हुए अपनी महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत ही कोशिश करनी चाहिए ना कि लोगों को भड़काना चाहिए। राहुल गांधी जितना मोदी का विरोध कर रहे हैं जितने अपशब्द बोल रहे हैं उसका असर उन पर और उनकी पार्टी पर नकारात्मक ही हो रहा है क्योंकि नरेंद्र मोदी आज केवल भारत के प्रधानमंत्री नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली नेता बन चुके हैं। राहुल गांधी का यह वक्तव्य तब आया जब प्रधानमंत्री मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के आखिरी पड़ाव इटली के दौरे पर थे। लगता है राहुल गांधी की पीड़ा जितनी मोदी को लेकर थी उससे अधिक उनके ननिहाल इटली में मोदी के गर्म जोशी भरे स्वागत और मेलोडी डिप्लोमेसी को लेकर थी। राहुल गांधी इस बात से चिढ़े हुए लगे कि मोदी को इटली में इतना महत्व क्यों दिया गया। राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस को यह समझना जरूरी है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति परिवार के रिश्तों पर टिकी नहीं होती बल्कि देश के आपसी हितों पर निर्भर होती है। इटली राहुल का ननिहाल भले ही है और गांधी परिवार के लिए नरेंद्र मोदी राजनीतिक प्रतिद्वंदी हैं तो क्या इटली केवल इस आधार पर भारत से कूटनीतिक संबंधों को तिलांजलि दे दे या कि इटली आज विश्व में सबसे ज्यादा लोकप्रिय नेता मोदी को वह सम्मान ना दे जिसके वे हकदार हैं या विकास की रणनीतिक साझेदारी ना करे। ऐसा केवल व्यक्तिगत हित देखने वाले लोग ही कर सकते हैं देश हित की सोचने वाले नहीं। प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी हों या इटली का कोई और व्यक्ति प्रधानमंत्री होता गांधी परिवार की प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक पार्टी के नेता और देश के प्रधानमंत्री मोदी से प्रतिद्वंद्विता के कारण कूटनीतिक रिश्तों को ठुकरा देता ऐसा सोचना भी मूर्खता है।

## हाँ साहब हम कॉकरोच हैं!

सुबह के ठीक सवा छह बजे थे। अलार्म ने चिल्ला कर अपनी ड्यूटी पूरी की मगर चादर के भीतर से जो हाथ मोबाइल को स्नूज करने निकला, वह सामान्य हाथ नहीं था। उसमें ढेर सारे बारीक कांटेदार पैर थे। कबीर जो रात को एक अदद बेरोजगार, रील स्क्रॉलर और जिंदगी से हारा हुआ इंसान बनकर सोया था, सुबह उठते ही एक चमकीले कत्थई कॉकरोच में तब्दील हो चुका था। उसकी रीढ़ की हड्डी अब एक कड़े खोल में बदल चुकी थी और सिर पर दो एंटीना हवा में किसी अदृश्य वाईफाई सिग्नल को ढूंढने की नाकाम कोशिश कर रहे थे। एक ऐसा युवा जिसके पास कल तक केवल एक पुराना लैपटॉप और रिज्यूमे की ढेरों रिजेक्शन मेल थीं, आज उसके पास छह पैर थे। उसने करवट लेने की कोशिश की, मगर उसकी पीठ का वह नया कड़ा कवच जमीन से चिपक गया। यह ठीक वैसा ही था जैसे कोई मिडिल क्लास लड़का अचानक से किसी कॉरपोरेट कंपनी के एग्रीमेंट में फंस जाए, जहां से बाहर निकलने का रास्ता सीधे एचआर के केबिन की तरफ जाता है, मगर रास्ता हमेशा बंद मिलता है। कबीर ने खिड़की से आती धूप को देखा जो अब उसे जीवन की रोशनी नहीं, बल्कि एक बड़ा सा सर्चलाइट लग रही थी जो उसकी बेबसी को पूरी दुनिया के सामने एक्सपोज करने के लिए बेताब थी।

कमरे का दरवाजा खुला और मां चाय का कप लेकर अंदर आईं। उन्होंने बिस्तर पर एक बड़े से कीड़े को छटपटाते देखा तो उनकी चीख निकल गई। कबीर कहना चाहता था कि मां, डरो मत, यह मैं ही हूं, आपका अपना कबीर, जो कल रात तक सरकारी नौकरी के फॉर्म भरने की फीस मांग रहा था। मगर उसके मुंह से सिर्फ एक अजीब सी सरसराहट निकली जो किसी बिना नेटवर्क वाले फोन के स्पीकर जैसी थी। मां ने तुरंत चाय का कप साइड में रखा और हाथ में झाड़ू थाम ली।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 28 मई 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 05:46 सूर्यास्त 19:03
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - द्वादशी 07:57 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - चित्रा 08:08 उपरांत स्वाति
योग - वरियान 03:55 उपरांत परिघ
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण तुला में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 10 तारिख

**मेष-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**वृषभ-** मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कर्क-** उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह-** समय अच्छा व्यतीत होगा। प्रसन्नता रहेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**कन्या-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें।

**तुला-** मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जल्दबाजी न करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक-** यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा। परिवार के साथ समय सुखमय व्यतीत होगा।

**धनु-** दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें।

**मकर-** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी।

**कुंभ-** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।

**मीन-** किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा।

**व्यंग्य**

## तेल लगाना

जैसे ही बाथरूम से निकला कि दरवाजे की घंटी बजी , उन्हें खड़ा देख अंदर आने के लिए कहा , वे बोले मैं तो बस, ये इन्वीटेशन देने के लिए आया था । मैंने थोड़ी औपचारिकता निभाई तो वे नानुकर करते करते अंदर आकर बैठ ही गए । मैंने अन्तःपुर में जाकर अपने आपको वस्त्रावरण से सज्ज किया और उनके सामने आकर तेल की शीशी ले



भगवती प्रसाद गेहलोत (दैनिक अवन्तिका)

हथेली में तेल उंडेला और बालों में लगाने वाला ही था कि वे बोले , ' आप इतना महंगा तेल लगाते हो जबकि तेल महंगा हो गया है, लोग तेल तेल चिल्ला रहे हैं ।'

लोगों का क्या लोग चिल्लाते रहेंगे और कुछ दिनों बाद भूल जाएंगे, जब कोई नई राष्ट्रीय समस्या आएगी तो उसके हल करने में लग जाएंगे । तेल और तेल के चक्कों पर चलकर आने वाली महंगाई को भी भूल जाएंगे तो भला मैं मेरे सिर को क्यों रूखा रखूं , जब तक तिलों में तेल होता है घाणी वाला उसे निचोड़ता पेलता रहता है जैसे आदमी की जेब जब तक निचुड़ न जाए वह माल से बाहर नहीं निकलता । उसे मालूम नहीं होता फिर भी निचुड़ चुकने के बाद माल की आभा से बाहर आता है तो प्रसन्न ही दिखाई देता है ।'

वे बोले , ' भाई साहब अब मैं भी तेल वेल का चक्कर छोड़ूं ।'

मैंने कहा नहीं नहीं , तेल का चक्कर मत छोड़ना जीवन में आगे बढ़ना है, राजनीति क्षेत्र में स्वस्थ रहना, प्रतिष्ठा प्राप्त कर पद पाना है तो तेल का उपयोग मत छोड़ना, तेल व्यवहार - विचार -क्रियाविधि में स्निग्धा बढ़ाता है ।

जब भी किसी से मिलना हो तेल का पाउच जेब में रखो ।'

' पर इसका उपयोग करें कैसे । '

' अरे भाई सीधी सी बात तेल देखो तेल की धार देखो , जैसा वातावरण , जैसा पात्र , सिर और बाल वैसा तेल , पैर की उंगलियों से सिर की चोटी तक तेल लगाते चलो आगे बढ़ते चलो , पद - पैसा - प्रसन्नता प्राप्त करते रहो महंगा भी हो तो तेल खरीदते रहो आजकल तेल बिन सब सून है ।

## सुरक्षा व्यवस्था के लिए चुनौती बन रही केदारनाथ यात्रियों की बढ़ती भीड़

भीषण गर्मी और स्कूली बच्चों की छुट्टियों के इस दौर में देशभर के मैदानी इलाकों के लोग ठंडक, प्राकृतिक सौंदर्य और बर्फ का आनंद लेने के लिए कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की ओर रुख कर रहे



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

हैं। इन दिनों तीनों पर्वतीय राज्यों में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें और घंटों तक लगने वाले जाम की तस्वीरें देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। विशेष रूप से देवभूमि उत्तराखंड की स्थिति हिमाचल और जम्मू-कश्मीर से भी अधिक चिंताजनक दिखाई दे रही है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के दर्शन के लिए प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या ने अब तक के कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वर्तमान में बीस लाख से अधिक श्रद्धालु चारधाम यात्रा पर हैं। इनमें सबसे कठिन और दुर्गम यात्रा केदारनाथ धाम की मानी जाती है। हालात यह हैं कि लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ को पंजीकरण और टोकन व्यवस्था के बावजूद नियंत्रित करने में प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। गौरीकुंड से केदारनाथ धाम तक लगभग 16 किलोमीटर की यात्रा पैदल, घोड़े और पालकी के माध्यम से पूरी की जाती है। धाम के कपाट केवल छह माह के लिए खुलते हैं, इसलिए प्रतिदिन हजारों लाखों श्रद्धालु गौरीकुंड में अपने नंबर की प्रतीक्षा करते दिखाई देते हैं।

# डायबिटीज मरीज हाई ब्लड प्रेशर को करना चाहते हैं नियंत्रित तो फोलों करें ये टिप्स

हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन खराब लाइफस्टाइल , तनाव और खान-पान की खराबी की वजह से पनपने वाली बीमारी है। साइलेंट किलर के नाम से मशहूर इस बीमारी ने लाखों लोगों को प्रभावित किया है। हाई ब्लड प्रेशर एक ऐसी परेशानी है जिसमें ब्लड प्रेशर खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है, जो समय के साथ दिल को नुकसान पहुंचा सकता है। ये स्ट्रॉक और दिल के दौरे का कारण भी बन सकता है। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों का बीपी बढ़ने पर मरीज को तेज सिरदर्द, छाती में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, कन्फूजन और स्किन पर लाल रंग के चकत्ते जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने के लिए शारिरिक तौर पर एक्टिव रहने के साथ ही, खानपान का ध्यान देने की खास जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विश्वसनीय स्रोत के अनुसार, दुनिया भर में अनुमानित 1.13 बिलियन लोग हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित हैं। डब्ल्यूएचओ यह भी बताता है कि 2015 में, 5 में से 1 महिला और 4 में से 1 पुरुष को हाई ब्लड प्रेशर था। 2020 की समीक्षा में निष्कर्ष निकाला गया कि हाई ब्लड प्रेशर दुनिया भर में दिल के रोग और समय से पहले मौत के लिए प्रमुख जोखिम कारक है।

ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखना बेहद जरूरी है। इसे




कंट्रोल करने के दवा के अलावा भी कई तरीके मौजूद हैं। प्राकृतिक तरीकों को अपनाकर आप ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर सकते हैं। हम आपको 5 तरीके बताते हैं जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में बेहद असरदार होते हैं।

### सोडियम का सेवन कम करें:

कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि हाई ब्लड प्रेशर और सोडियम का गहरा संबंध है। सोडियम स्ट्रोक का एक कारण बन सकता है। सोडियम की मात्रा में थोड़ी सी कमी करके हाई ब्लड प्रेशर को 5 से 6 mm Hg तक कम किया जा सकता है। सामान्य व्यक्तियों को एक दिन में 2,300 मिलीग्राम से अधिक नमक नहीं खाना चाहिए।

### पोटेशियम का सेवन बढ़ाएं:

हाई ब्लड प्रेशर से पीड़ित लोगों के लिए पोटेशियम एक आवश्यक पोषक तत्व है। यह मिनरल अतिरिक्त सोडियम से छुटकारा पाने में मदद करता है और रक्त वाहिकाओं पर दबाव को कम करता है। पोटेशियम से भरपूर फूड्स जैसे हरी पत्तेदार सब्जियां, टमाटर, आलू, और शकरकंद, खरबूजे, केला, एवोकाडो, संतरा, और खुबानी, नट और बीज, दूध, दही, टूना का सेवन करें।

### रेगुलर एक्सरसाइज करें:

रेगुलर एक्सरसाइज करें। कई अध्ययनों से पता चलता है कि स्वस्थ रहने और पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने के लिए हर इनसान को नियमित रूप से 30 से 45 मिनट तक एक्सरसाइज करनी चाहिए। हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से पीड़ित सभी लोगों के लिए एक्सरसाइज बेहद जरूरी है। नियमित एक्सरसाइज आपके दिल को मजबूत बनाती है और ब्लड को पंप करने में मदद करती है, साथ ही धमनियों पर दबाव कम कर सकती है। रोजाना 40 मिनट पैदल चलना अच्छी सेहत के लिए काफी है।

### सिगरेट और शराब को स्किप करें:

सिगरेट और शराब दोनों ही हाई ब्लड प्रेशर को बढ़ाने में मदद करते हैं। कई शोध बताते हैं कि दुनिया भर में हाई ब्लड प्रेशर को बढ़ाने में शराब का योगदान बेहद है। शराब और निकोटीन दोनों ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकते हैं और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**ईद विशेष**

# पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम का अल्लाह के प्रति समर्पण -ईद उल अजहा



ईद उल अजहा के पीछे पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम का वह जज्बा है जो अल्लाह की मर्जी से अपने बेटे की कुर्बानी देने तक से नहीं हिचकता ईद उल अजहा के जरिए अल्लाह इस्लाम के मानने वालों को न्याय कुबार्नी त्याग व हमदर्दी के साथ सच्चाई के सहारे तरक्की के रास्ते पर चलने का हुकुम देते हैं

ईद उल अजहा पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की खुदा के



सज्जाद अहमद कुरेशी (दैनिक अवन्तिका)

साथ मोहब्बत वफादारी की शान मैं मनाई जाती है इसका उदाहरण पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने जिंदगी में पेश किया कुबार्नी मात्र हलाल जानवर के गले पर चाकू फेरने का नाम नहीं है बल्कि दिल से अल्लाह के प्रति समर्पण की भावना है अगर कोई व्यक्ति केवल जानवर के गले पर चाकू चलाता है और उसका दिल इस से खाली रहता है तो वह नाहक एक बेकसूर जानवर का खून बहता है अल्लाह को उसके खून और गोश्त की कोई जरूरत नहीं उसको सिर्फ ईमान की मजबूती चाहिए कोई दिलचस्पी निजी फायदा कोई लालच डर गरज कोई अंदर की कमजोरी और बाहर की ताकत उसको हक व सच्चाई के रास्ते से डिगा ना सके इसी जज्बात का नाम कुर्बानी अल्लाह के लिए हर संबंध को कुर्बान कर देना है इस्लामी कुर्बानी है आज से हजारों साल पूर्व इस्लाम के पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अपने बेटे पैगंबर हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को अल्लाह के नाम पर कुर्बान कर दिया था तभी से ईद उल अजहा मनाया जाता है जब लंबी उम्र बीत जाने के बाद भी पैगंबर इब्राहिम अलैहिस्सलाम को कोई औलाद नहीं हुई तो बैतूल मुकद्दस यानी यानी खाना ए काबा की ओर से आप की दुआ अल्लाह ने पूरी की आपके घर एक बेटे ने जन्म लिया जिसका नाम हजरत इस्माइल रखा गया आपको एक दिन ख्वाब आया कि अपनी सबसे चहेती चीज अल्लाह की राह में कुर्बान करें आपने 100 ऊंट कुर्बान कर दिए कुर्बान कर दिए ख्वाबों का यह सिलसिला थमा नहीं अपनी सबसे चाहती चीज कुर्बान करें आपने अपनी बीवी से बेटे इस्माइल को तैयार करने को कहा व ख्वाब के बारे में बताया जब आप तैयार कर बेटे पैगंबर हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को सफा मरवा पहाड़ी को ले जा रहे थे तो रास्ते में शैतान ने बेटे को बरगलाना शुरू किया तेरे वालिद तुझे कुर्बान करने के लिए ले जा रहे हैं आपने कहा कोई बाप अपने बेटे को यूं ही कुर्बान करने के लिए ले जाता है मैं बहुत खुशनसीब हूं जो अल्लाह ने मेरी कुर्बानी चाही आपने अपने वालिद पैगंबर हजरत इब्राहिम खलीलुल्लाह से कहा आप छूरी चलाते समय मेरी आंखों पर पट्टी बांध दे ताकि आपको रहम न आ सके आपने ऐसा ही किया और उनकी गर्दन पर छुरी चलाई तो उसी वक्त अर्श ए मूअल्ला हिल गया व एक दुंबा आप की जगह खड़ा हो गया इसी याद में ईद उल अजहा पूरी दुनिया में मनाई जाती है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द-7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया-10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,51,100 रवा- 1,51,100 चांदी- टंच-2,56,600 पाट- 2,55,500।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## नगर की साफ सफाई सुविधा को लेकर शिकायत जनसुनवाई में की गई

**खाचरोद।** नगर की साफ सफाई की व्यवस्था सही नहीं चलने पर अपनी परिषद के पार्षद श्रीमती रजनी लखन गोहर वार्ड 21 की कार्यकर्ता के साथ मंगलवार जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू को सौंपा गया। पार्षद प्रतिनिधि लखन गोहर ने ज्ञापन के माध्यम से नगर में साफ सफाई नहीं होना बताया गया। परिषद के अधिकारीगण सफाई कर्मियों के साथ भेदभाव ओर दबाव बनाकर कार्य करवाया जा रहा है। कई बार मौखिक सूचना वार्ड की सफाई के लिए कहा गया तो कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के दरोगा अपने वाले कर्मियों को फायदा पहुंचा रहे है। स्वास्थ्य अधिकारी एवं दरोगा को हटाया जाए।नगर की साफ सफाई व्यवस्था को सहीकरे। अन्यथा आगामी मंगलवार को जावरा रोड पर चक्काजाम कर आंदोलन कार्यकर्ता के साथ किया जायेगा। इस अवसर पर लखन गोहर, राहुल परमार, विजय सोलतिया,मकसूद, कैलाश धाकड़, जगदीश धनगर, पिंटू बामनिया, भोपा मालवीय आदि उपस्थित रहे।

## विहिप गोरक्षा विभाग ने गोवंश हत्या-तस्करी पर जताई चिंता, प्रशासन को सौपा




**ब्यावरा।** विश्व हिंदू परिषद के गोरक्षा विभाग ने जिले में बढ़ती गोवंश हत्या और तस्करी की घटनाओं को अत्यंत गंभीर बताते हुए मंगलवार को ब्यावरा तहसीलदार आनंद जायसवाल को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। बकरीद के पूर्व विभाग ने मांग की कि अवैध गोवंश परिवहन, गोहत्या और तस्करी पर सख्त व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। विभाग ने ज्ञापन में कहा कि गोवंश भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और जन-आरोग्य का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए उसकी सुरक्षा किसी भी परिस्थिति में प्राथमिकता होनी चाहिए। संगठन ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में कठोर गोवंश-रक्षा कानून होने के बावजूद पुलिस प्रशासन की लापरवाही, असंवेदनशीलता और कुछ मामलों में मिलीभगत के कारण अपराधी लगातार सक्रिय हैं। हाल ही में कुरावर के साहूखेड़ी, सारंगपुर और उदनखेड़ी के एक ढाबे से गोमांस बरामद होना इस बढ़ते खतरे का स्पष्ट संकेत बताया गया। विहिप ने चिंता व्यक्त की कि स्थिति इतनी विकराल हो रही है कि गोरक्षकों को बार-बार सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो न तो उचित है और न ही सामाजिक सौहार्द के लिए अनुकूल। विभाग ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि गोहत्या और तस्करी के मामलों में स्वतः संज्ञान लेकर त्वरित व कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि सामाजिक संगठनों को विरोध या आंदोलन का सहारा न लेना पड़े।

## बोहरा समाज ने मनाया: ईद-उल-अजहा, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ



**सारंगपुर।** शहर के बोहरावाडी स्थित दाऊदी बोहरा मस्जिद में मंगलवार सुबह ईद-उल-अजहा का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह 6.50 बजे जनाब शेख आमिल साहेब हुजैफा भाई ने ईद की विशेष नमाज अदा करवाई। नमाज में बडी संख्या में समाजजन शामिल हुए और देश-दुनिया में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद समाजजनों को सामाजिक और नैतिक जीवन से जुडे संदेश दिए गए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने ब्याज, तंबाकू, सिगरेट और शराब जैसी बुराइयों से दूर रहने की शपथ ली। साथ ही समाज के जरूरतमंद और गरीब लोगों की मदद करने, आपसी प्रेम बनाए रखने तथा विवाद और लडाई-झगडों से दूर रहने का संकल्प भी लिया गया। समाज के लोगों को पुलिस थाना और कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहकर शांतिपूर्ण एवं सदाचारपूर्ण जीवन जीने की सीख दी गई। कार्यक्रम में शेख अताहुसैन, मुल्ला मोइज भाई, मुल्ला अब्बास भाई, शब्बीर भाई पेटी, कुर्बान हुसैन, मुजफ्फर भाई, नूर हसन भाई, सेक्रेटरी मुस्तफा अली, जाकिर सैफी, तय्यब अली, अली असगर मनिहारी वाला, इकबाल सैफी, ताहा सैफी, अली असगर सैफी पेटी वाला, उबाई सैफी, हुजैफा सैफी सहित बडी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## गंगा दशहरा उत्सव अंतर्गत वार्ड में स्थित जल स्त्रोत (हैंडपंप) का पूजन किया



**महिदपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड महिदपुर जिला उज्जैन द्वारा विकासखंड समन्वयक श्रीमती नम्रता तिवारी के मार्गदर्शन में नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा सोमवार को जल गंगा संवर्धन अभियान गंगा दशहरा उत्सव अंतर्गत वार्ड में स्थित जल स्त्रोत (हैंडपंप) का पूजन नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती उमा पांडे के मुख्य आतिथ्य में किया गया, इस अवसर पर नगर विकास समिति अध्यक्ष ललिता परमार द्वारा उपस्थित महिलाओं को जल संवाद के माध्यम से जल के समुचित उपयोग के बारे में बताया एवं जल संरक्षण का संकल्प दिलाया ।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

# बिजली कटौती के विरोध में युवा कांग्रेस का कैंडल मार्च, डीई कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर




नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में युवा कांग्रेस ने सोमवार शाम कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चिराग परमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शुजालपुर मंडी बस स्टैंड से विद्युत मंडल के डिवीजनल कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र व्यवस्था सुधारने की मांग की। कैंडल मार्च में सैकड़ों युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई कार्यकर्ता शामिल हुए। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनीष परमार भी कार्यकर्ताओं के साथ मार्च में पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर बिजली कटौती के खिलाफ नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्तमान में रोहिणी सप्ताह नौतपा के चलते भीषण गर्मी पड़ रही है और तापमान करीब 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे समय में लगातार बिजली कटौती से आमजन परेशान हो रहे हैं। लोगों को गर्मी के कारण दिन-रात मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं गैस के दामों में वृद्धि का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना था कि आमजन पहले से ही महंगाई से परेशान है, वहीं लगातार हो रही बिजली कटौती लोगों के धैर्य की परीक्षा ले रही है।

युवा कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली कटौती पर नियंत्रण नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत मंडल के डीई को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़, सागर परमार, मुकेश सोनानिया, अजयपाल सिंह जादौन, अचल सिंह मेवाड़ा, महेंद्र नाहर, अशोक अग्रवाल, बल्ला सोनी, आकाश राजपूत, धर्मेंद्र परमार, रामपाल राजपूत, कैलाश कुशवाह, विष्णु शर्मा, रईस पठान, बलबीर सिंह चंदेल, मुकेश मेवाड़ा, रघुवीर बैस, सिद्दीक पठान, दिलीप सिंह राजपूत, अजय मोर्टे, अनिल सिसोदिया, चांद सिंह राजपूत, राजेंद्र मेवाड़ा, संजय पाटिल, रोहित राजपूत, दिव्यांशु पाहुजा, नीरज मालवीय, रोशन मेवाड़ा, अबरार खान, रजत सोनानिया, लखन दुबे, इंदर सिंह परमार बाबा, संतोष सेन, अम्बाराम मालवीय, धरम मेवाड़ा, शैताब मेवाड़ा, राहुल परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री डमरेश्वर महादेव मंदिर कनार्दी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत

## कलश यात्रा निकाल शिव का जलाभिषेक जल स्त्रोत पूजन एवं मंदिर में भजन का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ तराना



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड तराना अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कनार्दी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन श्री डमरेश्वर महादेव मंदिर कनार्दी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कनार्दी सरपंच अर्जुन पाटीदार , जनपद सदस्य राधेश्याम अग्रवाल , मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकस प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष देवनारायण वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता कला कालवा पंचायत सचिव सचिन अग्रवाल, जन स्वास्थ केन्द्र सुभाष पाटीदार, सहायक सचिव कन्हैयालाल फुलेरिया , जय प्रकाश रावल , दिनेश मालीक , भारत चौधरी , आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायीका , ग्राम कनार्दी की माता बहने तथा अन्य गणमान्य नागरीक उपस्थित रहें। अतिथि द्वारा बताया गया की जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बडी आवश्यकता है तथा जन भागीदारी से ही जल स्त्रोतों कि संरक्षण सभंव है।कार्यक्रम के दौरान तालाब पर श्रमदान कर स्वच्छता कार्य किया गया तथा जल स्त्रोत पूजन के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। साथ ही कढोल ढमाको नाच गिने के साथ गांव की माता बहनो ने कलशयात्रा निकाल कर एवं भगवान श्री डमरेश्वर महादेव का पूजन-अर्चन जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई। सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उन्होंने ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यों की सराहना करते हुए सभी ग्राम की माता बहने तथा नागरिकों से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष देवनारायण वर्मा द्वारा कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं सामाजिक सहभागिता के महत्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में , ग्राम विकास समिति सदस्य, परामर्शदाता, एवं मुख्यमंत्री नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वातावरण धार्मिक, सामाजिक एवं जनजागरूकता से ओतप्रोत रहा।

## गायत्री प्रज्ञा पीठ सारंगपुर पर मनाया गया गंगा दशहरा एवं विवाह दिवसोत्सव

**सारंगपुर।** गंगा अवतरण के दिन गायत्री प्रज्ञा पीठ सारंगपुर पर श्रद्धालुओं द्वारा गंगा दशहरा भक्ति भाव से मनाया गया। गंगा अवतरण के बारे में बताते हुए डा. के. के. मिश्रा ने बताया कि राजा सगर के नक हजार पुत्र अपने दुष्कर्मो की आग में जल रहे थे उनकी यह पीडा केवल गंगा जल से ही दूर हो सकती थी। राजा सगर के वंशज भागीरथ ऋषि हुए उन्होंने गंगा माता को पृथ्वी पर लाने के लिये कठोर तप किया उनके तप से प्रसन्न हो गंगा माता ने पृथ्वी पर अवतरण स्वीकार किया । किन्तु उनकी शक्ति एवं वेग को प्रथ्वी माता सहन करने में असमर्थ थीं। उनके वेग को केवल शंकर भगवान ही सहन करने में समर्थ थे। अतः भगीरथ जी ने शंकर भगवान की कठिन तपस्या कर उन्हें प्रसन्न किया। शंकर भगवान ने गंगा माता को अपनी जटाओं में धारण किया एवं धीरे धीरे पृथ्वी पर छोडा जिससे राजा सगर के नक हजार युत्रों को कुकर्मों से मुक्ति मिली एवं वे स्वर्गगामी बने। इस पुनीत अवसर पर दिलीप पाटीदार एवं साधना पाटीदार का विवाह दिवसोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। गंगा अवतरण के दिन गायत्री प्रज्ञा पीठ पर प्रातः 7 से शाम 7 बजे तक गायत्री मंत्र का अखण्ड जप आयोजित किया गया जिसमें परिजनो ने भक्ति भाव से धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजन में ललित पालीवाल, संजय शर्मा, दिलीप पाटीदार, संजय सोलंकी, बंटी राठौर, प्रमोद जोशी, गुंजन सोनी, श्रीराम पालीवाल, साधना पाटीदार, ऋचा मिश्रा तथा निहाल के प्रतिनिधि सूरतसिंह, विष्णु प्रसाद ने अपनी भागीदारी निभाई ।

## डीजल एवं पेट्रोल में कमरतोड़ महंगाई

**महिदपुर।** अर्थव्यवस्था व जनमानस का आधार केन्द्र डीजल व पेट्रोल में कमरतोड़ मूल्यवृद्धि से आम जनता के जीवन स्तर में भारी बोझ होकर कमरतोड़ महंगाई पर जीवन में हाहाकार होकर नागरिकों को परेशानी का कहर झेलना पड़ रहा है, वहीं उल्टे राज्य सरकारों के मनमाफिक जीएसटी दरो की दोहरी मार से कृषि उद्योग, परिवहन व जन सामान्य के काम में आने वाली वस्तुओं के असहनीय मूल्यों में वृद्धि की मार भी पड़ रही है। आम गरीब मध्यम वर्ग के नागरिकों को केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा जीएसटी की दरों में भारी कमी लाने का साहस जुटाना चाहिये। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रूड ऑईल के भाव में कमी के बावजूद देश में 13 राज्यों में पेट्रोल 110 रुपये प्रति लीटर हो गया है इनमें 9 राज्यों में भाजपा या एनडीए की सरकारें विद्यमान है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मूल्यों में कमी लाने व लागत में कमी लाने के लिये अपनी राज्य सरकारों से जीएसटी कम करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है वहीं मुख्यमंत्री म.प्र. में भी जीएसटी कम करने का कदम उठावेंगे जिससे बड़ती महंगाई में रोक हो सकेगी।

पुलिस ने मानव तस्करी से युवती को बचाया

## नौकरी का झांसा देकर किया था अपहरण तीन लाख में बेचने वाले थे, एक गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आगर मालवा



आगर मालवा में बड़ौद पुलिस ने मानव तस्करी के एक मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए एक युवती को सुरक्षित बचाया है। नौकरी का झांसा देकर युवती को राजस्थान में बेचने और जबरन शादी कराने की साजिश रचने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मंगलवार को प्रेसवार्ता में पुलिस इस मामले का खुलासा किया।

सीएसपी मोतीलाल कुशवाहा ने बताया कि बैतूल निवासी पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह 24 मई को इंदौर की एक फैक्ट्री में काम करने जा रही थी। शाहपुर बस स्टॉप पर एक सफेद स्कॉर्पियो में बैठे लोगों ने उसे नौकरी दिलाने का लालच दिया और वाहन में बैठा लिया।

**तीन लाख में किया था सौदा**

आरोपियों ने युवती को ग्राम करनालिया ले जाकर राजस्थान निवासी विनोद मालवीय से जबरन शादी कराने और तीन लाख रुपए में उसका सौदा करने की योजना बनाई थी। युवती के विरोध करने पर उसे जान से मारने और कहीं और बेचने की धमकी दी गई।

सोमवार को मौका पाकर युवती ने पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही बड़ौद पुलिस सक्रिय हुई। एसडीओपी मोतीलाल कुशवाहा अपने स्टाफ के साथ बाइक से राजस्थान सीमा के पास जंगल क्षेत्र में पहुंचे और लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की।

कचनारिया क्षेत्र में पुलिस के पहुंचने पर आरोपी युवती को लेकर भागने लगे। पुलिस की घेराबंदी के दौरान आरोपी युवती को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीछा कर एक आरोपी ईश्वरसिंह बागरी निवासी करनालिया को पकड़ लिया।

**ये हैं मामले में फरार**

इस मामले में राघु बागरी, धर्मेंद्र बागरी, कृपाल उर्फ लालू और विनोद मालवीय सहित अन्य आरोपी अभी भी फरार हैं। मंगलवार को प्रेसवार्ता में सीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ईश्वरसिंह बागरी का आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ छेड़छाड़, लूट, आर्म्स एक्ट, बलात्कार, धमकी और बंधक बनाने जैसे कई मामले पहले से दर्ज हैं। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## कोटा चौमहला ट्रेन का उज्जैन कोटा के बीच होगा परिचालन

**महिदपुर रोड।** कोटा से चौमहला के बीच चल रही 61624- 61623 मेमू ट्रेन का झालावाड़ संसदीय क्षैत्र के सांसद दुष्यंत सिंह तथा उज्जैन आलोट संसदीय क्षैत्र के सांसद अनिल फिरोजिया की मांग पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस ट्रेन के कोटा से उज्जैन के बीच विस्तारित कर परिचालन की सैद्धांतिक स्वीकृति दी है रेलवे के प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार शासन स्तर पर दिये गये निर्देशों की पालना करते हुए शीघ्र ही इसके उज्जैन तक विस्तारित किये जाने प्रक्रिया को प्रशासनिक स्तर पर अंतिम रूप दिया जायेगा। कोटा चौमहला ट्रेन को उज्जैन तक विस्तारित करने से लोगों को बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन जाने में आसनी होगी।



## आर्मी जीडी में चयनित हुए राजेश गायरी, किया स्वागत

**सुसनेर।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित जामुनिया रोड निवासी राजेश गायरी पिता रमेश गायरी का आर्मी जीडी में फाइनल सिलेक्शन होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर भाजपा नेता विनय शर्मा ने राजेश गायरी का स्वागत कर शुभकामनाएं दीं तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निर्मल जैन, गोविंद चंदेल, रमेश गायरी, राहुल मौर्य, तेजपाल मौर्य, निलेश गायरी, पवन जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने राजेश गायरी की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।

## शीतला माता मंदिर को चालू रखने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन



**महिदपुर रोड।** नगर के रेल्वे स्टेशन पर कर स्थित शीतला माता मंदिर के 50 से अधिक वर्षों से नगर की महिलाओं तथा दर्शन करने जाने आने वालों के लिये हम रास्ते को रेलवे प्रशासन द्वारा हठ धर्मिता से बंद किये गये रास्ते को यथावत चालू रखने की मांग को लेकर नगरवासियों ने बुधवार को कोटा मंडल के डीआरएम के नाम एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक सुनील कुमार सेन को देकर रास्ते को यथावत चालू रखने की मांग की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान उपस्थित नगर वासियों सामाजिक कार्यकर्ता तथा विभिन्न अध्ययन प्रतिनिधित्व ने कहा- यदि जल्दी रास्ता नहीं खोला गया या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई, तो नगर वासी इस बात को लेकर उग्र आंदोलन करेंगे ज्ञापन धुन देने क दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न समाजों के समाज सेवी उपस्थित थे। नगर वासियों की और से शीतला माता मंदिर के रास्ते को चालू रखने के संबंध में ज्ञापन डीआरएम के नाम प्राप्त हुआ है जो उचित कार्रवाई के लिये वरिष्ठ कार्यालय को भेजा जा रहा है।

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई

**शुजालपुर।** अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को आबकारी वृत्त शुजालपुर की टीम ने नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में दबिश देकर कार्रवाई करते हुए 32 पाव अवैध मदिरा जब्त की। मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम तहत दो न्यायालयीन प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1-गोपाल पिता श्री बद्रीलाल 2-सतीश पिता श्री गोपाल निवासीगण ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 40/2 रकबा 1.300 हैक्टर स्थित ग्राम नजरपुर तहसील घटिया जिला उज्जैन में है, उक्त संपत्ति को क्रय करने का विक्रय सौदा कर लिया है तथा आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक- 27-5-2026

**गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट**
**दुकान नंबर डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर 99260-68606**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01. रमेश पिता श्री राधाकिशन, 02. श्रीमती देवू बाई पति श्री राधाकिशन, दोनों- निवासी-40, ग्राम शंकरपुर मक्सी रोड़, उज्जैन के एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक-189/3 रकबा -2.257 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम पंवासा तहसील व जिला उज्जैन में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकिग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियांद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो। इति दिनांक-27.05.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा रामीबाई पति स्व. श्री वरदीरामजी चन्द्रवंशी निवासी ग्राम सिपेडा हालमुकाम ग्राम पचलासी के देवर रतनलाल पिता कंवराजी व उनकी पत्नि कमलाबाई पति रतनलाल ने मेरी पक्षकारा के साथ धोखाधडी करते हुए और उसके अशिक्षित होने का लाभ उठाते हुए अपने अवयस्क पुत्र गोपी पिता रतनलाल को मेरी पक्षकारा को गोद दिये जाने के संबंध में एक पंजीकृत दत्तक विलेख पत्र पंजीकृत करवा लिया है। जबकि मेरी पक्षकारा ने कभी भी गोपी पिता रतनलाल निवासी सिपेडा को अपना दत्तक पुत्र नही माना है और ना ही दत्तक नामा विलेख पंजीकृत करवाया है मेरी पक्षकारा शीघ्र कथित दत्तकनामा विलेख को निरस्त करने हेतु कार्यवाही प्रस्तुत करने जा रही है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गोपी पिता रतनलाल चन्द्रवंशी निवासी ग्राम सिपेडा मेरी पक्षकारा का दत्तक पुत्र नहीं है और ना ही मेरी पक्षकारा के दत्तक पुत्र के आधार पर उसे मेरी पक्षकारा की संपत्तियों में कोई स्वत्व व अधिकार प्राप्त नही है। गोपी पिता रतनलाल द्वारा किये गये किसी भी व्यवहार हेतु मेरी पक्षकार उत्तरदायी ही नही है।

**निर्मला धाकड़ एडवोकेट**
**अशोक मार्ग खाचरौद जि. उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर-9926076129**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती जमनाबाई पत्नी श्री राधेश्याम निवासी ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) कृषक-ग्राम नौगांवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-517 रकबा 0.57 हैक्टर व भूमि सर्वे नम्बर-518/1 रकबा 0.03 हैक्टर कुल किता-2 कुल रकबा 0.60 हैक्टर लगानी बरूऐट स्थित ग्राम नौगांवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में हैं, को क्रय करने का अनुबन्ध किया गया होकर बयाना राशि अदा कर दी हैं, अब शेष विक्रय धन अदाकर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाना शेष हैं, यदि उक्त सम्पत्ति को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबन्ध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात (7) दिन में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने अवधि मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धनकारक नहीं होगी, सूचित हो । दिनांक-27.05.2026

**कु. मनोहरसिंह राणावत सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-10 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन**
**मोबा. 98268.87494**

## नीलकंठ स्वरूप में सजे बाबा ओंकारेश्वर महादेव

**शाजापुर।** पवित्र अधिकमास के शुभ मौके पर नगर के धानमंडी चौराहा स्थित बाबा ओंकारेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान और पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ का अत्यंत मनमोहक और अलौकिक नीलकंठ स्वरूप् में श्रृंगार किया गया। बाबा के इस दिव्य रूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। मंदिर के मुख्य पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी द्वारा बुधवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा ओंकारेश्वर महादेव का अभिषेक किया गया, जिसके पश्चात उन्हें आकर्षक नीलकंठ स्वरूप में सजाया गया। पुजारी ओमप्रकाश गोस्वामी ने बताया कि हिंदू धर्म में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के दौरान भगवान शिव की आराधना और विशेष पूजा का अत्यधिक महत्व माना गया है। विषपान कर सृष्टि को बचाने वाले महादेव के नीलकंठ स्वरूप का श्रृंगार क्षेत्र की सुख-शांति और विश्व कल्याण की कामना के साथ किया गया। नीले वर्ण, सुगन्धित पुष्पों, चंदन और भस्म से सजे बाबा के इस अद्भुत और मनमोहक स्वरूप के दर्शन कर भक्तों ने स्वयं को धन्य माना और धर्म लाभ लिया। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और जय श्री नीलकंठ के जयकारों से गूंज उठा। दर्शनार्थियों ने कतारबद्ध होकर शांतिपूर्ण तरीके से बाबा ओंकारेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विकलांग बेटे का घर बसाने की चाहत में ठगाई मां

**शाजापुर।** एक मां की सबसे बड़ी ख्वाहिश अपने बच्चों का घर बसते देखना होती है, लेकिन शाजापुर जिले में इसी जज्बात का फायदा उठाकर एक सनसनीखेज ठगी को अंजाम दिया गया। मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के ग्राम पीरखेड़ी करजू में एक ठग ने शारीरिक रूप से विकलांग युवक की शादी कराने का झांसा देकर उसकी 65 वर्षीय बुजुर्ग मां से 1 लाख 40 हजार रुपए ऐंठ लिए। महीनों इंतजार और मिन्नतों के बाद भी जब न शादी हुई और न पैसे लौटे, तो पीड़िता ने थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार ग्राम पीरखेड़ी करजू की रहने वाली 65 वर्षीय बुजुर्ग सुंदरबाई का बेटा महेश शारीरिक रूप से विकलांग है। लाख कोशिशों के बावजूद महेश का रिश्ता तय नहीं हो पा रहा था। इसी मजबूरी को भांपते हुए गांव के ही किशोर पिता कंवरलाल बागरी ने बुजुर्ग मां को विश्वास दिलाया कि वह उसके बेटे की शादी करवा देगा। इस काम के एवज में उसने 1 लाख 40 हजार रुपए की भारी-भरकम रकम की मांग की। बेटे का घर बसने की आस में सुंदरबाई ने 1 मई 2025 को गांव की ही श्यामुबाई गोस्वामी के घर पर किशोर बागरी को 1 लाख 40 हजार रुपए नकद सौंप दिए। इस लेन-देन को पुख्ता करने के लिए बाकायदा मोबाइल कैमरे से एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया गया था। पैसे लेते वक्त आरोपी ने 2-3 महीने के भीतर शादी कराने का पक्का वादा किया था। महीनों बीत जाने के बाद भी जब शादी की कोई बात आगे नहीं बढ़ी, तो 18 मार्च 2026 को सुंदरबाई ने आरोपी किशोर से अपने पैसे वापस मांगे।

## आज अकीदत के साथ ईदगाह में अदा की जाएगी मुख्य नमाज

**शाजापुर।** शहर में ईद उल अजहा का मुकद्दस पर्व पूरी अकीदत और एहतराम के साथ मनाया जाएगा। पर्व की मुख्य नमाज शहर की ईदगाह में अदा की जाएगी, जहां मुस्लिम समुदाय के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर नमाज अदा करेंगे और मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगेंगे। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के सज्जाद अहमद कुरैशी ने बताया कि ईद उल अजहा का यह पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा। शहर काजी रहमतुल्लाह साहब द्वारा तय किए गए वक्त के मुताबिक, ईदगाह में ईद की मुख्य नमाज सुबह 8 बजे अदा की जाएगी। नमाज के बाद ईद का खुत्बा भी शहर काजी रहमतुल्लाह साहब द्वारा ही पढ़ा जाएगा। पर्व की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए सज्जाद अहमद कुरैशी ने बताया कि ईद उल अजहा के पीछे पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम का वह जज्बा शामिल है,

# 9 महीने से चकमा दे रहा चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

मोहन बड़ोदिया थाना पुलिस ने पिछले 9 महीने से फरार चल रहे चोरी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 30 हजार रुपये कीमत की 5 तराफे भी बरामद कर ली हैं।

आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था, जिसे आखिरकार पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त मेहनत से सारंगपुर बस स्टैंड से धर दबोचा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, आदर्श नगर कॉलोनी शाजापुर के रहने वाले रामबाबू वर्मा ने 30 अगस्त 2025 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 11 अगस्त 2025 की रात को पुराना चौमा की पुलिया के पास से कोई अज्ञात बदमाश उनकी बीज बनाने की तराफे चुरा कर ले गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। चोरी की इस घटना का पर्दाफाश करने के लिए एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और शाजापुर एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह तोमर के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी गोपाल सिंह पिता पप्पूलाल, निवासी ग्राम बाबल्दा, जिला राजगढ़ को पकड़ने के लिए कई बार उसके घर और रिश्तेदारों के यहां दबिश दी गई। लेकिन आरोपी काफी शातिर था और जगह बदल-बदल कर छिपता फिर रहा था। अंततः मुखबिर की सटीक सूचना और साइबर सेल की तकनीकी मदद से 26 मई 2026 की शाम पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को सारंगपुर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने अपराध करना स्वीकार किया। पुलिस ने 27 मई 2026 को आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई 5 तराफे कीमत 30,000 रुपये जब्त की। पुलिस फिलहाल चोरी की इस वारदात में शामिल उसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद बुधवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस पूरी कार्रवाई में मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह तोमर, एएसआई महमूद अली, प्रधान आरक्षक हेमेंद्र जादौन, जितेन्द्र सितपरा, आरक्षक सुरेश राठौर, शैलेंद्र गुर्जर, शैलेंद्र शर्मा, अर्जुन बागड़ी, शिवचरण और साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# नेशनल हाईवे-52 पर दो अलग-अलग सड़क हादसे, कुल छह लोग घायल




**दैनिक अवन्तिका » शाजापुर**

जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे-52 पर रात के समय एक के बाद एक दो सड़क दुर्घटनाएं सामने आईं। इन हादसों में कुल छह लोग घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल-112 टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्परता से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों मामलों को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात सुनेरा निवासी रोहित चंद्रवंशी अपनी बाइक से आगर जिले के अमलहता गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था, तभी रात करीब 9 बजे मझानिया जोड़ के पास रॉन्ग साइड से आ रही एक कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर डायल-112 के पायलट राजेश बरेठा और आरक्षक बृजमोहन यादव मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद कार चालक अपना वाहन कुछ दूरी पर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सुनेरा पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत, भूसे से भरा ट्रक पलटा

दूसरा हादसा मंगलवार रात करीब 10 बजे कनासिया नाके के आगे होटल रतनलोक के पास हुआ। यहां दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे भूसे से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में एक ट्रक के चालक सुनील और क्लीनर अर्जुन, जबकि दूसरे ट्रक के चालक फरहान तथा हेल्पर अरशान व फुरकान जख्मी हो गए। सूचना मिलने पर मक्सी थाने की डायल-112 के पायलट अनिल परमार और आरक्षक राहुल मालवीय ने मौके पर पहुंचकर सभी पांचों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि इन सभी घायलों को हल्की चोटें आई हैं और स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

## सड़क निर्माण के दौरान फूटी मुख्य पाइपलाइन

**शाजापुर।** भीषण गर्मी के इस दौर में जहां एक तरफ लोग बूंद-बूंद पानी को सहेजने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के चलते शहर में हजारों लीटर पेयजल व्यर्थ बह गया। बस स्टैंड स्थित मस्जिद के सामने लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के काम के दौरान नगरपालिका की मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के कारण बुधवार को शहर के नई सड़क और आजाद चौक क्षेत्र में जल आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है, जिससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण के तहत पाइपलाइन क्रॉसिंग का कार्य किया जा रहा था। मंगलवार रात करीब 12 बजे इसी कार्य के दौरान खुदाई में नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन फूट गई।


## जाहिर सूचना

मैं प्रकाश प्रजापत पिता श्री मंगनीराम प्रजापत, आयु 44 वर्ष, व्यवसाय-आर.टी.ओ. एजेन्ट, निवासी बी-47, सांवेर रोड़, सार्थक नगर, उज्जैन म.प्र. का होकर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरा गोदीपुत्र लखन प्रजापत पिता प्रकाश प्रजापत, आयु 20 वर्ष, निवासी 22/2, स्वास्तिक नगर, उज्जैन म.प्र. है, जो अपने दोस्तों की संगत मे पढ़कर बुरी आदतों का शिकार हो गया है। जिस कारण से उसका व्यवहार जिद्दी, गुस्सालु प्रवृत्ति का हो गया है, जिसके कारण वह आये दिन हमारा व हमारे परिवार के लोगों तथा आसपडौस के लोगों से लड़ता झगड़ता एवं गाली गलौच करता रहता है। मेरे व मेरे परिवार एवं परिजन व समाजजन तथा रिश्तेदारों के द्वारा समझाये जाने पर भी उसके व्यवहार मे कोई परिवर्तन नहीं आया है, उसके द्वारा किये गये कृत्यों व आचरण से मुझे व मेरे परिवार को शारीरिक, मानसिक व आर्थिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा की हानि होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है, जिसके कारण मुझे व मेरे परिजन को उसके स्वभाव को सहन कर पाना दुर्भर हो गया है। जिससे मैने एवं मेरे परिवार के लोगों द्वारा यह निर्णय लिया है कि, मेरे गोदीपुत्र लखन प्रजापत से आज से सारे रिश्ते-नाते व परिवार के सारे संबंध तोड़ दिये है। आज दिनांक से मेरे व मेरे परिवार के मेरे गोदीपुत्र लखन प्रजापत का मुझसे व मेरे परिवार से अब कोई रिश्ता नहीं रहा है, उसको मैने व मेरे परिवार ने आपसी सहमति से अपने घर व परिवार तथा अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से उसे बेदखल कर दिया है। आज दिनांक के पश्चात लखन प्रजापत से कोई भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, किसी भी प्रकार कोई संव्यवहार नहीं करें। लखन प्रजापत द्वारा किये गये किसी भी कार्य एवं संव्यवहार के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

सो सूचित हो। इति दिनांक 27.5.26.

**प्रकाश प्रजापत पिता श्री मंगनीराम प्रजापत**
**आयु 44 वर्ष, व्यवसाय - आर.टी.ओ. एजेन्ट,**
**निवासी बी-47, सांवेर रोड़, सार्थक नगर, उज्जैन**
**मो. 9584205558**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी विज्ञानसिंह पिता उमरावसिंह, गोवर्धनसिंह पिता उमरावसिंह व ईश्वरलाल पिता कालूसिंह समस्त जाति सोंधिया निवासी ग्राम खेड़ामद्दा तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के द्वारा अपने हक एवं हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 591 रकबा 1.28 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 541 रकबा 0.81 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 542/1 रकबा 0.72 हेक्टेयर व सर्वे नम्बर 562 रकबा 0.41 हेक्टेयर में से रकबा 0.25 हेक्टेयर कुल किता 04 कुल विक्रीत रकबा 3.06 हेक्टर याने 12 बीघा 06 आरे भूमि ग्राम खेड़ामद्दा तहसील झारडा जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उक्त भूमि का विक्रय/अनुबंध पत्र/सौदा चिटठी संपादित करवा कर टोकन बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है। है। यह कि उपरोक्त भूमि विक्रय मे यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत संस्था बैंक निकाय शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था या स्थानिय शासन का कोई ऋण भार या बोझ या हित अधिकार आधिपत्य विक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार ही या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहीर सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयिन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 27-05-2026

**राकेश शर्मा सर्विस प्रोवाइडर**
**तहसील कार्यालय घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि, राजस्व अभिलेख ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन एक भूमि खाता सर्वे न. 42/1/1 रकबा 0.83 हे. भूमि जितेन्द्र पिता रतनलालजी जाति नागर निवासी ग्राम बंगरेड तहसील बड़नगर जिला उज्जैन के एकमात्र स्वामित्व एवं आधिपत्य की स्थित है। उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी से समक्ष गवाहन के तय किया है तथा उक्त भूमि विक्रय सौदा की बयाना राशि भी मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी को अदा कर दी है। उक्त भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित होना शेष है। यदि उक्त भूमि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि के पक्ष मे किसी भी प्रकार से बंधक भारग्रस्त हो या इस भूमि विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक कोई आपत्ति हो, या यह भूमि किसी के पक्ष में रहन बंधक, अनुबंधित आदि की हुई हो तथा इस भूमि मे किसी भी व्यक्ति, संस्था का कोई स्वत्व, हक, आधिपत्य, हित निहित हो या स्वत्व संबंधित कोई दावा आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना पत्र के प्रकाशन के 07 दिवस में मेरे कार्यालय में मेरे समक्ष मय दस्तावेज आपत्ति पैश करे अन्यथा बात गुजरने मियाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय मुल्य की सम्पूर्ण राशि विक्रेता को अदा कर भूमि का क्रय पत्र अपने पक्ष मे निष्पादित करवा लिया जावेगा और कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक-27/05/2026

**गणेश रावल एडव्होकेट**
**बडनगर जिला उज्जैन मो. 93400-18812**

## जाहिर सूचता

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अर्जुन आजना विता श्री लक्ष्मीनारायण आंजना निवासी पाडल्याकला तहसील नागदा जिला उज्जैन से उनके द्वाप्त मूल स्वामी भरत सिंह आंजना पिता श्री बाबूलाल आजना निवासी उज्जैन से सौदा चिंडती पर कय अनुबंधित की हुई कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर- 174/1 रकबा 0.09 हेक्टर, सर्वे नंबर 174/2 रकबा 0-19 हेक्टर, सर्वे नंबर 174/3 रकबा 0.23 हेक्टर, सर्वे नंबर 176/1 रकबा 0.27 हेक्टर, सर्वे नंबर 178/1 रकबा 0.14 हेक्टर सर्वे नंबर 178/2 रकबा 0.22 हेक्टर सर्वे नंबर 179/1 रकबा 0.24 हेक्टर, सर्वे नंबर 179/2 रकबा 0.02 हेक्टर सर्वे नंबर 180/1 रकबा 0. 16 हेक्टर सर्वे नंबर 180/2 रकबा 0.04 हेक्टर सर्वे नंबर 181/1 रकबा 0.12 हेक्टर सर्वे नंबर 181/2 रकबा 0.05 हेक्टर सर्वे नंबर 183/1 रकबा 0.37 हेक्टर सर्वे नंबर 183/2 रकबा 0.07 हेक्टर कुल किता 14 कुल रकबा 2.21 हेक्टर स्थित ग्राम सिलारी तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित कय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित में करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 27-05-2026 समय सुबह 11 से 06.बजे तक

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र आर.टी.ओ.**
**कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**मो. 98277-92292**

## जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार लखन चौधरी पिता बद्रीलाल जी चौधरी जाति चौधरी निवासी एरवास तहसील उज्जैन जिला उज्जैन ने अर्जुनसिंह आंजना पिता मांगीलाल जी आंजना से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम पगारा स्थित कृषि भुमि सर्वे नम्बर 233/2 रकबा 0.34 हे, तथा सर्वे नम्बर 225/2 रकबा 0.51 हेक्टर में से रकबा 0.41 हेक्टर भुमि, तथा कालु पिता बग्दीराम जाति भोपा से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य क ग्राम पगारा स्थित भुमि सर्वे नम्बर 225/1 रकबा 0.50 हेक्टर भुमि में से रकबा 0.40 हेक्टर भुमि इस प्रकार कुल किता 03 होकर कुल रकबा 1.15 हेक्टर भुमि को कृय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी हे। यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष में रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथ्वा उक्त भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस मे मिले व आपत्ति पेश करे। अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धन कारक नही रहेगी दिनांक 28/05/2026

**जाकिर हुसैन एडव्होकेट**
**पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चोक**
**उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जेन**
**मो. 98278-47404,9926066398**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी 01-श्रीमती कलाबाई पति स्व. मुन्नालाल, 02-श्रीमती अनिता कुंभकार पति श्री अनिल कुंभकार पुत्री स्व. मुन्नालाल, 03-श्री दिनेश प्रजापति, 04-श्री महेश प्रजापति, 05-श्री लखन प्रजापति तीनो पुत्रगण स्व. मुन्नालाल, समस्त कृषक-ग्राम ढाबला रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) के संयुक्त मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक-246/1/1 (एस) रकबा 1.2700 हेक्टर ग्राम ढाबला रेहवारी प. ह. नं.-00098 तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण रकबा 1.2700 हेक्टर मेसे 0.2000 हेक्टर को क्रय करने सौदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूमि स्वामियों से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना है। उपरोक्त कृषि भूमि पर अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

सूचित हों। इति दिनांक-27.05.2026

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय- ए 1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार लाखन सिंह पिता करणसिंह, निवासी ग्राम हिंगोनिया, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा श्रीमती गंगाबाई पिता स्व. मंगलदास बैरागी पति स्व. बंसीदास बैरागी, श्रीमती धापुबाई पिता स्व. मंगलदास बैरागी पति देवकरण, श्रीमती मधुबाई पिता स्व. मंगलदास बैरागी पति प्रेमदास व स्व. श्रीमती श्यामुबाई पिता स्व. मंगलदास बैरागी पति भैरवदास बैरागी से निवासीगण = ग्राम हिंगोनिया, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व एवं स्वामित्व की कृषि भूमि सर्वे नंबर 191/2 रकबा 0.19 कुल सर्वे नंबर 01 कुल रकबा 0.19 हेक्टेयर स्थित ग्राम हिंगोनिया, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) मे स्थित है को क्रय करने का सौदा निष्पादित किया होकर बयाना राशि अदा की जा चुकी है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि का केवल विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष है। श्रीमती श्यामुबाई पति भैरवदास बैरागी की मृत्यु माह जुलाई वर्ष 2025 अर्थात आज दिनांक से लगभग 10 माह पूर्व हो चुकी है। भैरवदास बैरागी निवासी ग्राम हिंगोनिया, तहसील महिदपुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) उनके वैध उत्तराधिकारी है। मेरे पक्षकार को जानकारी हुई कि कतिपय व्यक्ति कृषि भूमि के स्वामीगणो को बहकाकर उक्त भूमि के अंतरणग्रहण करने का प्रयास बाले-बाले कर रहे है। अतः इस जाहिर सूचना के मध्य से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि वह उक्त अनुबंधित कृषि भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार के अंतरणग्रहण करने का प्रयास नहीं करे तथा इस जाहिर सूचना के माध्यम से उपरोक्त भूमि के स्वामीयों को भी अवगत करवाया जाता है कि वे मेरे पक्षकार से संपर्क कर शीघ्र ही मेरे पक्षकार के हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवा देवे। सो सूचित हो।

दिनांक- 28-05-2026

**त्रिलोक बालानी हाई कोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-= 121डी- सेकेण्ड फ्लोर, डिवाइन वैली काम्प्लेक्स,**
**देवास रोड, उज्जैन जिला उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 9303-91-9303**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने हाजी गुलमोहम्मद पिता रेहमत पटेल तथा नसीम पति फिरोज पटेल, फरजान, फरहान पिता फिरोज पटेल कृषक ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 574/1 रकबा 1.16 हेक्टेयर,सर्वे क्रमांक 576/1 रकबा 0.34 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 583/1 रकबा 0.27 हेक्टेयर, सर्वे ऋमांक 568 रकबा 1.30 हेक्टेयर, सर्वे ऋमांक 575 रकबा 1.22 हेक्टेयर,सर्वे क्रमांक 576/2 रकबा 0.33 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 576/3 रकबा 0.35 हेक्टेयर,सर्वे क्रमांक 576/4 रकबा 0.47 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 583/2 रकबा 0.28 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 583/3 रकबा 0.26 हेक्टेयर,सर्वे क्रमांक 583/4 रकबा 0.14 हेक्टेयर कुल किता 11 कुल रकबा 6.12 हेक्टेयर स्थित ग्राम नजरपुर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अब उक्त भूमिस्वामी को शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष बयाना राशि एंव तत्पश्चात शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से अनुबंध-पत्र एंव तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो।

इति दिनांक 27/05/2026 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 43. खुदीराम बोरा गाई उज्जैन में विधात है जिसका कूल क्षेत्रफल 44.12 वर्ग मीटर अर्थात 475.00 वर्ग फिट हैं उक्त भवन मोहम्मद फारूक विता श्री अब्दुान गनी को उत्तराधिकार में प्राप्त हुई थी तथा बहैसियत संपत्ति स्वामी के उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन में दर्ज ना तथा उनका देहान्त होने के पश्चात उनके वैध पारिवारिक उत्तराधिकारी श्रीमती नसीम बी पति स्व. मोहम्मद फारूक व मोहम्मद जावेद पिता स्व. मोहम्मद फारूक निवासी-43. जवाहर मार्ग गुदरी चौहारा उज्जैन को उत्तराधिकार में प्राप्त हुआ है तथा उक्त संपत्ति पर बहैसियत संपत्ति स्वामी के इनका नाम उज्जैन नगर पालिक निगम उज्जैन में दर्ज है जिसके पूर्व में कदीर पिता जब्बार का मकान, पश्चिम में साबीर गोरी पिता अब्दुल गनी का भवन, उत्तर में मेहता जी का भवन, दक्षिण में सडक मिली है. को मय तल लगायत हवाई हक सहीत मेरे पक्षकार ने अनुबंध पत्र का निष्पादन कर बयाना राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन होना शेष हैं यदि उक्त भवन पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पंद्रह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके. अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-27.05.2026

**योगेश शर्मा. ( एडवोकेट )**
**कार्यालय डी एफ-9. प्रथम मंजिल, भरतपूरी**
**कॉम्पलेक्स, पंजीयक कार्यालय, उज्जैन**



## नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने डग रोड स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम किरण वरवड़े को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हर वर्ष नीट परीक्षा में सामने आ रही धांधली और पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। एनएसयूआई कार्यकताओं ने कहा कि लगातार पेपर लीक और अनियमितताओं के कारण मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। संगठन ने मांग की कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान एनएसयूआई नगर अध्यक्ष प्रसुन गोयल, जिला महासचिव ओवस कुरैशी, सीएमराइज स्कूल अध्यक्ष सागर जादमे, नगर महासचिव रहन खान, ज्योतिष कटारिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण एवं संवर्धन अन्तर्गत लक्ष्मीपुरा में स्थित तालाब का गहरीकरण कार्य किया



**तराना।** गंगा दशहरा पर्व पर समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों को ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सहभागीता से कराये जाने के निर्देश दिये गए। जिसके परिपेक्ष में जनपद पंचायत तराना अंतर्गत समस्त 107 ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की सहभागीता से करवाया गया, अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपल्या कायथा में बृजेश सक्सेना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग - तराना एवं प्रमोद कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत - तराना के नेतृत्व में ग्राम - लक्ष्मीपुरा में स्थित तालाब का गहरीकरण कार्य किया गया जिसमें सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश राजौरिया जिला-सदस्य, वासुदेव पाण्डे वरिष्ठ भाजपा नेता , सौदान सिंह सिसौदिया पूर्व मण्डी अध्यक्ष भाजपा एवं गुड्डू पाण्डे सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों द्वारा श्रमदान किया गया। जल कलश यात्रा एवं जल शपथ के माध्यम से ग्रामीणों में जल जागरूकता के प्रति संदेश दिया गया, सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा जल संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें इस संबंध में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र कोदिया सहायक यंत्री, अर्चना श्रीवास्तव अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, कुन्दन मुकाती उपयंत्री संदीप मालवीय प्रबंधक जनअभियान परिषद् एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम काआभार श्री मुकेश राजौरिया प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत - पिपलिया कायथा द्वारा किया गया।

## किराना व्यवसायी बोहरा के छोटे सुपुत्र मुस्तफा बोहरा का निधन



**महिदपुर।** नगर में पांच पीढ़ियों से कादर भाई बोहरा के प्रसिद्ध नाम से तहसील में पहचानी जाने वाली संचालित किराना दुकान के संचालक गुलाम अब्बास भाई (गुल्लु भाई बोहरा) के छोटे सुपुत्र व बोहरा समाज के वाली सज्जाद भाई बोहरा एवं कासम भाई बोहरा के भतीजे एवं युवा व्यवसायी बुरहानुद्दीन बोहरा के छोटे भाई मुस्तफा बोहरा का 20 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन के समाचार से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह जल्दी न उठने पर परिवारजनों ने उठाया तो रात को अचानक आए हृदयघात से उनका निधन हो गया। नगर में युवक की मौत के समाचार से नागरिक शोक में डूबे रहे। दोपहर 2 बजे बोहरा मस्जिद से जनाजे की नमाज के बाद जनाजा निकला जिसमें समाजजनों, इष्टमित्रों, राजनैतिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों ने जनाजे में भाग लेकर शोक व्यक्त किया जिसमें प्रमुख रुप से पूर्व न.पा. अध्यक्ष मोहम्मद भाई नेता, वरिष्ठ कांग्रेसी शांतिलाल छजलानी, पटेल संघ अध्यक्ष रमेशचन्द्र सकलेचा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, जिला योजना समिति के सदस्य एवं नगर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष निर्भयसिंह भाटी, न.पा. पार्षद प्रतिनिधि पियुष सकलेचा, सरस्वती शिशु मंदिर समिति अध्यक्ष गिरधारीलाल उथरा, कांग्रेस मण्डल प्रभारी हारुन छीपा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुबोध धोका, प्रमुख किराना व्यापारी कालू पोरवाल, सराफा व्यवसायी हाजी लतिफ भाई नियारगिर, सलीम भाई नियारगिर, एम.पी.एस. अके-डमी संचालक आशुतोष छजलानी, किराना व्यापारी मुकेश बाकलीवाल, मुकेश बच्छावत, अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश छजलानी, तपागच्छ जैन समाज के राजेन्द्र लुंकड़, साहित्यकार कवि दिगम्बर जैन समाज के प्रमुख ऋषभ जैन, निलेश सोगानी, नागोरी समाज के कय्युम नागोरी, रेडिमेड व्यवसायी सुरेश कोचर, जैन धर्मशाला समिति सदस्य अभिषेक छजलानी, अजय सोनगरा, गौरव सोनगरा, नसीम जैदी, राजू भाई सोनी, बाबू भाई जागीरदार, इल्यास कुरेशी, बदरुद्दीन कुरेशी, राजेन्द्र गोयल, किशोर भटनागर, सिसौदिया परिवार, चैपड़ा परिवार आदि के साथ उज्जैन, आलोट, इन्दौर, बड़नगर, खाचरौद, राजोद आदि स्थानों से आये बोहरा समाजजनों ने भाग लिया।

## अवैध स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भोजपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त की, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3,50,000 रुपये है। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे अंडरब्रिज ग्राम पिपल्दी के नीचे दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर खड़े हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी हजारीलाल पिता देवीलाल तंवर 30 वर्ष निवासी ग्राम खाजली, भोजपुर, लालसिंह पिता देवीलाल तंवर 45 वर्ष निवासी ग्राम गुंदीपुरा भोजपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया।

### जल गंगा संवर्धन अभियानः तीर्थ स्थल कपिलेश्वर महादेव धाम पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में आयोजित

# जल स्त्रोतों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत और भावी पीढ़ी के प्रति जिम्मेदारी- टेटवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सोमवार को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को धार्मिक नगरी सारंगपुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कपिलेश्वर महादेव धाम में भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जहां माँ कालीसिंध नदी की वैदिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की, वहीं घाटों पर खुद झाड़ू थामकर और कचरा उठाकर श्रमदान किया। मंत्री टेटवाल ने आम जन से आह्वान किया कि जल स्त्रोतों को सहेजना केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

**मां कालीसिंध का पूजन और चुनरी मनोरथ**

सोमवार सुबह कपिलेश्वर महादेव धाम स्थित तट पर मंत्रोच्चार के बीच माँ कालीसिंध नदी का विधिवत वैदिक सनातन पद्धति से पूजन-अर्चन किया गया। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने माँ कालीसिंध को चुनरी अर्पित की और प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा समग्र विकास की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि माँ कालीसिंध का आशीर्वाद क्षेत्र पर बना रहे और सभी नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होता रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा घाट परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

**घाटों पर उतरकर किया श्रमदान**

पूजन-अर्चन के तुरंत बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के जमीनी संकल्प को साकार करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। राज्य मंत्री टेटवाल ने स्वयं आगे आकर कालीसिंध नदी के घाट की सफाई की और कचरा एकत्रित कर श्रमदान किया। उन्हें देखकर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी सफाई कार्य में हाथ बंटाया। देखते ही देखते कुछ ही समय में नदी तट और घाट परिसर पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर नजर आने लगा।

इस वृहद आयोजन और अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आज धार्मिक नगरी सारंगपुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कपिलेश्वर महादेव धाम में भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला है। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रदेश में जलस्त्रोतों को नई जान मिली है। इस मौके पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्हौरे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमेंद्र गोहिल और नगर पालिका मुख्य अधिकारी सीएमओ दीपक कुमार रानवे उपस्थित थे। इसके अलावा विभिन्न स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, नगर पालिका के कर्मचारी और बडी संख्या में जागरूक नगरवासियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और जल संवर्धन का संकल्प लिया।

**जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील**

उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि हमारे देश में नदियों, तालाबों और कुओं को पूजनीय माना गया है। जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट के इस दौर में जल स्त्रोतों की रक्षा करना आने वाली पीढियों के प्रति हमारी सबसे बडी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप देना होगा। आज गंगा दशहरा के इस पवित्र दिन पर हम सब यह दृढ संकल्प लें कि हम अपने आसपास के तालाबों, नदियों और पारंपरिक जल स्त्रोतों को न तो दूषित होने देंगे और न ही उन्हें नष्ट होने देंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव नपा ने उत्साहपूर्वक मनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खाचरोद




नगर पालिका परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर स्थित तालाब परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

तालाब एवं उसके आसपास फैली गंदगी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से जल बचाने एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया गया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद द्वारा इस वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निजी, सामाजिक एवं सार्वजनिक भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों एवं स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से नगरवासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूक करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर निकाय अध्यक्ष गोविन्द भरावा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्विन दिंडोरकर, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अखिलेश शर्मा, पार्षद दशरथ वाकतारिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया, जगदीश मंडावलिया, प्रवीण नायक, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास मनोज जाट सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, निकाय के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे ।शाम में दीपों से रोशन हुआ महाँकाल का दरबार गंगा दशहरा पर्व पर नगर पालिका द्वारा 25 मई शाम को श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दिपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाँकाल मंदिर प्रांगण में दीप सज्जा नगर पालिका द्वारा की गईं।

**30 को रामतलाई तालाब का होगा गहरीकरण**

नगर पालिका अध्यक्ष भरावा ने बताया कि 30 मई को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर के रामतलाई क्षेत्र में स्थित तालाब का गहरीकरण के माध्यम से किया जावेगा। जिन नागरिकों को मुरम एवं काली मिट्टी की आवश्यकता हो वह अपने स्वयं के संसाधनों से मुरम एवं काली मिट्टी ले जा सकते हैं।

## गर्मी का सबसे तीखा दौर.. नौ दिन तक चलेगी लू की मार..

**ब्यावरा/राजगढ।** भारत समेत देश के कई हिस्सों में 25 मई से नौतपा की शुरूआत हो गई है.. ज्योतिष और मौसम दोनों की मान्यता के मुताबिक ये गर्मियों के नौ सबसे तपते हुए दिन होते हैं जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है.. इस दौरान दिन की गर्मी चरम पर पहुंच जाती है और रातें भी उमस भरी रहती हैं। नौतपा की अवधि आमतौर पर 25 मई से 2 जून तक रहती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब सूर्य वृषभ राशि में भ्रमण करते हुए रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तब नौतपा आरंभ होता है। सूर्य इस नक्षत्र में करीब 15 दिन रहते हैं लेकिन शुरूआती नौ दिन सबसे अधिक तीव्र प्रभाव वाले माने जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें पृथ्वी पर लंबवत (सीधी) पड़ती हैं.. इससे भूमि तेजी से गर्म होती है। इस अवधि में आमतौर पर ठंडी हवाओं का आना बंद हो जाता है और मानसून पूर्व की बारिश भी नहीं होती जिससे वातावरण पूरी तरह से 'तप' जाता है। हिंदू परंपरा और किसानों की मान्यता के अनुसार जितनी भीषण गर्मी नौतपा में पड़ेगी, मानसून में उतनी ही अच्छी बारिश होगी.. इस तेज गर्मी को प्रकृति का प्राकृतिक कीटनाशक भी माना जाता है।

## आज ईद उल अजहा मनाई जाएगी

**उन्हेल।** प्रतिवर्ष की तरह जामा मस्जिद में नमाज का समय सुबह 7 रहेगा ईदगाह में नमाज का समय सुबह 8 बजे रहेगा, यह जानकारी जामा मस्जिद वक्फ कमेटी के मुख्य सचिव सैयद राशिद अली (लकी) ने दी है।

## गीता ज्ञान यज्ञ 1 से 3 जून तक

**सुसनेर।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम जिला आगर के तत्वावधान में गीता स्वाध्याय मंडल शाखा सुसनेर द्वारा तीन दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 जून से 3 जून 2026 तक महेश्वरी धर्मशाला, सुसनेर में किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक गीता स्वाध्याय एवं प्रवचन आयोजित होंगे। आयोजन में कथा व्यास के रूप में ग्वालियर निवासी गीता मनीषी एवं केंद्रीय महामंत्री डॉ. विष्णु नारायण तिवारी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान, धर्म और अध्यात्म का संदेश देंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 3 जून को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक अखंड गीता पाठ एवं हवन का आयोजन किया जाएगा।

## वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान, नवागतों का आत्मीय स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

शहर की भावसार धर्मशाला रविवार को उस समय अनुभव, सम्मान और एकजुटता का केंद्र बन गई, जब मध्यप्रदेश पेंशनर्स संघ जीरापुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय पेंशनर्स सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में पहुंचे पेंशनर्स ने अपनी सहभागिता दर्ज कर संगठन की मजबूती का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों एवं वरिष्ठ पेंशनर्स का पुष्पमालाओं और शॉल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान नवागत पेंशनर्स का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन से जुड़कर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया। संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने कहा कि मध्यप्रदेश पेंशनर्स संघ लंबे समय से पेंशनर्स की समस्याओं और अधिकारों को लेकर लगातार सक्रिय है। उन्होंने बताया कि प्रदेश एवं जिला स्तर पर संगठन पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक मंच प्रदान कर उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है।

मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि पेंशनर्स समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय शासन और समाज की सेवा में लगाया है, इसलिए उनका सम्मान और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता होना चाहिए।

# रीवा की घटना के विरोध में जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन





दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

रीवा में 20 मई को हुई हृदय विदारक घटना एवं दो जैन साध्वियों की समाधि के विरोध में सोमवार को सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। समाजजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बड़ा मंदिर जी से मौन जुलूस के रूप में रवाना हुए जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ विश्राम गृह पहुंचा। विश्राम गृह पर समाज के प्रतिनिधियों ने तहसीलदार रामेश्वर दांगी को ज्ञापन सौंपते हुए घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान समाजजनों ने धर्म रक्षा, समाज की एकता एवं शांति बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष सफेद वस्त्र एवं महिलाएं पीले-केसरिया वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन सम्पन्न हुआ।

**महिदपुर**

सकल जैन समाज के तत्वाधान में प्रातः 9 बजे जैन समाज की साध्वी महाराज साहब के मांगलिक व उक्त घटना पर प्रकाश डालने के पश्चात दिगंबर जैन मंदिर से रीवा में 2 आर्यिका माताजी की कार दुर्घटना में हत्या करने की साजिश के विरोध में तथा विहार के दौरान सुरक्षा प्रदान करने व शासन द्वारा रीवा में घटित घटना में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कठोर करवाई व उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई मोन रैली के माध्यम से तहसील परिसर में जाकर तहसीलदार संतुष्टि पाल को ज्ञापन सोपा गया तथा भारत सरकार व मध्य प्रदेश शासन से राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति तथा संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए जाने हेतु मांग की गई।

## पटेल जिला ग्रामीण कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त



**तराना।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करंज निवासी अनुज पटेल(महेश) को जिला ग्रामीण कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर पटेल ने विधायक महेश परमार सहित प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का आभार माना है वहीं इस नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## माली सैनी समाज को सत्ता में भागीदारी जरूरी- जीपी माली




**ब्यावरा।** ऑल इंडीया माली सैनी सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक साईं कृष्णा रिसॉर्ट होशंगाबाद नर्मदा पुरम में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलन एव मल्यार्पण के साथ मुख्य अतिथियों ने बैठक का शुभारम्भ किया, मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष माली समाज गौरव डॉ रवि सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को देश भर में माता सावित्रीबाई फुले के बताए गए मार्ग पर चलकर बालिकाओ को उच्च शिक्षा दिलवाया जाने का कार्य किया जाए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसको मैं अच्छे से निभाऊंगा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कार्य करने का पूरा प्रयास करूंगा। अतिथि के रूप राज्यसभा संसद श्रीमती माया नारोलिया ने समाज को सम्बोधित किया। अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सैनी ने संबोधित करते हुए महात्मा फुले की 200 वी जयंती वर्ष पर फुले दम्पति को भारत रत्न की मांग को लेकर देशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी पी माली पूर्व अपर कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा किया माली सैनी समाज को सत्ता में भागीदारी जरूरी, सत्ता ही ऐसी कुंजी है जिसमें सभी ताले खोले जा सकते हैं।

## विकास पटेल बने आलोट जागीर के सरपंच



**उन्हेल।** उन्हेल क्षेत्र के ग्राम आलोट जागीर ग्राम पंचायत में काफी समय से खाली पड़ी सरपंच की कुर्सी की बागड़ोर अब विकास के हाथ में, विकास पटेल अब तक ग्राम पंचायत के निर्वाचित उपसरपंच थे जो अब ग्राम राजस्व अधिनियम और मध्यप्रदेश पंचायत नियम के अंतर्गत सरपंच पद पर रहकर अपने नाम के अनुसार विकास करेंगे, युवा सरपंच विकास पटेल NSNI की छात्र राजनीति से सक्रिय होकर जनप्रतिनिधि बने है, जो निरन्तर विकास की नवीन राह तलाशते रहते है, विकास कृषि उपज मंडी समिति उन्हेल के पूर्व अध्यक्ष शंकर पटेल के पुत्र है, आलोट जागीर ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रभार की विकास पटेल को ग्रामीण जन एवं इष्ट मित्रो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## 50 हजार रु.की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस ने चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया 50,000/- रु जप्त किया गया। फरियादी ज्योती सासी पति प्रेमसिंह सासी निवासी हुलखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 01:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति फरियादी की पॉलीथीन में रखे 50,000/-रु रुपये विनायक होटल बोडा से चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर आरोपी संदीप पिता ओमप्रकाश सासी 24 वर्ष निवासी कडियासासी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने विनायक होटल से 50,000/- रुपये चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई संपूर्ण राशि पुलिस के समक्ष पेश की गई।

## गंगा दशहरा पर निकली कलश यात्रा प्राचीन जल स्त्रोत का किया पूजन



**कानड़।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर में भव्य गंगा कलश यात्रा एवं जल स्त्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने सहभागिता कर जल संरक्षण और प्राचीन जल स्त्रोतों के संवर्धन का संदेश दिया।कलश यात्रा का शुभारंभ वार्ड पार्षद मांगूबाई आर्य के निवास से हुआ। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ नगर के विभिन्न वार्डों से होती हुई माता जी रोड स्थित मां बिजासन मंदिर पहुंचीं। यात्रा के दौरान जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने के संदेश भी दिए गए।मां बिजासन मंदिर परिसर के समीप स्थित अति प्राचीन कुएं पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने साथ लाए कलशों का जल प्राचीन कुएं में अर्पित कर जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।


OMAXE
Turning dreams into reality
OMAXE CITY CENTER
Mayakhedi, Omaxe City-1, Indore
A PERFECT COMBINATION
of luxury living & commercial space
OMAXE CITY CENTER
2&3 BHK FLATS
SHOPS
Gated Community
Kids Play Area
Ample Parking Space
Daily Need Shops
OMAXE CITY CENTER
38
YEARS OF TRUST
8 STATES | 31 CITIES
RERA NO. P-OTH-26-6292
Indore Zonal Office: FF-58, Orbit Mall, A.B. Road, Indore (M.P.)
Ujjain Regional Office: 2nd Floor, Shivansh Business Park, Opposite Ashrey Hotel, Dewas Road, Freeganj Ujjain (M.P.)
Ratlam Regional Office: Plot No. 25/3 (Fakhry Heights), 1st Floor, Mhow Road, Ratlam (M.P.)
8302 222 333 | WWW.OMAXE.COM
Disclaimer. This advertising material or information hereof on this project or any product (unit) of the company is solely for informational purposes and the viewer has not relied on this information for making any booking/purchase any unit of the Company and fully understands and agrees that the information(s) the project/projects (unit) may undergo such changes or updates as may be required. Accordingly, all this shall not constitute as advertising, marketing, booking, selling or an offer for sale or invitation to purchase a unit in any project by the Company. The Company or any officer shall not be liable for any consequence of any action taken by the viewer relying on such material/information. The viewer is advised to seek information on the project/projects before booking of any product from the company office/website www.omaxe.com, MPRERA office/website https://rera.mp.gov.in

## न्यूज कॉलम

### गांधी नगर क्षेत्र रहने वाले टेलर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली

**इंदौर।** गांधी नगर क्षेत्र में रहने वाले एक टेलर ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार ने पड़ोसी पर प्रताड़ित करने और लगातार धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों का कहना है कि करीब 17 दिन पहले टेलर के साथ मारपीट भी की गई थी, जिसके बाद से वह मानसिक तनाव में थे। गांधी नगर पुलिस के मुताबिक शंकर कॉलोनी स्थित एक खेत में मंगलवार को गजानंद (55) पुत्र नाथूसिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए अरविंदो अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां रात में उनकी मौत हो गई। परिजनों और रिश्तेदारों ने बताया कि गजानंद सिलाई का काम करते थे। परिवार में पत्नी और दो बेटे हैं। परिवार का आरोप है कि 10 मई को घर के पास रहने वाले मेहताब सिंह नाम के व्यक्ति ने गजानंद के साथ मारपीट की थी। इस हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई थी और करीब 10 टांके लगे थे। घटना के बाद पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। परिजनों के अनुसार आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद गजानंद को लगातार धमका रहा था। उसने यहां तक कहा था कि पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाई। इसी बात को लेकर गजानंद काफी तनाव में रहने लगे थे। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। गांधी नगर पुलिस का कहना है कि परिवार के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रिश्तेदार की शादी में हुई मुलाकात के बाद शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में तलाकशुदा महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नरसिंहपुर निवासी आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय महिला की मुलाकात अप्रैल महीने में जबलपुर में एक रिश्तेदार की शादी के दौरान गजेंद्र सिंह राजपूत से हुई थी। इसी दौरान दोनों के बीच बातचीत हुई और आरोपी ने महिला का मोबाइल नंबर ले लिया। महिला ने पुलिस को बताया कि 20 अप्रैल के आसपास आरोपी इंदौर आया और बाणगंगा क्षेत्र के एक होटल में रुका। उसने फोन कर महिला को मिलने बुलाया। महिला के मुताबिक होटल में आरोपी ने शादी करने की बात कही। महिला ने खुद के तलाकशुदा होने की जानकारी देकर शादी से इंकार किया, लेकिन आरोपी ने भरोसा दिलाते हुए संबंध बनाए और शादी का आश्वासन दिया। घटना के बाद आरोपी नरसिंहपुर लौट गया और धीरे-धीरे महिला का फोन उठाना बंद कर दिया। लंबे समय तक संपर्क नहीं होने पर महिला ने परिचितों को जानकारी दी और मंगलवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।


#### हाईप्रोफाइल महिलाओं की गैंग ने इंदौर में बिछाया ठगी का जाल, क्रिप्टो-फॉरेक्स के नाम पर ढाई करोड़ डकारे

# 100 दिन में पैसा डबल का झांसा, किटी पार्टी की क्वीन निकली करोड़ों की ठग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर में क्रिप्टो और फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर करोड़ों की हाईप्रोफाइल ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस पूरे खेल में जिया वाधवानी, हरप्रीत कौर समेत आठ से नौ महिलाओं के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने 100 दिन में पैसा डबल करने का सपना दिखाकर लोगों से करीब ढाई करोड़ रुपए ऐंठ लिए। मामला सामने आने के बाद शहर के पॉश इलाकों और बड़े घरानों में हड़कंप मचा हुआ है।

बताया जा रहा है कि यह कोई साधारण ठगी नहीं थी, बल्कि बेहद शातिर तरीके से रचा गया सोशल नेटवर्किंग फ्रॉड था। आरोपियों ने पहले लोगों से दोस्ती बढ़ाई, फिर उन्हें आलीशान किटी पार्टियों, गेट-टुगेदर और हाईप्रोफाइल मीटिंग्स में बुलाया। यहां बड़े मुनाफे और लग्जरी लाइफस्टाइल के सपने दिखाकर निवेश के लिए तैयार किया जाता था।



सूत्रों के मुताबिक मुख्य आरोपी हरप्रीत कौर शहर की चर्चित किटी पार्टियों में नियमित रूप से शामिल होती थी। वह खुद को क्रिप्टो और फॉरेक्स ट्रेडिंग एक्सपर्ट बताकर महिलाओं को भरोसे में लेती थी। शुरूआत में कुछ निवेशकों को छोटा-मोटा रिटर्न भी दिया गया, ताकि लोगों का विश्वास मजबूत हो जाए। यही रिटर्न का खेल बाद में करोड़ों की ठगी में बदल गया।

जांच में यह भी सामने आया है कि एक महिला निवेशक से भारी रकम इन्वेस्ट करवाने के बाद उसे हाईटेक लग्जरी कार तक गिफ्ट की गई थी। इस रॉयल ट्रीटमेंट को देखकर कई अन्य लोग भी लालच में आ गए और मोटी रकम लगा बैठे। आरोपियों ने दावा किया था कि उनका पैसा इंटरनेशनल क्रिप्टो और फॉरेक्स मार्केट में लगाया जा रहा है और कुछ ही महीनों में रकम दोगुनी हो जाएगी।

लेकिन जैसे ही करोड़ों रुपए इकट्ठा हुए, पूरा गैंग अचानक गायब हो गया। आरोपियों ने मोबाइल बंद कर दिए, सोशल मीडिया अकाउंट डिलीट कर दिए और निवेशकों से संपर्क तोड़ लिया। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगने शुरू किए, तब उन्हें एहसास हुआ कि वे बड़े फ्रॉड का शिकार हो चुके हैं।

- मामले की शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की। जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस को शक है कि यह पूरा नेटवर्क सुनियोजित तरीके से काम कर रहा था और इसमें कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। पूछताछ के लिए लोगों को बुलाया गया, लेकिन आरोपी पक्ष के अधिकांश सदस्य जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।
- क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी हरप्रीत कौर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिया वाधवानी समेत अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जाएगा।
- इधर इस हाईप्रोफाइल ठगी ने शहर में क्रिप्टो निवेश के नाम पर चल रहे कई संदिग्ध नेटवर्कों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर निवेशकों से वसूली गई करोड़ों की रकम कहां खपाई गई। माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने पर कई बड़े नाम भी सामने आ सकते हैं।

## आकांक्षा योजना के हितग्राही छात्रों ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

### इंदौर में कलेक्टर ऑफिस के पास धरने पर बैठे स्टूडेंट्स, कहा- अधिकारी जांच के नाम पर बरगला रहे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आकांक्षा योजना के तहत आदिवासी बच्चों को कोचिंग दे रही एसेंट कोचिंग क्लास का टेंडर तत्काल समाप्त करने, नीट की कोचिंग पूरी कराने सहित अन्य मांगों को लेकर योजना के हितग्राही स्टूडेंट इंदौर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। स्टूडेंट्स कलेक्टर ऑफिस के पास हाथों में तख्तियां लेकर धरने पर बैठे गए।

छात्र नेताओं का कहना है कि आदिवासी एवं गरीब छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी मांगें पूरी होने तक यहां धरना जारी रहेगा। हालांकि इस दौरान प्रशासन के कुछ अधिकारी भी छात्र नेताओं से मिलकर गए हैं।

धरना प्रदर्शन पर स्टूडेंट्स अपने हाथों में पोस्टर लिए हुए हैं। छात्र नेता पवन अहिरवार ने बताया कि ये स्टूडेंट अपनी मांगों को लेकर नहीं आए हैं, ये न्याय मांगने आए हैं। लगातार छह महीने से स्टूडेंट्स आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन इंदौर के प्रशासनिक अधिकारी बच्चों को बुलाकर जांच के नाम पर बरगला रहे हैं। उन्होंने मांगें पूरी करने की बात कही है। हमारी मांगें जब तक पूरी नहीं होती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। छात्रों ने बताया कि आकांक्षा योजना के तहत हमें टेबलेट, मॉड्यूल, कोचिंग, स्टेशनरी आदि मिलना चाहिए। हमें नीट की तैयारी के लिए बुलवाया गया, मगर हमारा 11वीं का सिलेबस छूट गया। कोचिंग क्लास भी पूरी नहीं लग रही है। आकांक्षा योजना के तहत हमें दिसंबर में बुलवाया गया, जबकि गाइडलाइन के हिसाब से सितंबर में बुलवाया जाना था। यहां एक भी स्टूडेंट को टेबलेट तक नहीं मिला है। आकांक्षा योजना में लाभान्वित छात्र-छात्राओं की 24 माह की नीट कोचिंग पूर्ण कराई जाए।

## पैसा कमाने के साथ धर्म करना ज्यादा जरूरी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

तीर्थ स्वरूप दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में तीन दिवसीय प्रवास पर पधारे श्रंमण संस्कृति के महामहिम पट्टाचार्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के कुल गोरव श्रुत संवेगी महाश्रमण आदित्य सागर महाराज ने आज अपनी मंगल देशना तीर्थ स्वरूप दिगंबर जैन आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में प्रवचन देते हुए जीवन के उन्नयन की चर्चा करते हुए सही जीवन जीने की कला सिखाई।


786
ईद मुबारकबाद



युसूफ इमरान
इमरान इन्टर-नेशनल टूर एण्ड ट्रेवल्स
फव्वारा चौक, उज्जैन
मोबा. 98270-45376, 98275-78671
मोबा. 94250-30616, 94250-94096
जी मार्ट फव्वारा चौक उज्जैन (म.प्र.)
मोबा. 95222-02232
मो. सलीम भाई (अण्डे वाले)
लाल मस्जिद चौराहा, उज्जैन,
मोबा. 99265-24305, 88783-34471

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाँय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931 पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809, 9054036759

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

**सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता**
एं.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

**श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा**
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।



पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

**पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा**
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा — मकान बेचना है — Size 12.5x30 — मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा — मकान बेचना है — Size 20x40 — श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

**जय श्री महाकाल**
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन


मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com